CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

लखनऊ, गुरुवार 26 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 112 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल** पेज 2



**अभिषेक और वरुण टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम** खेल टाइम्स



**भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए** सम्पादकीय



**ट्रम्प 100वीं बार बोलेः भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई** पेज 12

### आठवां रोज़ा

## रोशनी की लकीर और नेकी की मिसाल है आठवां रोज़ा

रोजा रोशनी की लकीर और नेकी की नजीर है। रमजान का तो हर रोजा खुशहाली का खजाना और पाकीजगी का पैमाना है। रमजान की बरकतों की तहरीर का ये कारवां माशाअल्लाह आठवें रोजे तक पहुंच गया है। दरअसल, रोजा अल्लाह का अदब भी है और फजल की तलब भी है। सबूत के तौर पर इस बात को कुरआने-पाक की आयत के हवाले से बेहतरीन और आसान तरीके से समझा जा सकता है। कुरआन पाक की सूरह अलहश्र की आयत नंबर 18 में बयान है-और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह को तुम्हारे कामों की खबर है। इस आयत की रोशनी में ये बात नुमाया हो जाती है कि अल्लाह वसीअ है और अजीम और अलीम है। अल्लाह को चूंकि हर बात की खबर है इसलिए बंदे को यह सोचकर कि अल्लाह की नजर उसके हर काम पर है, अल्लाह से डरना चाहिए। अल्लाह से डरना ही अल्लाह का अदब है।

# प्रधानमंत्री मोदी नौ साल बाद इजरायल पहुंचे

- इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर भारतीय पीएम को किया रिसीव
- मोदी और नेतन्याहू ने तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजरायल दौरे पर पहुंचे हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजरायल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे।

मोदी के इस दौरे पर भारत और इजरायल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजरायली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने



पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रु भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। मोदी के स्वागत में यह फ्रंट पेज छापा गया। इसमें लिखा है कि वेलकम मोदी। दो ऐतिहासिक देश एक नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। इजरायल की विशेष दूत फ्लेर हसन-नाहूम ने पीएम मोदी के दौरे को अहम समय पर अहम दौरा बताया है। तेल अवीव में उन्होंने कहा कि हालिया युद्ध के बाद भारत इजरायल का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार बन सकता है। उन्होंने भारत-इजरायल के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर खुशी जताई और कहा कि इससे आर्थिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हसन-नाहूम के मुताबिक अगर भारत और इजरायल साथ आते हैं, तो वे एआई के भविष्य को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं।

## वाप्कोस निविदा घोटाला: 11 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में सीबीआई के छापे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम 'वाप्कोस लिमिटेड' के अधिकारियों से जुड़ी निविदा अनियमितता के संबंध में उत्तर प्रदेश और ओडिशा में छापेमारी की है। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने 20 फरवरी को सात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें वाप्कोस के प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज दुबे और भुवनेश्वर में तैनात दो अन्य अधिकारी भाबद्युति भूटिया और अभिषेक ठाकुर शामिल हैं। यह मामला ओडिशा के रायगढ़ा जिले में इमली प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश के ठेकेदार बबलू सिंह यादव को मिलीभगत से 11 करोड़ रुपये से अधिक का अनुबंध दिए जाने से संबंधित है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि पंकज दुबे भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त था।




# ज्यूडीशियल करप्शन चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर बैन

- सीजेआई सूर्यकांत ने कहा था : न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एनसीईआरटी के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी से इसकी पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार, एनसीईआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है।

सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था। सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि एनसीईआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि दुनिया -शेष पृष्ठ दो पर



### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला हिस्सा हटाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है।

### बंगाल एसआईआर: पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनियर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है।

# योगी के जापान दौरे पर 11 हजार करोड़ के एमओयू हुए साइन

- करार से विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कॉरपोरेशन, मिंडा कॉरपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं।

ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कुबोता कॉरपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि -शेष पृष्ठ दो पर



### संक्षिप्त समाचार

#### अग्निवीरों के लिए सेना व रेलवे के बीच सहयोग पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** चार साल के कार्यकाल के बाद सेना छोड़ने वाले अग्निवीरों तथा सेना से सेवानिवृत होने वाले सैनिकों के लिए अच्छी खबर है। सेना और रेलवे ने अग्निवीरों तथा सेवानिवृत सैनिकों को दोबारा रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए एक 'सहयोग ढांचे' पर सहमति व्यक्त की है। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होने वाला है और इसे देखते हुए सेना तथा रेलवे की यह पहल उन्हें कुछ राहत देने वाली है। सरकार ने अग्निवीरों के लिए दूसरा रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इससे पहले केन्द्रीय पुलिस बलों की भर्ती में भी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में सिपाही की भर्ती में भी 20 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की गई है।

#### इंडिगो फ्लाइट में 200 से ज्यादा यात्री चार घंटे फंसे रहे

**नई दिल्ली।** चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्रियों ने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

## नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म यादव जी की लव स्टोरी अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने विश्व यादव परिषद के चीफ की याचिका खारिज कर दी है। बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है।

## नफरत फैलाने वालों के खिलाफ साहस से खड़ा होना भी देशभक्ति: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए।

श्री गांधी ने दो दिन पूर्व उनसे मिले उत्तराखंड के कोटद्वार के 'मोहम्मद दीपक' के साथ खींचे फोटो को शेयर करते हुए कहा कि सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवासियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं। उनका कहना था कि समाज में जो नफरत फैलाते हैं उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है।



### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा।

# सरकार ने पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म किए ब्लॉक

- अश्लील कंटेंट दिखाने पर हुआ एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म (ओटीटी) को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था। यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीके से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में उल्लू-एएलटीटी समेत 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी एप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था। वहीं उल्लू एप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था।

# भारत बना रहा बेबी ब्रह्मोस, 20 गुना कम कीमत

- भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी, सुरक्षा का नया फॉर्मूला हो रहा तैयार

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने साफ कर दिया है कि भविष्य की जंग अब महीनों और सालों खिंचेगी। इस हकीकत को देख भारत भी तैयारी में जुट गया है।

सेना का फोकस अब केवल महंगी मिसाइलों पर नहीं, बल्कि इनके 'मिनी मॉडल्स' के बड़े भंडार पर है। हाल ही में पिनाका रॉकेट सिस्टम के 'हवाई संस्करण' के परीक्षण को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। दरअसल, ब्रह्मोस जैसी अचूक सटीकता और मारक क्षमता के कारण इसे 'बेबी ब्रह्मोस' भी कहा जा रहा है। हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बदलाव को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर हमारे पास किफायती लेकिन उच्च तकनीक वाले हथियार होंगे, तो हम लंबी जंग (हाई डेंसिटी वॉर) में किसी भी बड़े दुश्मन को पीछे धकेलने में सक्षम होंगे। संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस रणनीति पर सकारात्मक रुख दिखाया है। समिति ने जोर दिया है कि भीषण और लंबे युद्ध की स्थिति में भारत को ऐसे हथियारों की जरूरत है जो बड़े पैमाने पर और कम लागत में देश के भीतर ही बनाए जा सकें। इसी नीति के तहत बजट में आवंटित राशि का एक बड़ा हिस्सा स्वदेशी खरीद के लिए सुरक्षित रखा गया है, ताकि युद्ध के समय विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भर न रहना पड़े। इजरायल- हमास जंग में इजरायल को चंद हजार के रॉकेट गिराने के लिए 50 लाख की मिसाइलें खर्च करनी पड़ीं। यूक्रेन-सूडान में सस्ते ड्रोन्स ने करोड़ों के टैंकों को मलबे में बदल चौंका दिया। वहीं, म्यांमार में विद्रोहियों ने जुगाड़ से बड़े हमलों को नाकाम किया। इनसे सबक मिला कि जंग केवल बड़े हथियारों से नहीं, बल्कि सस्ते, स्वदेशी और हथियारों के बड़े भंडार से जीती जा सकती है। स्वदेशी ताकत के साथ भारत इजरायल से 'आयरन बीम' जैसी लेजर आधारित प्रणाली हासिल करने की ओर बढ़ रहा है।




**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रेकअप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने खुदकुशी मामले की सुनवाई के दौरान बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि केवल ब्रेकअप होने को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत उकसावे की श्रेणी में नहीं आता है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि आज के समय में ब्रे. कअप और दिल टूटने की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन केवल रिश्ता टूटना अपने आप में उकसावे का प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि प्रेम संबंध टूटने को अपने आप में आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध नहीं माना जा सकता। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फिलहाल आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला प्रथम दृष्टया में साबित नहीं होता है।

### कैफे-3 नियम पर ऊर्जा मंत्रालय ने प्रस्ताव पीएमओ को भेजा

**नई दिल्ली।** ऊर्जा मंत्रालय ने कॉर्पोरेट औसत ऊर्जा दक्षता कैफे-3 नियमों पर प्रस्ताव तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेज दिया है। केंद्रीय भारी उद्यम मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बुधवार को यहां उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि सभी हितधारकों से बातचीत के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। कुमारस्वामी ने कहा कि हमने सभी हितधारकों और ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक बैठक की थी। मेरी जानकारी के मुताबिक, हितधारकों के साथ बैठक के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने पीएमओ को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि उन्होंने प्रस्ताव के विवरण के बारे में नहीं बताया। वाहन उद्योग के सूत्रों ने भी इस तरह की बैठक की पुष्टि की, लेकिन कहा कि प्रस्ताव में क्या है इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल

# नेतन्याहू के समक्ष गाजा मुद्दा भी उठाएं पीएम: प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता



■ पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा

कांग्रेस ने कहा है कि गाजा की तबाही के लिए पूरी दुनिया इजरायल की आलोचना कर रही है और इस दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा को नैतिक नहीं कहा जा सकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी की इजरायल यात्रा पर बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी प्रधानमंत्री इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समक्ष भी अपने परंपरागत भारतीय दृष्टिकोण को रखेंगे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री जी इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान संसद को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का जिक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने पूरे इतिहास में सत्य का साथ दिया है, हमें दुनिया को सत्य, शांति और न्याय का प्रकाश दिखाते रहना चाहिए। रमेश ने प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाते हुए लिखा कि भारत का फलस्तीन के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक नजरिया रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने फलस्तीन के साथ भारत ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 20 मई 1960 को गाजा गए थे और वहां संयुक्तराष्ट्र आपातकालीन बल में तैनात भारतीय दल से मिले थे। फिर 29 नवम्बर 1981 को भारत ने फलस्तीन के समर्थन में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था जबकि 18 नवम्बर 1988 को भारत ने औपचारिक रूप से फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी थी।अब जब गाजा में हालात को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता जताई जा रही है, मोदी का इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ निकटता प्रदर्शित करना नैतिक दृष्टि से सवाल खड़े करता है। मोदी आज से दो दिन की यात्रा पर इजरायल रवाना हुए।

### माकपा ने प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का किया विरोध

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा का कड़ा विरोध करते हुए इसे फलस्तीनी मुद्दे के साथ विश्वासघात करार दिया है। माकपा ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इजरायल गाजा में कथित रूप से नरसंहार कर रहा है। संघर्षविराम के बावजूद इजरायली हमले जारी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में फलस्तीनियों की मौत हो रही है। इसके साथ ही कब्जे वाले पश्चिमी तट में फलस्तीनियों पर हमले तेज हुए हैं। माकपा ने कहा कि इस यात्रा के जरिए भाजपा सरकार ने एक बार फिर पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल धुरी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से इस यात्रा पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# बसपा विधायक उमाशंकर के ठिकानों पर आयकर की रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 50 से अधिक अफसर व कर्मचारियों की टीम पहुंची

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के गोमतीनगर स्थित आवास और कार्यालय पर बुधवार सुबह आयकर विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई की।

रसड़ा (बलिया) से विधायक उमाशंकर सिंह बसपा के वर्तमान में एकमात्र विधायक हैं, जिससे यह कार्रवाई राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की 50 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और आवास तथा कार्यालय में दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य संबंधित सामग्रियों की जांच शुरू की। टीम द्वारा सभी आवश्यक कागजातों और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से छापेमारी के कारणों या किसी बरामदगी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। यह कार्रवाई राजनी. तिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उमाशंकर सिंह कैंसर से पीड़ित हैं और उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं। वर्तमान में वे अपने लखनऊ स्थित आवास पर आइसोलेशन में रह रहे हैं।

# यूपी में वक्फ बोर्ड विवाद हाईकोर्ट ने किया खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिया-सुन्नी एकीकरण की मांग पर दाखिल हुई थी याचिका

**लखनऊ।** शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अली जैदी ने अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करते हुए बताया कि जितेंद्र नारायण त्यागी (पूर्व नाम वसीम रिजवी) द्वारा प्रदेश में शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड को एक करने तथा मौजूदा बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर दायर याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने खारिज कर दिया है।

दूसरी ओर इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी उर्फ वसीम रिजवी ने कहा कि पूरे देश में केवल उत्तर प्रदेश और बिहार ऐसे राज्य हैं, जहां शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित हैं, जबकि अन्य राज्यों में एक ही मुस्लिम वक्फ बोर्ड कार्यरत है। उन्होंने अपने पक्ष में दलील देते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम 1995 में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी राज्य में शिया वक्फ की संख्या कुल वक्फ संपत्तियों की संख्या का 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, अथवा कुल वक्फ आय में शिया वक्फ की आय 15 प्रतिशत या उससे अधिक हो, तो राज्य सरकार चाहे तो शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड अलग-अलग गठित कर सकती है। त्यागी का दावा है कि अधिकृत आंकड़ों के अनुसार शिया वक्फ की संख्या मात्र 2 से 2.5 प्रतिशत के बीच है और आय भी 1 से 2 प्रतिशत के आसपास है। ऐसे में दो अलग-अलग बोर्डों का संचालन वक्फ अधिनियम 1995 और उसके बाद हुए संशोधनों की भावना के विपरीत है ।

### भीख मांगना गंभीर सामाजिक समस्या : न्यायमूर्ति सारंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य न्यायमूर्ति डा. बिद्युत रंजन सारंगी ने भीख मांगने की प्रथा को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। न्यायमूर्ति सारंगी ने 'भिक्षावृत्ति पर पुनर्विचार: नीति, व्यवहार और गरिमा के बीच की खाई को पाटना' विषय पर हाइब्रिड मोड में खुली चर्चा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भीख मांगना एक सामाजिक बुराई है और देश में यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल भारत में भी भीख मांगने की समस्या का बने रहना एक गहरी संरचनात्मक और सामाजिक चुनौती को दर्शाता है, जिस पर तत्काल और निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# नेहरू-गांधी परिवार कर रहा समझौते की राजनीति

नई दिल्ली, वार्ता

■ भाजपा ने कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर 'समझौते की राजनीति' करने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए उन्होंने कांग्रेस शासित सरकारों को कम्प्रोमाइज्ड यानी समझौते वाली सरकारें बताते हुए कहा कि पार्टी और गांधी परिवार ने बार-बार राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता किया है। श्री गोयल ने कहा कि बुधवार सुबह भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गांधी परिवार की राजनीति पर सवाल उठाए थे और बताया था कि यह परिवार समझौते की राजनीति करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों ही ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं, जिनसे पता चलता है कि विदेशी प्रभावों के कारण जनहित और राष्ट्रहित प्रभावित हुआ। राहुल गांधी नकारात्मक राजनीति के प्रतीक बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी बार-बार विदेश यात्राएं करते हैं, प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हैं और देश के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले बयान देते हैं। उलद्दाख जैसे संवे. दनशील सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरों और विदेशी व्यक्तियों से संपर्कों को लेकर कांग्रेस को देश के सामने स्पष्टता देनी चाहिए।

### मोदी सरकार पर बरसे योगी के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

■ समधी पर इनकम टैक्स के छापे से नाराज

**लखनऊ।** योगी सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह के घर आयकर के छापे के मामले में अपना विरोध जताया। उमाशंकर सिंह और दिनेश प्रताप सिंह आपस में समधी हैं। बसपा के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के अलग-अलग ठिकानों पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापेमारी की है। उमाशंकर सिंह मायावती के नजदीकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी काफी नजदीकी बताए जाते हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने फिलहाल ब्राह्मणों की राजनीति शुरू की है, जिससे भारतीय जनता पार्टी के माथे पर शिकन है। उमाशंकर सिंह के खिलाफ आयकर छापे को इस मामले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उमाशंकर सिंह विद्यायक रसड़ा जनपद बलिया जिनके घर में मेरी बेटी ब्याही है, के घर में आज आयकर विभाग रेड कर रहा है। देश-प्रदेश के राजनेता आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उमाशंकर सिंह के लिए धनार्जन नहीं सांसे बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा हैं। सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। वे आइसोलेशन में हैं, विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके। इस समय उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82276.07
निफ्टी 25482.50



सोना 160754
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 269367
प्रति किलो



# बढ़त के साथ शेयर बाजार हुए बंद

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही। आईटी, ऑटो, फार्मा और धातु कंपनियों में जोरदार लिवाली के समर्थन से बीएसई का सेंसेक्स 50.15 अंक (0.06 प्रतिशत) ऊपर 82,276.07 अंक पर और निफ्टी-50 सूचक. ांक 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,482.50 अंक पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक टूटे थे। एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंकों, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। अन्य एशियाई बाजारों में रही तेजी से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में भी निवेश धारणा मजबूत रही। सेंसेक्स सुबह 732 अंक की बढ़त बनाता हुआ 82,957 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज में गिरावट के दबाव में बाद में इसकी बढ़त सीमित रह गई। बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर ढाई फीसदी से ज्यादा चढ़े। टीसीएस में दो प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही। इंडिगो, सनफार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। बीईएल, एलएंडटी, पावरग्रिड, टाइटन, हिदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत गिर गया। भारतीय स्टेट बैंक, अडानी पोर्ट्स, इटरनल, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी एक से दो फीसदी नीचे बंद हुए। कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही।

# चांदी 2.69 लाख पर पहुंची सोना भी 1.61 लाख के पार

**नई दिल्ली।** बुधवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में अचानक बड़ी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर आज सुबह 2 अप्रैल की एक्सपायरी वाला सोना 785.00 की बढ़त के साथ 1,60,754.00 पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 6,455 रुपए बढ़कर 2,69,367 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसकी कीमत 2,62,912 रुपए किलो थी। इसके साथ ही दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में 22कैरेट और 24 कैरेट सोने के भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। सोने में ये लगातार तीसरे कारोबारी दिन बढ़त है। तीन दिनों में ये 5,000 बढ़ चुका है।

इस साल सोना 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हुई। सोना 2026 में अब तक 27,000 रुपए और चांदी 39,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। दुनिया के केंद्रीय बैंक लगातार बहुत ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। वे डॉलर पर कम निर्भर होना चाहते हैं, इसलिए सोने को रिजर्व में डाल रहे हैं। अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। जियो पॉलिटिकल टेंशन (मिडिल ईस्ट, ईरान-अमेरिका, अन्य वैश्विक विवाद) बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में लोग सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी को अपना रहे हैं।

# चावल, चीनी, गेहूं के भाव टूटे खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपये गिरकर 3,841 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव पांच रुपये घटकर 2,844 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहा। दाल-दलहनों में तेजी रही। चना दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 21 रुपये और तुअर दाल 17 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये की गिरावट देखी गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा एक रिगिट टूटकर 4,052 रिगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.51 प्रतिशत की गिरावट में 60.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 27 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में टिकाव रहा। वहीं, सूरजमुखी तेल 26 रुपये और पाम ऑयल 16 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। चीनी भी छह रुपये सस्ती हुई। दाल चना 7756.54 रुपये, मसूर काली 8086.78 रुपये, मूंग दाल 10119.22 रुपये, उड़द दाल 10709.71 रुपये, तुअर दाल 11146.04 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.10 रुपये और चावल 3841.39 रुपये प्रति क्विंटल और आटा गेहूं 3306.93 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4291.77 रुपये और गुड़ 4959.97 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। सरसों तेल 17660.20 रुपये, मूंगफली तेल 18322.24 रुपये, सूरजमुखी तेल 16521.92 रुपये, सोया तेल 14102.51 रुपये, पाम ऑयल 12729.72 रुपये और वनस्पति 14508.57 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

ज्यूडीशियल करप्शन...

में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है।मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। एनसीईआरटी चेयरमैन दिनेश प्रसाद सकलानी का इस मुद्दे पर कोई जवाब नहीं आया है। काउंसिल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि मामला अब कोर्ट में विच. ाराधीन है। इसलिए वे इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोंलेंगे। इस बीच सरकारी सूत्रों ने कहा कि भले ही एनसीईआरटी एक ऑटोनामस संस्था है, लेकिन चैप्टर जोड़ने से पहले अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए था।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि अगर भ्रष्टाचार का मुद्दा शामिल करना था, तो उसमें शासन के तीनों अंगों- कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को भी जोड़ा जाना चाहिए था। सरकारी सूत्रों ने कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित आंकड़े संसदीय अभिलेखों और नेशनल ज्यूडीशियल डेटा ग्रिड में मौजूद हैं, लेकिन फैक्ट्स के क्रॉस वेरिफिकेशन के लिए केंद्र से परामर्श नहीं लिया गया। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी- इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडीशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्ट के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल का मतलब है- इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है।

योगी के...

और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्काट्र्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है। मिंडा कॉरपोरेशन, जो स्पार्क मिंडा समूह का हिस्सा है, ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में अग्रणी भारतीय कंपनी है। यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधिकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है, जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं। कंपनी भारत में अपनी विनिर्माण इकाई के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों को आपूर्ति कर रही है। इसके अतिरिक्त ओ एंड ओ ने हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को लेकर समझौता किया। पहले दिन हुए इन समझौतों को भारत और जापान के बीच औद्योगिक सहयोग को नई गति देने वाला कदम माना जा रहा है।

### युकां का प्रदर्शन राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के खिलाफ: नागरिक मंच

**नई दिल्ली।** देश के प्रबुद्ध नागरिकों ने यहां भारत मंडपम में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्ट हटाकर' प्रदर्शन करने पर चिंता व्यक्त की है और इस घटना को राष्ट्रीय गरिमा के विरुद्ध और वैश्विक मंच पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है। प्रबुद्ध नागरिकों के इस समूह ने बयान में समन्वयक के रूप में न्यायमूर्ति एस एन धींगरा (पूर्व न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय) और बीएल वोहरा, आईपीएस (पूर्व डीजीपी, त्रिपुरा एवं डीजी, एसएसबी) के नाम दिए हैं। इन्होंने युकां के प्रदर्शन को गलत बताया और कहा जब विश्व के प्रमुख टेक्नोलॉजी लीडर, वैश्विक सीईओ और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत की प्रगति को देखने के लिए उपस्थित थे, उस समय इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नुकसान पहुंचाने वाला है। इसे एक उच्चस्तरीय कूटनीतिक और तकनीकी मंच का अनुचित उपयोग बताते हुए कहा गया है कि इस तरह की राजनीति राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से अधिक व्यक्तिगत प्रचार को प्राथमिकता देती है।ष प्रबुद्ध वरिष्ठ नागरिकों का आरोप है कि यह विरोध स्वतघ्स्फूर्त न होकर पूर्व नियोजित था। इसमें बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने वैध प्रतिभागी के रूप में क्यूआर कोड के जरिए अत्यंत सुरक्षित अंतर्राष्ट्रीय बैठक स्थल में प्रवेश किया और बाद में कपड़े उतारकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

# पांच चालान कटे, तो लाइसेंस होगा रद्द

■ ट्रैफिक नियम तोड़ना पड़ेगा बहुत भारी

■ रद्द करने से पहले भेजा जाएगा नोटिस

**नई दिल्ली।** देश की सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं और ड्राइवरों के बेपरवाह रवैये को सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और बेहद सख्त कदम उठाया है। सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम 2026 लागू कर दिया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। अब आपका ड्राइविंग लाइसेंस केवल किसी बड़े हादसे के बाद ही नहीं, बल्कि छोटी-छोटी गलतियों को बार-बार दोहराने पर भी रद्द कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार नए नियमों का सबसे बड़ा प्रहार ड्राइवरों के व्यवहार पर है। अब तक नियम केवल जुर्माना भरने तक सीमित थे, लेकिन अब सरकार ने इसे बिहेवियरल कंट्रोल (व्यवहार नियंत्रण) से जोड़ दिया है। नए कानून के मुताबिक यदि कोई ड्राइवर एक साल के भीतर 5 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो परिवहन विभाग के पास उसका लाइसेंस निलंबित या हमेशा के लिए रद्द करने का पूरा अधिकार होगा। सरकार ने कुल 24 प्रकार के ट्रैफिक अपराधों की पहचान की है, जिन्हें अब बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। खास बात यह है कि अब छोटी गलती या बड़ी गलती के बीच का फर्क खत्म कर दिया गया है। ये गलतियां तय सीमा से अधिक रफ्तार में गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट या हेलमेट न पहनना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, ट्रैफिक सिग्नल (लाल बत्ती) का उल्लंघन करना, गलत दिशा में गाड़ी चलाना और बिना वैध दस्तावेजों (बीमा या प्रदूषण प्रमाण पत्र) के सड़क पर निकलना चालान का आधार बनेंगी। अब सड़कों पर पुलिस हो या न हो, आपकी हर गलती पकड़ी जाएगी। हाई-टेक एनएनपीआर कैमरे, सीसीटीवी और ई-चालान सिस्टम के जरिए सारा डेटा सीधे वाहन और सारथी पोर्टल पर जमा होगा। जैसे ही किसी ड्राइवर की पांचवीं गलती दर्ज होगी, संबंधित आरटीओ को ऑटोमैटिक अलर्ट मिल जाएगा। लाइसेंस रद्द करने से पहले ड्राइवर को एक कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा, जिसमें उसे अपनी सफाई देने का मौका मिलेगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो लाइसेंस हमेशा के लिए जा सकता है।

# सीएम ने भारत-जापान आर्थिक सहयोग को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए जताई अपनी प्रतिबद्धता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टोक्यो/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को भविष्य की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के पहले दिन राजधानी टोक्यो पहुंचने के बाद जापान की अग्रणी वैश्विक ट्रेडिंग एवं निवेश कंपनी मित्सुई एंड कंपनी लि. (डपजेनप - ब्व. स्जक.) के मैनेजिंग ऑफिसर व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बिजनेस यूनिट) काजुकी शिमिजु से मुलाकात कर यूपी में परिवर्तनकारी निवेश अवसरों को तलाशने का औपचारिक आमंत्रण दिया।



चार उभरते सेक्टर पर रणनी. तिक फोकस मुख्यमंत्री ने मित्सुई एंड कंपनी की शीर्ष प्रबंधन टीम के साथ बैठक के दौरान विशेष रूप से चार प्रमुख क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा के तहत सोलर, बायो-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं शामिल हैं। वहीं आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के तहत आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल सर्विसेज और स्टार्टअप इकोसिस्टम में निवेश पर चर्चा हुई। तीसरा सेक्टर सेमीकंडक्टर का रहा, जिसमें चिप निर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन के विस्तार पर विमर्श किया गया।

चौथा सेक्टर डेटा सेंटर रहा, जिसमें हाइपर-स्केल डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल कनेक्टिविटी हब जैसे क्षेत्रों में निवेश को लेकर गहन चर्चा की गई।

'भारत-जापान औद्योगिक संबंधों को नई गति' मुख्यमंत्री ने मित्सुई प्रबंधन को दीर्घकालिक साझेदारी के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भारत-जापान आर्थिक सहयोग को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के साथ-साथ उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, डेडिकेटेड फेट कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर्स के कारण निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

# स्थानांतरित शिक्षकों का वेतन होली से पूर्व भुगतान करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदा. धिकारियों को अनेक शिक्षकों द्वारा संज्ञानित कराया गया था कि वित्त एवं लेखाधिकारी ने मौखिक रूप से कहा है कि फरवरी माह का वेतन उन्ही विद्यालयों का पारित किया जाएगा जिन विद्यालयों ने आडिट द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निस्तारण करा लिया है।

इसको लेकर जिला संगठन के पदाधिकारी चिंतित हुए और आपस में दूरभाष के माध्यम से विचार विमर्श किया गया। प्रमुख रूप से संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र, प्रदेशीय मंत्री डा. आर.के. त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष आर.पी. सिंह,आय व्यय निरीक्षक आलोक पाठक ने आपस में विचार विमर्श कर जिला संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र को अधिख्रत किया गया कि आप जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ से वार्ता करें और सुनिश्चित करें कि ऑडिट संबंधी आपत्ति को वर्तमान में अलग रखते हुए फरवरी माह का वेतन एवं दूसरे जनपदों से स्थानांतरित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के वेतन का भुगतान होली से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि यदि वेतन भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित नहीं होती है तो जिला संगठन विरोध प्रदर्शन करेगा। उपरोक्त के क्रम जिला संरक्षक डा. आर.पी. मिश्र ने बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए आज दिनांक 24 फरवरी को प्रात: 4:30 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को व्हाट्सएप में जनपदों से स्थानांतरित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का वेतन तथा आडिट आपत्तियों को वर्तमान में दरकिनार करते हुए फरवरी मास का सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं का वेतन भुगतान होली से पूर्व सुनिश्चित कराए जाने का सन्देश दिया तथा सन्देश में यह भी लिखा कि प्रथम पाली की परीक्षा के बाद वार्ता करेंगे।उसी क्रम में जिला संरक्षक डा. आर.पी मिश्र ने लगभग 12रू00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश कुमार से दूरभाष पर वार्ता की।

# सुहैल हैदर अल्वी व मनीष वर्मा की व्यापार मंडल में वापसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक व्यापार भवन, लाटूश रोड, लखनऊ में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सुहैल हैदर अल्वी एवं मनीष वर्मा ने घर वापसी करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि हलखनऊ व्यापार मंडल मेरा परिवार है और मैं लखनऊ व्यापार मंडल में ही रहूंगा। उनके इस निर्णय का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया।

यह भी कहा कि हलखनऊ व्यापार मंडल मेरा परिवार है। कुछ परिस्थितियों के कारण दूरी बनी थी, लेकिन आज मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ पुन: संगठन में कार्य करने का संकल्प लेता हूं। मेरा उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाना है। मैं हमेशा लखनऊ व्यापार मंडल के साथ था, हूं और आगे भी रहूंगा। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र कुमार अग्रवाल, अशोकअमरनाथ मिश्र, देवेंद्र गुप्ता, उमेश शर्मा, जितेंद्र सिंह चौहान सतीश अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता (युवा



अध्यक्ष), मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा संगठन की एकजुटता एवं व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' पर मचा घमासान

## फिल्म के रिलीज पर रोक नहीं लगी, तो होगा बड़ा आंदोलन: सुजीत यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** फिल्म हयादव जी की लव स्टोरी की प्रस्तावित रिलीज को लेकर जनपद में सियासी और सामाजिक पारा चढ़ गया है। अखिल भारतीय यादव महासभा के गाजीपुर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव (साइकिल) ने सरकार और प्रशासन से फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए साफ कहा है कि समाज के सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष सुजीत यादव पीडीए समाज के लोगों के बीच पहुंचकर समर्थन जुटा रहे हैं। उन्होंने मीडिया, सोशल मीडिया और प्रशासन को भेजे गए पत्र के माध्यम से चेतावनी दी कि यदि फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो उनके नेतृत्व में व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। महासभा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष



रामज्ञान सिंह यादव ने भी प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध नहीं लगा तो यादव समाज सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नेताओं ने कहा कि यादव समाज का देश के सामाजिक, राजनीतिक और सैन्य क्षेत्र में गौरवपूर्ण योगदान रहा है,

ऐसे में किसी भी माध्यम से समाज की छवि को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत करना अस्वीकार्य है। रणनीति बनाने में जुटा समाज सूत्रों के अनुसार समाज के वरिष्ठजनों के साथ लगातार बैठकें कर आगे की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और जनआंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी निगाहें फिलहाल पूरे मामले में प्रशासन के रुख का इंतजार है, लेकिन जिस तरह विरोध तेज हो रहा है उससे आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गरमाने के आसार हैं। रोक नही लगी तो 27 फरवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे जिला. धिकारी द्वारा ज्ञापन राष्ट्रपति को सौपा जायगा।

# मस्जिद कोहना पीर बाबा इंदिरा नगर में पहले दौर की तरावीह मुकम्मल



**लखनऊ।** मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की जेरे में निगरानी में मस्जिद कोहना पीर बाबा इंदिरा नगर लखनऊ में आज तरावीह का पहला दौर मुकम्मल किया गया जिसमें बड़ी तादाद में नमाजियों ने हिस्सा लिया। मस्जिद के सदर जनाब रियाज अहमद एवं जनरल सेक्रेटरी जनाब मुर्तजा अली ने सहयोग के लिए प्रशासन के साथ-साथ नमाजियों का बेहद शुक्रिया अदा करते हुए इमाम साहब को नजराने के रूप में नगद एवं तोहफा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के सदर जनाब अहमद राजा नायक सदर मोहम्मद साबिर खान एवं जनरल सेक्रेटरी मुस्तकीम अहमद सिद्दीकी भी उपस्थित रहे।

# रेलवे कुलियों का 2008 के पैटर्न पर समायोजन सुनिश्चित करे केंद्र सरकार: जॉय बनर्जी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देशभर के रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत हजारों कुलियों के भविष्य, सामाजिक सुरक्षा एवं स्थायी समायोजन को लेकर आज लखनऊ में राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी एवं राष्ट्रीय कुली मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जॉय बनर्जी एवं राष्ट्रीय कुली मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक राम सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्ष 2008 के पैटर्न पर देशभर के रेलवे कुलियों का समायोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा



कि रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक तकनीक, एस्केलेटर, लिफ्ट एवं ट्रॉली सेवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण कुलियों की आजीविका पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसी परिस्थिति में सरकार का दायित्व है कि मेहनतकश कुलियों को रेलवे में समायोजन कर सामाजिक सुरक्षा, पेंशन एवं स्थायित्व प्रदान करे। बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय महा सचिव जॉय बनर्जी जी ने कहा कि देशभर के कुली वर्षों से रेलवे की सेवा कर रहे हैं, किंतु आज वे असुरक्षा और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। जॉय बनर्जी ने घोषणा की कि कुलियों की मांगों को संसद में प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा जी के माध्यम से केंद्र सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। संयुक्त बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) सुमिता बनर्जी भी मौजूद रहीं।

# आज सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** सदगुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरुकुलम तत्वाधान में कल 26 फरवरी को सद्गुरू कबीर जागू आश्रम, दसौली बसहा, निकट इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, कुर्सी रोड पर 51 बटुकों को द्वितीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की जानकारी देते हुये आयोजक ऋषि त्रिवेदी ने बताया कि इस समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य सीतापुर पवन सिंह चौहान, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद , विधान परिषद सदस्य लखनऊ प्रधान रामचंद्र सहित कई प्रमुख समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। गुरूकुलम के प्रबन्धक प्रधानाचार्य शिवपूजन दीक्षित ने बताया कि इस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# भय का वातावरण बना कर निजीकरण की प्रक्रिया बढ़ाने को किया जा रहा है निलंबन व ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि 26 फरवरी को संघर्ष समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है।

इस बैठक में बिजली कर्मियों के आवासों पर जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने तथा आंदोलन में सक्रिय कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा कर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मियों के आवासों पर



स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे राजधानी लखनऊ सहित कुछ चुनिंदा शहरों को फ्रेंचाइजी मॉडल पर देने की योजना है और निजी क्षेत्र के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। संघर्ष समिति ने कहा कि इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999, ट्रांसफर स्कीम 2000, इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 तथा पूर्व में हुए सभी समझौतों का खुला उल्लंघन करते हुए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिन शहरों को फेंचाइजी मॉडल पर देने की तैयारी है, वहां पहले ही वर्टिकल व्यवस्था लागू कर हजारों संविदा कर्मियों को हटाया जा चुका है तथा नियमित कर्मचारियों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण किया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा निगमों में भय का वातावरण बनाने के लिए मनमाने ढंग से कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और इंजीनियरों का निल. 'बन किया जा रहा है और उन्हें दूर दराज के स्थान पर ट्रांसफर किया जा रहा है। राजधानी लखनऊ में लेसा में कल बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों के निलंबन और ट्रांसफर का उद्देश्य केवल भय का वातावरण बनाना है। संघर्ष समिति के अनुसार, पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में विगत 455 दिनों से चल रहे आंदोलन के दौरान लगभग 25,000 संविदा कर्मियों को सेवा से हटाया जा चुका है तथा आंदोलन में सक्रिय कर्मचारियों, जूनियर इंजी. नियरों और अभियंताओं पर दमनात्मक कार्यवाहियां की गई हैं। संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि 26 फरवरी की बैठक में इन सभी मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक विचार-विमर्श कर आंदोलन की आगामी रणनीति का सम्यक एवं ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# पहली चुटकी, पहला फूंक और पहले घूंट से दूर रहें बच्चे: नागेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर 'संवाद-बढ़ता नशा-भटकता युवा' विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने भावी इंजी. नियर्स से सारगर्भित संवाद किया। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय (नवीन परिसर) कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने लविवि के युवा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह जीवन अनमोल है।

आपको सिर्फ अपना या अपने परिवार का ही कल्याण नहीं करना है, बल्कि आपको लोक कल्याण भी करना है। इंजीनियर होने के नाते आप पर समाज की जिम्मेदारी अधिक है। इसलिए आपका जीवन नशामुक्त होना चाहिए। विगत कई वर्षों से नशे के विरुद्ध युद्ध कर रहे नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने लविवि में इंजीनियरिंग पढ़ रहे युवाओं से कहा कि आप सब लोग खुद नशे से दूर रहें। साथ ही, अपने आसपास के लोगों को नशामुक्त रखने में योगदान करिए। श्री चौहान ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे गुटखा खैनी की पहली चुटकी, बीयर शराब के पहले घूंट और बीड़ी सिगरेट के पहली फूंक से ता. जंदगी दूर रहें। क्योंकि, नशे की पहली सीढ़ी यही है। मुख्य वक्ता नागेन्द्र की कई प्रेरणादायी बातों ने विद्यार्थियों के मन में नया जोश भर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए वास्तविक जीवन के उदाहरणों ने




सभी को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुभव कराया कि नशा केवल एक व्यक्तिगत कमजा. 'री नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती है। इसका समाधान सामूहिक जागरूकता और दृढ़ संकल्प से ही संभव है। संवाद सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता की। युवाओं ने विषय से संबंधित अनेकानेक प्रश्न प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता चौहान ने सभी की जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक गुप्ता एवं इकाईख्2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खुशबू वर्मा ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका अदा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरणादायक गीत गाकर एकता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को आत्मसात किया।

# 10 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती दंगल शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांगरमऊ ( उन्नाव )।** नशा मुक्त खेल अभियान के अंतर्गत नगर के शांति मिल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती दंगल में भारत , नेपाल व भूटान देशों के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपनी कुश्ती कला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। गत 18 से 28 फरवरी तक चलने वाले दंगल मे आज नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन इजहार खान गुड्डू ने पहलवानों का परिचय प्राप्त कर।

श्री खान ने बब्बर अली पहलवान अजमेर तथा तूफान पहलवान झांसी को अखाड़े में



उतारा। दोनों पहलवानों ने दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। मुकाबले के अंतिम क्षण तक दोनो संघर्षपूर्ण रहे । जिससे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा। कुश्ती के पूर्व पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री खान पहलवानों को प्रोत्साहन राशि देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर रवि नादान व लालेश अस्थाना आदि सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस दंगल का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेलों के प्रति प्रेरित करना है। विजेता एवं उपविजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार, शील्ड एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, पहलवानों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया। मालूम हो कि यह दंगल 28 फरवरी तक चलेगा।

# मितौली में शर्मनाक हालात: स्कूल की दीवार से सटा कूड़े का अंबार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** जिले के विकासखंड मितौली की ग्राम पंचायत खानपुर ग्रंट में शिक्षा और स्वच्छता व्यवस्था की गंभीर लाप. रवाही सामने आई है। यहां एक सरकारी स्कूल की बाउंड्री वाल से सटाकर गांव का कूड़ा डाला जा रहा है। हालात यह हैं कि जहां बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, वहां सड़ते कचरे की बदबू और संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत की अधिकांश गंदगी स्कूल की दीवार के पास ही इकठा की जाती है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध, पनपते मच्छर और बैक्टीरिया बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने डग्गामार बसों पर कसा शिकंजा

## तीन का चालान व एक बस सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अवैध रूप से संचा. लित हो रहे डग्गामार वाहनों के विरुद्ध सैदनगली पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। थानाध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए चें. कंग अभियान के दौरान पुलिस ने संभल–हसनपुर मार्ग पर अवैध रूप से दौड़ रही एक बस को सीज कर दिया, जबकि तीन अन्य बसों के चालान काटे गए।

थानाध्यक्ष विकास चौधरी ने बताया कि काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं कि डग्गामार बसें न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के राजस्व को भी भारी चपत लगा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस टीम ने डग्गामार वाहनों की धर–पकड़ की। इस कार्रवाई से डग्गामार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है बताया जा रहा है कि अवैध बसों के संचालित होने की शिकायत की गई है कार्रवाई के दौरान अवैध बसों की एंट्री लेने वाले लोगों में हड़कंप मच गया । अवैध रूप से चल रही बसों से अवैध रूप से महीने की लाखों रुपए की उगाई की जारी है जिस पर अंकुश लगना जरूरी है पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# ऋण दिलाने के नाम कूटरचित दस्तावेज बनाकर मकान कब्जाया

## चेक भी हुआ बाउंस, एसपी के आदेश पर पिता व दो पुत्रों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विधवा ने एक व्यक्ति और उसके दो पुत्रों के विरूद्ध ऋण दिलाने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज बनाने और फिर मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। स्थानीय कोतवाली में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वर्तमान में मुरादाबाद के मानसरा. `वर कॉलोनी निवासी स्व.जयपाल की पत्नी ज्योति का कहना है कि वह झाड़ू पोंछा करके परिवार का गुजारा करती है। नगर के मुहल्ला आंबेडकरनगर में उसका एक मकान था। वर्ष 2023 में उसके पति जीवित मगर बीमार थे, जिनके उपचार के लिए पैसों की जरूरत थी तो उनके जानकार मुहल्ला आंबेडकरनगर निवासी हरिश्चचंद्र ने कहा कि वह उनके मकान पर ऋण करा देगा। 20.02.2023 को ज्योति अपने पति जयपाल के साथ तहसील धनौरा चली गई, जहां पर हरिश. चंद्र ने कूटरचित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए और कहा कि ऋण का छह लाख का ड्राफ्ट जल्द ही मिल जाएगा। इसके बाद वह पति को साथ लेकर मुरादाबाद आ गई। आरोप है कि एक दिन उसके मकान पर हरिश्चंद्र, उसके पुत्र अंकित व संजीव ने मकान पर कब्जा कर लिया और ज्योति के पुत्र हिमांशु को भगा दिया। ज्योति वर्ष 2024 में यहां आई और आरोपित से कब्जा खाली करने का कहा तो उसने छह लाख रूपये का चेक दिया जो कि बाउंस हो गया। इसके बाद पैसों के अभाव में उचित उपचार न होने पर ज्योति के पति की मौत हो गई। ज्योति ने 01.02.2025 को पुत्री कनक के साथ आरोपित के घर जाकर तकादा किया तो उसने पैसे देने से मना कर दिया और मां बेटी के साथ मारपीट की। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की, जिसके बाद उसने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। बुधवार को थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपित हरिश्चंद्र व उसके पुत्रों अंकित और संजीव के विरूद्ध संबधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शस्त्र रखने में तीन लोगों को दो–दो साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अवैध शस्त्र रखने के मामले में कोर्ट ने तीन लोगों को दो–दो साल जेल सजा सुनाई है। दोषियों पर तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मामला सैदनगली थाने से जुड़ा है। 17 अप्रैल 2016 को तत्कालीन एसओ मुस्तकीम अली ने संभल जिले के गांव बेलादुवाबर के रहने वाले अमरीश और सैदनगली के चकूनी गुर्जर गांव के रहने वाले गुड्डू और रामवीर के खिलाफ अवैध शस्त्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी,बाद में तीनों को।जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई एडीजे कोर्ट में विचाराधीन थी। मंगलवार को कोर्ट ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार गुड्डू, रामवीर और अमरीश को दोषी करार दिया। तीनों को दो–दो साल जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# शिक्षक आज निकालेंगे पैदल मार्च

## बीएसए दफ्तर पर करेंगे धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। शिक्षक संगठनों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन का बिगुल बजा रखा है। बुधवार को भी शिक्षकों ने बाजू पर काली पट्टी बांध शिक्षण कार्य किया। कल (आज) बीएसए कार्यालय पर धरना देकर शिक्षक अपनी आवाज बुलंद करेंगे जबकि पैदल मार्च निकाल प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट मे डीएम को सौंपा जाएगा।।

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन जारी है। बुधवार को बाजू पर काली पट्टी बांध स्कूलों में शिक्षण कार्य किया गया। प्रांतीय आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ, एससी/एसटी वेलफेयर एसोसिएशन ने 22 फरवरी से आंदोलन का बिगुल बजा रखा है। पहले दिन ट्विटर पर हैश टैग अभियान जस्टिस फॉर टीचर चलाकर आवाज बुलंद की जबकि तीन दिन से सभी शिक्षक बाजू पर काली पट्टी बांध बच्चों को पढ़ाने के फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर आंदोलन को धार दे रहे है। कल (आज) सभी शिक्षक बीएसए दफ्तर पर इक्ट्ठा होकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा इसके बाद पैदल मार्च निकाल कलेक्ट्रेट मे प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

# यादव जी की लव स्टोरी पर रोक लगाई जाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के प्रचार प्रसार पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंप दिया। उन्होंने कहा कि फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को प्रदर्शित ीवदम से संपूर्ण जनपद और समाज में असंतोष फैला हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत नाम का दुरुपयोग फिल्म के शीर्षक में यादव शब्द का प्रयोग कर व्यावसायिक लाभ और सनसनी

### भाकियू बीआर अम्बेडकर ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



फैलाने का उद्देश्य से किया गया है। समाज की गरिमा को कम करने का प्रयास है। उन्होंने कहा की फिल्म के पिक्चर और ट्रेलर से स्पष्ट हो रहा है कि इसमें यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। जिससे नई पीढ़ी के बीच इस वर्ग की छवि धूमिल हो सकती है। इस संवैधानिक मर्यादा के उल्लंघन का किसी भी फिल्म को अभी व्यक्ति की स्वतंत्रता को किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करने या सामाजिक समरसता को चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने फिल्म के प्रदर्शन और उसके प्रचार प्रसार पोस्टर होल्डिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाये जाने की मांग की है। इस अवसर पर अशोक पहलवान, सोनू गुर्जर, रोी. हत यादव, महेंद्र यादव, महेश यादव, रामावतार यादव, पप्पू यादव, धर्मपाल यादव, सेवाराम यादव, सतपाल यादव, विजय यादव, मनवीर यादव, कोमल यादव, राहुल यादव आदि मौजूद थे

# आशाओं को सरकारी कर्मी का दर्जा मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर महंगाई भत्ते के साथ लागू करने व आशाओं को सरकारी कर्मचारी घोषित कर मानदेय दिए जाने की मांग को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा गया। बुधवार को भारतीय मजदूर संघ व आशा संगनी कर्मचारी संगठन ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। उनकी मांग है कि सेक्टर व सभी श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के एक साथ लागू किया जाए और ईपीएस–95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 7500 प्रतिमाह महंगाई भत्ते के साथ लागू की जाए। जबकि आशा कर्मचारियों को सरकारी घोषित कर उन्हें वेतन दिया जाए। एनएचएम के संविदा कर्मियों की बीमा, स्थानांतरण वेतन विसंगतियों का समाधान किया जाए। आशा व आशा संगनी को ईएसआई व ईपीएफ के दायरे में शामिल किया जाए और उन्हें राज्य कर्मचारी का

### कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



दर्जा मिले। आयु सीमा प्रतिबंध तत्काल हटाया जाए और सभी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति का लाभ मिले। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, उर्मिला देवी, निर्दोष संतोष, सतवीरी देवी, शांति देवी, फिरदौस, मिथलेश, सीता आर्य, सुनीता, रीता, सुमन, रजनी शामिल रहीं।

# बसपा से चुनाव लड़ने की तैयारी में खनन माफिया

## पैसे के दम पर विधायक बनने के देख रहा सपने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। अभी विधानसभा चुनाव में एक वर्ष का समय है परन्तु राजनीतिक दलों व नेताओं ने चुनाव लड़ने का ताना बाना बुनना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि एक खनन माफिया बसपा के टिकिट पर हसनपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है।

वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रत्याशियों के चयन का काम शुरू हो गया है। वहीं दावेदार भी अपने अपने हिसाब से गोटियां बैठाने में लगे हैं। जिले के एक बड़े खनन माफिया का नाम इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा में है। 2007 से बसपा सरकार से लेकर 2017 तक सपा सरकार में इस खनन माफिया ने सैकड़ो करोड़ रूपये की सम्पत्ति अर्जित की तथा पैसे की ताकत ने उसे इतना घमंडी बना दिया है कि वह हर किसी को गिनती में नहीं लाता। बसपा व सपा नेताओं की जेबे भी नोटों से खूब भरीं। खनन माफिया के साथ साथ इस परिवार का राजनीतिक रसूख भी है। सपा सरकार में इस परिवार के पास तीन–तीन पद रहे। ग्राम प्रधान, ब्लाक प्रमुख से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक, पर इस परिवार का कब्जा रहा। खनन माफिया की नजर इन दिनों हसनपुर विधानसभा पर टिकी है। चर्चा है कि बसपा से वह चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। पार्टी के एक नेता के माध्यम से खनन माफिया की कई पार्टी सुप्रिमो से मुलाकात हो गयी है। जानकार बताते हैं कि पार्टी सुप्रिमो ने उसे चुनाव लड़ने के लिए हरी झंडी दे दी है। हसनपुर विधानसभा में एक लाख दस हजार मुस्लिम मतदाता के अलावा 65 हजार दलित मतदाता हैं जिनके सहारे खनन माफिया विधायक बनने के सपने देख रहा है। परन्तु खनन माफिया के बसपा से चुनाव लड़ने की चर्चाओं से उसके विरोधी भी सक्रिय हो गये हैं तथा खनन माफिया की राजनीतिक घेराबंदी करने में लगे हैं।

# गजरौला व धनौरा के मंडलाध्यक्षों का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारतीय जनता पार्टी के गजरौला मण्डल के नवमनोनीत मंडलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पाल एवं मण्डी धनौरा के मंडलाध्यक्ष सोमप्रकाश ने एमडीए स्थित जनसहयोग कार्यालय पर विधायक राजीव तरारा से शिष्टाचारिक भेंट की। बता दें कि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने बुधवार को गजरौला व मण्डी धनौरा के मंडलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की थी। गजरौला की जिम्मेदारी सत्यपाल सिंह पाल को जबकि मण्डी धनौरा का दायित्व सोमप्रकाश को मिला है। बुधवार को दोनों ने विधायक राजीव तरारा से शिष्टाचारिक भेंट की। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों मंडलाध्यक्ष अपने नेतृत्व कौशल, संगठनात्मक क्षमता एवं समर्पण भाव

**■ नवमनोनीत मंडलाध्यक्षों ने की विधायक से भेंट**



से पार्टी की नीतियों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त करेंगे। विधायक ने कहा कि मण्डल स्तर पर संगठन की मजबूती ही पार्टी की वास्तविक शक्ति है। कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और जनता के विश्वास के बल पर 2027 में पुन: प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष शेरपुर कपिल भड़ाना, बछरायूं रोहित आर्य, राजेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र चौधरी उर्फ लालू, सुरेंद्र सिंह, विचित्र भाटी, पवन चौधरी, विनोद कुमार, ,सतवीर सिंह, सूरज पाल, सुशील सिद्धू, निहार त्यागी, गौरव सागर, उत्तम प्रजापति, महकपाल सिंह, मंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# आर्य समाज की यज्ञशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर के आर्य समाज मंदिर में बुधवार को नवनिर्मित यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और आर्य समाज के पदाधिकारियों के साथ विधिवत पूजा–अर्चना कर यज्ञशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आरंभ नवनिर्मित यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ और आहुतियों से हुआ। इसके पश्चात आर्य समाज की महिलाओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी का फूल–मालाओं और पटका पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक खड़कवंशी ने कहा कि आर्य समाज सदैव ही सामा. जिक उत्थान और कुरीतियों के उन्मूलन



में अग्रणी रहा है। उन्होंने यज्ञशाला के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि ष्आर्य समाज जब भी मुझे पुकारेगा, मैं सामाजिक कार्यों के लिए तन–मन–धन से पूर्ण योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहूँगा।ष्नन्हे सिंह आर्य के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुरादाबाद, अमरोहा और गजरौला से आर्य समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में सह–भोज का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर इंद्रपाल बजाज, दिनेश अग्रवाल, डॉ. शिव चरन दास अग्रवाल, रमेश चंद गोयल, अंकित गुप्ता,पुनीत अग्रवाल, संजय शर्मा, सनातन जागरण मंच के संयोजक दिनेश अग्रवाल श्जय भोले वालेश, सत्यवती सक्सेना, मुकेश गुप्ता और भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे

# साहब! मैं जिंदा हूं आपके सामने खड़ा हूं...

## जीवित व्यक्ति को राजस्व अभिलेखों में दिखाया मृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र में सरक. ारी तंत्र की एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। जहाँ एक जीवित व्यक्ति को राजस्व अभिलेखों में मृत घोषित कर उसकी संपत्ति अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दी गई। मामला हसनपुर तहसील के ग्राम पहाड़पुर बक्काल का है।

बुधवार को पीड़ित बुजुर्ग खचेड़ू पुत्र सुम्मेरा तहसील मुख्यालय पहुंचे और एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को अपनी व्यथा सुनाई। खचेडू ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उनका आरोप है कि हल्का लेखपाल और कानूनगो ने मिलीभगत कर उन्हें कागजों में मृत दर्शा दिया और उनकी पुश्तैनी भूमि को अन्य व्यक्तियों के नाम हस्तांतरित कर दिया।खचेडू ने एसडीएम से गुहार लगाते हुए कहा, ष्साहब, मैं जिंदा हूं और आपके सामने खड़ा हूं। लेकिन आपके विभाग के लोग मुझे मरा हुआ मान



चुके हैं। एक साल से मैं चिल्ला–चिल्लाकर कह रहा हूं कि मैं जीवित हूं, पर कोई सुनने को तैयार नहीं है।ष पीड़ित ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जाए।दोषी लेखपाल और कानूनगो के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो।राजस्व रिकॉर्ड सुधार कर उसकी भूमि वापस दिलाई जाए। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित को उचित जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच कर कर कार्यवाही की जायेगी।

# दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में 14 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज प्रताड़ना व मारपीट के दो मामलों में ससुराल पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पहला मामला नौगावां सादात के मोहल्ला शिकरिया से जुड़ा है। यहां रहने वाले बुनियाद अली ने बेटी उजमा की शादी साल 2024 में मोहल्ला फरीदी मस्जिद के रहने वाले नाजिम से की थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित कर रहे थे। मायके में रह रही उजमा ने इस संबंध थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में पति नाजिम, सास जैतून, सलमान, नवाब, अलीजान, नवाब, रुखसार व सायरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। दूसरा मामला अमरोहा देहात थाने की कांशीराम कॉलोनी से जुड़ा हुआ है। यहां रहने वाली दीपा द्वारा दर्ज कराई एफआईआर के मुताबिक साल 2025 में उसकी शादी मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर विश्नोई के रहने वाले बॉबी शर्मा से हुई थी। दीपा का आरोप है शादी के बाद से ही आरोपी मायके से एक लाख रुपये और दिलाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। दोनों पक्षों के बीच कई बार पंचायतें भी हुईं लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। बीती 13 फरवरी को बॉबी को घर छोड़कर चला गया, तभी से वह मायके में पिता के साथ रह रही है। दीपा ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# घर में घुसकर दम्पति से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**नौगांवा सादात**। क्षेत्र के गांव बीलना में घर में घुसकर दंपति से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी मुस्कान का आरोप है कि बीती 13 फरवरी की शाम वह घर पर अकेली थीं। पति काम पर गए हुए थे और ससुराल वाले भी घर पर नहीं थे। आरोप है कि उसी दौरान मायके पक्ष के नदीम, अय्यान, नईम व अजीम जबरन घर में घुस आए और गाली–गलौज करने लगे। इसी दौरान पति ने घर पहुंचकर विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। खुद को घिरता हुआ देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# स्टेट हाइवे जाम करने में भाकियू कार्यकर्ताओं पर मुकदमा

## बछरायूं थाना पुलिस ने दर्ज किया केस, यातायात रहा बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गन्ना वैरायटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (असली) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्टेट हाईवे जाम कर दिया था। आरोप है कि इस दौरान आने–जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में थाना बछरायूं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को कुछ लोग तहसील तिराहे के पास सड़क पर बैठ गए और स्टेट हाईवे को पूरी तरह से रोक दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों और यात्रियों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे और रास्ता नहीं खोला।जांच में सामने आया कि जाम करने वालों में डूंगर सिंह (मंडल अध्यक्ष), फते सिंह, नरेश (प्रवक्ता), राजेन्द्र, सोनू (ब्लाक अध्यक्ष), दिनेश सहित 10–15 अज्ञात लोग शामिल थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने बताया कि सड़क जाम करने पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू टिकैत ने अमरोहा रोड पर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने अपनी समस्याओं की अनदेखी से नाराज होकर बुधवार को अमरोहा मार्ग पर जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील के निकट आयोजित किसान पंचायत में जब कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुँचा तो किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसान करीब एक घंटे तक बीच सड़क पर डटे रहे। ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर

### प्रशासन पर समस्याओं की अनदेखी का आरोप



पूर्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पंचायत में किसी अधिकारी के न आने को किसानों ने अपना अपमान बताया। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल एवं चीनी मिल के सीसीओ और नायब तहसीलदार मौके पर पहुँचे। उन्होंने किसानों की जायज मांगों को सुना और उनके जल्द समाधान का ठोस आश्वासन दिया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद किसान शांत हुए और जाम खोला गया। इस दौरान महेश ठाकुर, रणबीर फौजी, रो. हतास सिंह, राजपाल सिंह, शीशपाल सिंह, सीता आर्य और संजीव समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गोली मारने में दो युवकों पर रिपोर्ट

**गजरौला**। शराब की दुकान के पास में केन्टीन संचालक को गोली मारकर घायल करने के प्रकरण में पुलिस ने संचालक की पत्नी की तहरीर के आधार पर दो आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। वहीं घायल संचालक का उपचार मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि थाना क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी भूपेन्द्र सिंह कुमराला तिराहे पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के पास में केन्टीन संचालित करते हैं। आरोप है कि 23 फरवरी की रात को करीब नौ बजकर 20 मिनट के लगभग भूपेन्द्र पर किसी ने जान से मारने की नीयत से गोली मार दी, जो कि भूपेन्द्र के सिर के दाहिनी तरफ आंख व कान के बीच में लगी। वर्तमान में घायल का उपचार मेरठ के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। इस प्रकरण में थाना पुलिस ने देर रात भूपेन्द्र की पत्नी ममता की तहरीर के आधार पर थाना गजरौला के गांव टोकरा पट्टी निवासी कृष्णपाल के पुत्र मनि यादव व बछरायूं के गांव ईश्वरदेवा निवासी अरुण खटाना के विरूद्ध गोली मारने का संदेह जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छानबीन चल रही है।

# बेहतर कानून-व्यवस्था के चलते यूपी में निवेश की अपार संभावना: पाठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राज्य में मजबूत आधारभूत संरचना और बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण निवेश की अपार संभावनाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया के बड़े उद्योगपति उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं, जो राज्य की बेहतर होती औद्योगिक छवि का प्रमाण है।



बुधवार को मीडिया के साथ बातचीत में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर है। उन्होंने कहा कि जर्मनी, सिगापुर और जापान जैसे देशों में निवेशकों के साथ लगातार संवाद हो रहा है और मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल निवेश आकर्षित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन दौरों के दौरान लाखों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं और कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए जा चुके हैं, जिन्हें जमीन पर उतारने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह प्रयास उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास और आम नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने राज्य की जनता की ओर से विदेशी दौरों पर गए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश का विकास और आम लोगों का जीवन स्तर बेहतर होना बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास और जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है।

## बाइक और ट्रैक्टर की आमने-सामने की भिड़त मे युवक की मौत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश मे महोबा जिले के पनवाघी क्षेत्र मे बुधवार को एक बाईक और ट्रेक्टर की आमने - सामने हुई जोरदार भिड़त मे मोटर साईकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक रविकान्त गौध ने बताया की महुआ इटोरा गांव निवासी तीन दोस्त 24 वर्षीय बिपिन, अजय और अमित सिंह राजपूत एक बाईक मे सवार होकर जा रहे थे। तभी एन एच 39 झांसी - मिर्घपुर राष्ट्रीय राजमार्ग मे पेट्रोल पम्प के पास सामने से तेज रफ्तार मे आ रहे एक ट्रेक्टर से उनकी गाघी की भिड़त हो गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक सवार तीनो युवक उछल कर दूर गिरे- सघ्क पर गुजर रहे लोगो ने तब घटना की सूचना पुलिस को दीं। आनन घनन मे मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने युवकों को उठा कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। लेकिन बाईक चला रहे बिपिन की मोके पर ही मौत हो गई।

# पीएम के इजरायल दौरे पर रुख साफ करे विदेश मंत्रालय: सुरेंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित इजरायल दौरे को लेकर केंद्र सरकार से स्पष्ट जानकारी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपना भारत दौरा रद्द कर दिया था, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल दौरे के उद्देश्य और संभावित समझौतों को लेकर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।




बुधवार को मीडिया के साथ बातचीत में सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री किस उद्देश्य से इजरायल जा रहे हैं, वहां किन विषयों पर चर्चा होगी और किन समझौतों पर विचार किया जाएगा, इसकी जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय को सार्वजनिक रूप से देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय को आधिकारिक बयान जारी कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह दौरा किन कूटनीतिक और रणनी. तिक उद्देश्यों के तहत किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और इजरायल के अमेरिका से निकट संबंधों को देखते हुए इस दौरे का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि एप्सटीन फाइल के जो लोग हैं उनके भी रिश्ते इजराइल से बहुत क्लोज बताए जा रहे हैं। इन सारी चीजों की व्यापक दृष्टि में विदेश मंत्रालय को यह बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री वहां क्या करने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के संबंध में सरकार को स्पष्ट और आधिकारिक जानकारी साझा करनी चाहिए, ताकि देश में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के सलोन इलाके गोठिया इलाके में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में उसके ही खेत में नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला।

पुलिस सूत्रों से आज बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस को सूचना मिली कि सलोन इलाके कर गोठिया क्षेत्र में स्थित मृतक के खेत में नीम के पेड़ से उसका शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सूरज प्रसाद विश्वकर्मा (22) पुत्र अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना के बारे में मृतक के पिता ने पुलिस को सूचित किया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए परिजनों से पूछताछ की गई।

पुलिस का कहना है कि युवक के लापता होने की कोई सूचना नहीं थी। मृत्यु का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या बता रही है लेकिन मामला संदिग्ध माना जा रहा है इसलिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सपाईयों ने अखिलेश का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सलीमुर्रहमान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लखनऊ-कानपुर मार्ग स्थित प्रधान ढाबा पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया। जैसे ही उनका काफिला प्रधान ढाबे पर पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर और नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां और रीतियां हमेशा जनता के हित में रही हैं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन्हें जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने कार्यकाल में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें जनता आज भी याद करती है। जिला सचिव सलीमुर्रहमान ने कहा कि कार्यकर्ताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति अपार सम्मान और



उत्साह है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनता की समस्याओं को उठाने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर रंजीत यादव, यदुवीर यादव, रईस अहमद, शंकर लाल, नादिर, विश्वनाथ आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बच्चों के मेडिकल में उनके साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि होने का दावा: आशुतोष ब्रह्मचारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने आज एक बड़ा खुलासा किया है। कहा नाबालिग बच्चों के मेडिकल में उनके साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि हो गई है, उन्होंने कहा पीड़ित नाबालिग बच्चों ने अपने बयान में एक अन्य आरोपी अरविन्द का भी नाम लिया है। आरोपी अरविद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का गुरु भाई है,आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि अरविद मुकुंदानंद का भी सहयोगी है।जब बच्चों को आश्रम में पेश किया जाता था तो वह उसमें भी सहयोग करता था।आशुतोष ब्रह्मचारी ने आज शाम तक इस मामले में कुछ नए नाम का खुलासा करने का भी ऐलान किया है उन्होंने कहा है कि उनके पास जिस तरह के ठोस साक्ष्य मौजूद हैं,उससे निश्चित तौर पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कोर्ट में वह सजा दिलाएंगे। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा पुलिस की जांच से वह पूरी तरह संतुष्ट हैं, उन्होंने कहा है कि विवेचना सही दिशा में आगे बढ़ रही है, वह दिन दूर नहीं जब षड्यंत्र खत्म होगा और कलयुग का अंत होगा। उन्होंने दावा किया है कि पीड़ितों की संख्या 20 के करीब है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा यूपी पुलिस के जांच पर भरोसा न होने और जांच किसी बाहरी राज्य की पुलिस से कराए जाने की मांग पर कहा,वह चाहे कांग्रेस शासित प्रदेश की पुलिस से जांच करा लें,या फिर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली स्कॉटलैंड की पुलिस से जांच करा लें,लेकिन जिस तरह के साक्ष्य उनके खिलाफ मौजूद हैं उन्हें सजा होकर रहेगी।

### अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कोशांबी में ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को यौन शोषण के झूठे आरोप में फंसाए जाने के विरोध में बुधवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला अधिकारी को देकर शंकराचार्य के विरुद्ध दर्ज कराई गई रिपोर्ट निष्पक्ष और पारदर्शी जांचकर काराए जाने की मांग की गई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर आसीन शंकराचार्य का अपमान समूचे सनातन धर्म का अपमान है जिसे कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वैचारिक विरोध भी इतना नीचेगिर कर किया जानादेश और समाज और लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाता है।

### पकड़े गए एक तेंदुए की रेंज कार्यालय ले जाते समय मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के नानपारा रेंज में वन विभाग द्वारा पकड़े गए एक तेंदुए की रेंज कार्यालय ले जाते समय मौत हो गई। यह घटना नानपारा कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बितनिया के मजरा मंगल. पुरवा में हुई, जहां बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक पेड़ पर तेंदुए को देखा और इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लगभग तीन घंटे चले इस अभियान के दौरान, तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए जाल में फंस गया। टीम ने उसे सफलतापूर्वक पकड़ा और नानपारा रेंज कार्यालय ले जाने लगी, लेकिन रास्ते में उसकी स्थिति बिगड़ गई और तेंदुए की मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेसा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तेंदुए की उम्र लगभग एक वर्ष थी। उन्होंने कहा कि तेंदुए की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल पाएगा। वन विभाग के चिकित्सकों द्वारा मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम किया जा रहा है, जिससे वास्तविक कारणों का खुला. सा हो सकेगा।

### शंकराचार्य मामले में कांग्रेस उतरी सड़कों पर

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के मुद्दे पर अब कांग्रेस भी खुलकर समर्थन में उतर आई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर बुधवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारियों को सौंपा गया। इसी क्रम में वाराणसी महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शंकराचार्य के समर्थन में पोस्टर लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे और एडीएम (प्रोटोकॉल) को ज्ञापन सौंपा। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि मांग किया गया है कि इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच अत्यंत पारदर्शिता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो। साथ ही, शंकराचार्य पर लगाए गए गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि सत्य सामने आ सके और सनातन धर्म की मर्यादा सुरक्षित रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पुलिस द्वारा शंकराचार्य और उनके शिष्यों को अपमानित करते हुए स्नान करने से रोका गया, जो कि घोर निदनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि बटुकों (शिष्यों) की चोटी खींचकर उन्हें प्रताड़ित और अपमानित किया गया। एक सोची-समझी रणनीति के तहत शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी सहित कई अज्ञात लोगों पर यौन शोषण का मामला दर्ज कराया गया है। यह पूरी कार्रवाई उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें प्रताड़ित करने के उद्देश्य से की गई है।

### लापता युवक की लाश पॉलिटेक्निक कालेज के पास मिली ,परिजनों का हंगामा

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के भोगांव थाना क्षेत्र में आज चार दिन से लापता युवक का शव पॉलीटेक्निक कालेज के पास हाइवे किनारे से पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों ने शव मिलने पर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों को जांच का भरोसा दिया है कि कमलेश की मौत की गहराई से जांच होगी। पुलिस उपाधीक्षक भोगांव राम कृष्ण द्विवेदी ने बताया कि किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी कमलेश पुत्र मख्तियार सिंह कासगंज जिले में दुग्ध प्लांट पर काम करता था।

# कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में हाथियों का आतंक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में जनपद बहराइच के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट व निशानगाघ रेंज क्षेत्र में जंगली हाथियों की बढ़ती आमद से बुधवार को जनजीवन प्रभावित रहा। एक स्थान पर हाथियों के दौड़ाने पर बाइक सवार वाहन छोड़कर जंगल में भाग गया,

जबकि दूसरे स्थान पर हाथियों के झुंड ने कच्चे मार्ग पर घंटों डेरा डाले रखा, जिससे आवागमन बाधित हो गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे बिछिया-सुजौली मार्ग पर गिरिजापुरी पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक सवार के सामने अचानक हथिनी अपने शावक के साथ आ गई। बाइक सवार चुनक्का (45) पुत्र आशिक अली निवासी सुजौली तथा अब्दुल हलीम खान (65) निवासी बु(पुरवा मिहीपुरवा आम्बा गांव जा रहे थे। बाइक रोकते ही हाथी उनकी ओर दौड़ पड़े, जिस पर दोनों जान बचाने के लिए अलग-अलग दिशा में भाग गए। अब्दुल हलीम खान पेट्रोल पंप की ओर भागकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए, जबकि चालक चुनक्का जंगल की ओर भाग गया। कुछ देर तक उसके न लौटने पर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर रेंजर आशीष गौंड व वन दरोगा राधेश्याम टीम सहित पहुंचे। सर्च अभियान के दौरान बाइक सवार का सामान जंगल में मिला। लगभग आधे घंटे बाद चालक परेशान हालत में वापस लौटा और बताया कि हाथियों ने उसे काफी दूर तक दौड़ाया, लेकिन वह किसी तरह बचकर निकल आया। रेंजर ने पुष्टि की कि दोनों बाइक सवार सुरक्षित हैं। वन विभाग ने वन दरोगा राधेश्याम व वन रक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम तैनात कर आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों को सतर्क रहने की अपील की है। मौके पर एसआई अक्षयलाल, हीरालाल यादव व संजय गौड़ समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में निशानगाघ रेंज अंतर्गत नावतोघ मटेही-निशानगाघ कच्चे मार्ग पर करीब दो दर्जन जंगली हाथियों का झुंड कई घंटों तक सघ्क पर डटा रहा, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। राहगीरों को वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा। निशानगाघ रेंज के रेंजर सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वन दरोगा इशरार अहमद के नेतृत्व में गजमित्रों व वन कर्मियों की टीम तैनात कर मेगाफोन के माध्यम से लोगों को जागरूक एवं सतर्क किया जा रहा है।

# भारत-नेपाल सीमा पर 12 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मोतीपुर थाना क्षेत्र से 12 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल सुनार (18), बांसगाढ़ी नगर पालिका, जिला बर्दिया (नेपाल) के रूप में हुई है। उसे 24/25 फरवरी की रात भारत-नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 665/01 के पास बलईगांव क्षेत्र से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना मोतीपुर में मुकदमा अपराध संख्या 61/26 पंजीकृत कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सीमा क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक अनिल यादव, हेड कांस्टेबल गड्डू पाण्डेय, हेड कांस्टेबल विक्रांत बालियान, कांस्टेबल जयप्रकाश, कांस्टेबल सूरज कुमार तथा एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# अहमद के करीबियों ने डेयरी संचालक से 5 लाख रंगदारी मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक अहमद के करीबियों ने डेयरी संचालक से 5 लाख रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा।

लात घूंसों और थप्पड़ से ही नहीं बल्कि ईट से भी हमला किया। रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की ओर से पूरामुफ्ती थाने में तहरीर दी गई है। हालांकि फिलहाल पुलिस ने तहरीर मिलने से इनकार किया है। मोहम्मद कमरुल पुरामुफ्ती के इब्राहिमपुर उमरी का रहने वाला है। वह झपिया गांव में आईटीबीपी कैंप के पास डेरी का संचालन करता है। उसने बताया कि मंगलवार शाम को रोज की तरह डेरी पर ही काम कर रहा था कि तभी उमरी और बमरौली गांव के रहने वाले तीन युवक अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ तीन कारों पर सवार होकर वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकाकर उसे बुलाया। जब वह उनके पास गया तो उन लोगों ने उससे पांच लाख रुपये मागे और सभी मिलकर उसे पीटने लगे। लात घूंसों और थप्पड़ के साथ उस पर ईंट से भी हमला किया। जमकर पिटाई करने के बाद हमलावर धमकी देते हुए चले गए। धमकाया कि कल से डेरी में दिखे तो जान से मार देंगे। हमलावरों में से एक युवक पूरामुफ्ती थाने का हिस्ट्रीशीटर है। वह उमरी का रहने वाला है और अतीक अहमद के कुख्यात शूटर आबिद प्रधान का रिश्तेदार है। हमलावरों में शामिल एक अन्य युवक 2 साल पहले हत्या कर शव फंदे पर लटकाने के मामले में जेल भेजा गया था।

आरोप है कि सभी इलाके में दबंगई करते फिरते हैं।पीड़ित का कहना है कि उसने पूरामुफ्ती थाने में मामले की लिखित शिकायत की है।

# निगम की विभिन्न रूटों पर 245 स्पेशल बसें चलाई जाएंगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर परिक्षेत्र में होली पर्व पर 28 फरवरी से आगामी नौ मार्च तक यात्रियों की सुविधा के लिए गोरखपुर परिक्षेत्र से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की विभिन्न रूटों पर 245 स्पेशल बसें चलाई जाएंगी।

निगम के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि परिक्षेत्र के गोरखपुर और राप्ती नगर डिपों के अलावा बस्ती, देवरिया, सिध्दार्थनगर, महराजगंज, सोनौली व पडरौना डिपों आदि से विभिन्न शहरों के लिए स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के लिए 36 बसे चलती हैं और होली स्पेशल और 45 अतिरिक्त बसे चलाई जाएंगी। इसी प्रकार गोरखपुर लखनउ के लिए 80 अतिरिक्त बसें, कानपुर के लिए 50 अतिरिक्त बसें और प्रयागराज के बलिए 40 अतिरिक्त बस चलाई जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा में पकड़ी गई सामूहिक नकल, हटाए गए आंतरिक व बाह्य केंद्र व्यवस्थापक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान संतक. बीरनगर जिले के एक परीक्षा केन्द्र पर सामूहिक नकल पकड़ी गई है। डीआईओएस ने आंतरिक व बाह्य केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया है तथा इसकी रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी है।

डीआईओएस हरिश्चंद्र नाथ ने यहां बताया कि सोमवार को द्वितीय पाली में एएच इंटर कॉलेज पैड़ी का निरीक्षण किया था, जहां सामूहिक नकल मिलने पर वहां के केंद्र व्यवस्थापक और वाह्य केंद्र व्यवस्थापक को हटा दिया गया है। उनकी जगह नए केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की है। डीआईओएस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है। श्री नाथ ने सोमवार की शाम को द्वितीय पाली में 4:45 बजे एएच इंटर कॉलेज पैड़ी का निरीक्षण किया।

शाम की पाली में इंटरमीडिएट जीव विज्ञान की परीक्षा चल रही थी।

परीक्षा केंद्र पर सामूहिक नकल कराई जा रही थी। वहां मौजूद शिक्षकों के जरिए बोलकर उत्तर लिखवाए जा रहे थे। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद केंद्र व्यवस्थापक और सह केंद्र व्यवस्थापक से पूछताछ की तो कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाए। उन्होंने एक-एक कर शिक्षकों से पूछताछ की।

इसके साथ ही परीक्षा केंद्र पर अन्य अनियमितताएं मिलीं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य रिजवान अहमद और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रईस अहमद को हटा दिया है। इसके साथ ही राजकीय हाईस्कूल साले. हपुर के प्रधानाचार्य रणजीत कुमार चौरसिया को केंद्र व्यवस्थापक, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बौरव्यास के प्रधानाचार्य अवधराज कन्नौजिया को वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और एएच इंटर कॉलेज पैड़ी के प्रवक्ता इसरार अहमद को सह केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है।

# इनामी गोतस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो हुए फरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में गोतस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रानी की सराय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीती रात हुई एक साहसिक मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर और शातिर गोतस्कर नसीम उर्फ लम्बू को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है,

जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह ने आज बताया कि बीती रात रानी की सराय थाना पुलिस बध्ैला ताल पर संदिग्धों की चेकिग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर पशु तस्कर बिना नंबर की बाइक से सोनवारा की ओर से आ रहे हैं। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाला। जब बाइक सवार तीन संदिग्धों को रुकने का इशारा किया गया, तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। हड़बड़ाहट में उनकी बाइक फिसल गई, जिसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर सीधा फायर झोंक दिया। पुलिस ने खुद को बचाते हुए आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, लेकिन फायरिंग जारी रहने पर आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इस गोलीबारी में मुख्य आरोपी नसीम उर्फ लम्बू घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके से एक अवैध देशी तमंचा और कारतूस,बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल, बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि नसीम एक पेशेवर अपराधी है। उस पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 10 खाद्य पदार्थों के नमूने किए संग्रहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार गुप्ता एवं सय्यद इबादुल्लाह की टीम ने सुबह तड़के ही रेलवे रोड दादरी पर वाहन संख्या-डीएल9सीयू6086 से दिलशाद निवासी कादलपुर दनकौर को लगभग 150 किग्रा पनीर प्रथमदृष्ट्या मानव उपभोग हेतु अनुपयुक्त एवं अस्वच्छकर स्थिति मे वास्ते बिक्री ले जाते पाया, जिसमें से पनीर का 01 नमूना लेकर शेष पनीर को नष्ट कराया गया। इसी टीम द्वारा एच-60 साइट 5 UPSIDC इंडस्ट्रियल एरिया स्थित वर्सेटाइल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से स्किम्ड मिल्क पाउडर का 01 नमूना लिया गया। इसी टीम द्वारा कासना बस अड्डा गर्भरा रोड स्थित आस मोहम्मद चिकन बिरयानी तथा इकबाल चिकन बिरयानी से चिकन बिरयानी का 01-01 नमूना चिकन बिरयानी का लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार , विजय बहादुर पटेल एवं रविंद्र नाथ वर्मा की टीम द्वारा सुबह से ही यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर चेकिंग की गई, जहां पर वाहन संख्या( इको गाड़ी ) यूपी8डीडब्ल्यू0795 से वीरेंद्र सिंह खैर तहसील जनपद अलीगढ़ को खोया दिल्ली सप्लाई के लिए ले जाते पाया, उससे खोया का 01 नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त इसी टीम द्वारा वाहन संख्या (इको गाड़ी) डीएलसीडीसी8386 द्वारा निगम सिंह खैर तहसील के टप्पल अलीगढ़ निवासी को सप्लाई हेतु दूध ले जाते पाया, जिससे 01 नमूना दूध लिया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, रविन्द्र नाथ वर्मा एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा रबूपुरा जेवर स्थित कामरान डेयरी से 01 क्रीम तथा 01 दूध का नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त इसी टीम द्वारा थाना रबूपुरा के अंतर्गत मेहंदीपुर बांगर स्थित अजहर डेयरी से 01 दूध एवं 01 रंगीन छेना मिठाई का नमूना लिया गया। इस प्रकार कुल 10 नमूनें लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गये।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# वृद्धा को बंधक बनाकर जमीन कब्जाने वाले रिश्तेदारों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर में रिश्तेदारों ने हरियाणा निवासी 83 वर्षीय बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर उनकी जमीन हथिया ली। रिश्तेदारों ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए और फिर उसकी रजिस्ट्री भी करा ली। इस दौरान वृद्धा गायब रही और परिवार के लोग उनकी खोजबीन करते रहे। जमीन हथियाने के बाद जब वृद्धा को छोड़ा गया तो वह अपने घर पहुंची। फर्जीवाड़े की जानकारी होने के बाद वृद्धा के पोते ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

रेवाड़ी के गांव धरुहेडा निवासी लव कुमार ने बताया कि उनकी दादी कलवट पत्नी माधव सिंह की नोएडा के जेवर क्षेत्र में जमीन है। जमीन की देखरेख करने के लिए उनकी दादी अक्सर जेवर आती-जाती रहती थीं। 3 सितंबर 2025 को भी वह जेवर आई थी। लव ने बताया कि माफियाओं ने उन्हें अगवा कर लिया और बंधक बनाकर अपने पास रखा। लगभग ढ़ाई महीने तक उन्हें अगवा रखा गया और उनकी जमीन को फर्जी दस्तावेज बनाकर हथिया लिया गया।

**एकाउंट से रुपये भी निकाले:** लव ने यह भी आरोप लगाया है कि जमीन हथियाने के साथ ही माफियाओं ने किशनगढ़ वास रोड खैरतल राजस्थान में वृद्धा का एकाउंट खुलवाया और इसमें रुपये डालकर फर्जी तरीके से उसे निकाल लिया। रुपये निकालने के सीसीटीवी भी उनके पास हैं, जो उन्हें बैंक के जरिए मिले हैं।

**न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई प्राथमिकी:** प्रकरण कई महीने पुराना है और इस मामले में अब प्राथमिकी दर्ज की गई है। लव ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने सात लोगों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें हरिओम, हिम्मत सिंह, शीशपाल, ओमवीर, अशोक, भीम और सुभाष के खिलाफ केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

**बुजुर्ग ने अपनी मर्जी से दी जमीन:** जेवर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि अगवा करके जमीन हड़पने की बात बिल्कुल गलत है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परिवार के लोग बुजुर्ग की देखरेख नहीं करते थे। रिश्तेदार ही उन्हें अपने पास रखकर देखरेख करते थे। इसी कारण बुजुर्ग ने अपनी रजामंदी से जमीन की रजिस्ट्री की है। प्रकरण की जांच जारी है।

# रोजगार प्राप्त कर खिल उठे युवक-युवतियों के चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद गौतमबुद्धनगर में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आज विश्वेश्वरैया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, विश्वेश्वरैया कैंपस, न्यू नोएडा जीटी रोड, दादरी में भव्य रोजगार महोत्सव-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश बृजेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह, प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद मिश्रा तथा जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री, चेयरमैन सुनील जिंदल, सीईओ डॉ0 पूर्णिमा शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. सी.एम. त्यागी तथा हेड प्लेसमेंट ऑफिसर नितिन गौड़ सहित उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। रोजगार मेले में साक्षात्कार के उपरांत चयनित युवक-युवतियों को माननीय प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास का वातावरण दिखाई दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे रोजगार महोत्सव युवाओं के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से निरंतर परिश्रम, कौशल विकास एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क आयोजित किया गया। रोजगार मेले में आर्य फैशन, यामाहा, सैमसंग, डेंसो, जूबिलेंट फूड, मदरसन, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसी बैंक सहित लगभग 113 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 4911 प्रतिभागियों में से 1790 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरांत चयन किया गया। आठवीं पास, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, बी.टेक, बीबीए, एमबीए, फार्मेसी सहित स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता वाले युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह सफल आयोजन न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक सिद्ध हुआ, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।

# मामा-भांजे ने रची थी हत्या की साजिश, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** लुक्सर गांव के नितिन नागर की हत्या की साजिश मामा-भांजे ने मिलकर रची थी। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। करीब डेढ़ साल पहले हुई विनय नागर की हत्या का बदला लेने के लिए घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मंगलवार की रात मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक लुक्सर गांव में मंगलवार की सुबह नितिन नागर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने पत्नी के सामने नितिन को गोलियों से भून दिया था। हत्या की घटना का सीसीटीवी भी सामने आया था। नितिन की पत्नी श्वेता ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करवाया है।



ईकोटेक वन कोतवाली पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर एक आरोपी नितिन निवासी लुक्सर और राजेश प्रधान निवासी घंघोला को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मामा-भांजे हैं। आरोपी नितिन ने अपने मामा राजेश के साथ मिलकर भाई विनय की हत्या का बदला लेने के लिए नितिन नागर की हत्या करने की साजिश रची।

आरोपी राजेश प्रधान के खिलाफ कासना कोतवाली में पूर्व में रंगदारी और नितिन पर अपहरण और मारपीट का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने दोनों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया। अदालत ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## पैदल मार्च कर सुरक्षा की तैयारी परखी

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में बुधवार शाम को डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध वाहनों की बैरिकेडिंग लगाकर सख्ती से जांच की जाए। यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए और नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीसीपी ने सभी पीसीआर और पीआरवी वाहनों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस करे और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके।

# 26 फरवरी से चार दिनों तक सिटी पार्क में दिखेगी फूलों की दुनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इस वीकेंड ग्रेटर नोएडा के सम्राट मिहिर भोज पार्क (सिटी पार्क) में फूलों की दुनियां देखने को तैयार रहिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर 26 फरवरी से 01 मार्च तक चार दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी

का आयोजन होने जा रहा है। पुष्प प्रदर्शनी में फूलों से निर्मित भारत माता के माथे पर तिलक लगाते हुए ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रीय पक्षी मोर, शेर, हार्ट शेप आदि आकृतियां खूब आकर्षित करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी भरपूर मनोरंजन होगा। खाने के भी स्टाल होंगे। पुष्प प्रदर्शनी के लिए सिटी पार्क को सजाने का काम चल रहा है। फव्वारों को दुरुस्त कर दिया गया है। विभिन्न आकृतियों के स्ट्रक्चर बन रहे हैं। इसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा।

ग्रेटर नोएडा का सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क 26 फरवरी से 01 मार्च तक गुलजार रहेगा। चारों तरफ रंग-बिरंगे हजारों मौसमी फूलों की सुगंध बिखरेगी। पुष्प प्रदर्शनी में पहली बार ड्रोन शो का आयोजन आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। इस पुष्प प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित आकृति बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त फूलों से बनीं राष्ट्रीय पक्षी मोर, हार्ट शेप, शेर आदि आकृतियां भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी। प्रदर्शनी में एक लाख से अधिक मौसमी फूल प्रदर्शित किए जाएंगे। पुष्प प्रदर्शनी का थीम फ्लावर कैलेंडुला है। इसे ध्यान में रखते हुए सिटी पार्क के साथ प्रमुख मार्गों के गोलचक्करों, हरित क्षेत्र और सेंट्रल वर्ज पर भी कैलेंडुला के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें फूल खिल गए हैं। प्राधिकरण की तरफ से 40 गोलचक्कर, 45 हरित क्षेत्र और 17 सेंट्रल वर्ज एडॉप्शन पर दिए गए हैं। पुष्प प्रदर्शनी में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) व रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीक की भी झलक देखने को मिलेगी। शहर के छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। नुक्कड़ नाटक के जरिए पर्यावण संरक्षण और कबाड़ के रीयूज का संदेश भी दिया जाएगा।

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** मंगलवार देर रात दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते समय बाइक को टक्कर मारी, जिससे युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के अमीपुर बांगर गांव निवासी पवन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके भाई नितिश मंगलवार रात एक शादी समारोह से बाइक पर अकेले अपने गांव लौट रहे थे। जब वह दनकौर-सिकंदराबाद रोड से होते हुए बिलासपुर कस्बे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने ओवरटेक के दौरान लापरवाही बरतते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नितिश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण हुआ। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है और उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### चार चौकी प्रभारी बदले

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने चार उपनिरीक्षकों यानी चौकी प्रभारियों का तबादला किया। आदेश के अनुसार सेक्टर-63 थाने में तैनात सचिन कुमार को फेज-2 थाना क्षेत्र की ककराला चौकी का प्रभारी बनाया गया। बिसरख थाने में तैनात सुशील कुमार को चौकी प्रभारी निराला स्टेट और हरेंद्र सिंह को धूममानिकपुर चौकी की जिम्मेदारी दी गई। नितिन कुमार नैन को बिसरख से चौकी कस्बा थाना सूरजपुर प्रभारी बनकर भेजा गया।

### घर के बाहर बाइक खड़ी करने पर युवक को बेरहमी से पीटा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-93 निवासी युवक को घर के बाहर बाइक खड़ी करना भारी पड़ गया। गाड़ी लेकर आए युवकों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-93 निवासी आर्यन ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना अपनी बाइक घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी करते हैं। वह 22 फरवरी को घर के बाहर खड़े थे, तभी कुछ लोग एक गाड़ी से आए और उन्हें बाइक हटाने के लिए कहने लगे। वह बाइक हटाने लगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। खुद को लोगों से घिरा देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का दावा है कि आरोपियों में से एक युवक का नाम राम है। उसके साथ तीन अज्ञात युवक थे। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उन्हें चोटें आईं। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी का इंतजार

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** उत्तरप्रदेश में सेमीकंडक्टर का हब बनेगी। यहां उत्तरभारत की पहली इकाई का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जबकि दो अन्य कंपनियों को केंद्र से मंजूरी का इंतजार है। हालांकि, इनके प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। यमुना सिटी में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए पांच कंपनियों ने आवेदन किया था। इनमें एचसीएल और फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड ने 48 एकड़, टार्क कंपनी ने 125 एकड़, भारत सेमी सिस्टम और कीन्स सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने 50-50 एकड़ तथा एडिटेक कंपनी ने 100 एकड़ भूमि की मांग की थी।

सेक्टर 28 में प्रदेश की पहली एचसीएल एवं फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम को 48 एकड़ भूमि का आवंटन 18 जनवरी को किया गया। इसके बाद 21 फरवरी को प्रधानमंत्री ने इकाई का शिलान्यास किया। यहां इकाई का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वहीं, टार्क और भारत सेमी सिस्टम के प्रस्ताव खारिज हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि यह कंपनी दूसरे राज्यों में अपनी इकाई स्थापित करेगी, जबकि एडिटेक और कीन्स के प्रस्ताव को अभी केंद्र से मंजूरी मिलना बाकी है। एडिटेक कंपनी को 15 एकड़ भूमि देने पर 10 जून 2025 को सैद्धांतिक सहमति दी जा चुकी है। यह कंपनी तीन हजार करोड़ का निवेश करेगी। इन दोनों कंपनियों के लिए सेक्टर-10 में भूमि आरक्षित की गई है। एसीईओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि केंद्र की मंजूरी मिलने के बाद कंपनियों को भूमि का आवंटन कर दिया जाएगा। सेक्टर-10 पूरी तरह विकसित है, साथ ही यहां शत प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

# तस्करों से गांजे की खेप बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को बुधवार को सेक्टर-17 से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। आरोपियों की पहचान 28 वर्षीय उदय राय और 30 वर्षीय अर्जुन कुमार के रूप में हुई। उदय राय मूलरूप से बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है और वर्तमान में सेक्टर-166 नोएडा में रहता है।

अर्जुन कुमार मूलरूप से बिहार के बेगूसराय का निवासी है और सेक्टर-93 नोएडा में रहता है। पुलिस के मुताबिक उदय के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस ऐक्ट का मामला दर्ज है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा से गांजा दिल्ली आता है। दिल्ली से थोक में वे गांजा लाते हैं और फैक्टरियों और कॉलेज के आसपास बेचते हैं।

## बीटेक के छात्र का शव हॉस्टल में लटका मिला

**नोएडा।** शहर की एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी स्थित हॉस्टल में रहने वाले बीटेक के छात्र का शव मंगलवार को कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि छात्र ने प्रेमप्रसंग के चलते आत्महत्या की। मामले की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से हरियाणा के रेवाड़ी निवासी राजेश कुमार का 18 वर्षीय बेटा गौरव ग्रेटर नोएडा की गलगोटिया यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। वह एडब्ल्यूएचओ सोसाइटी स्थित भगत सिंह छात्रावास में रहता था। गौरव ने मंगलवार को अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। पुलिस की जांच में पता चला कि छात्र ने आत्महत्या करने से पूर्व एक युवती को उसके फोन पर एक संदेश भेजा। पुलिस को आशंका है कि प्रेम संबंध के चलते छात्र ने आत्महत्या की।

# जोमैटो डिलीवरी बॉय की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर मंगलवार रात सड़क हादसे में जोमैटो के डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर जिले के जहांगीरपुर निवासी प्रशांत (35) के रूप में हुई। प्रशांत बाइक से ऑर्डर लेकर जा रहे थे, तभी एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

प्रशांत के भाई सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई मंगलवार रात ग्रेटर नोएडा से दनकौर की ओर यमुना एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड से होते हुए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आई एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाली कार की नंबर प्लेट बाइक में फंस गई, जिसके बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रशांत को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।।मृतक परिजन ने बुधवार को कार चालक के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि यह हादसा कार चालक की लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के वक्त प्रशांत ने हेलमेट पहना हुआ था। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कार चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रशांत के छोटे-छोटे बच्चे हैं, और इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा दो हजार छात्रों ने छोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद में 60 केंद्रों पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार को दो पालियों में हुई। बोड परीक्षा दो हजार से अधिक विद्यार्थियों ने छोड़ दी। पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान और इंटरमीडिएट की संगीत की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र की परीक्षा हुई। पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा में 22771 में से 21492 छात्र शामिल हुए। 1279 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। संगीत की परीक्षा में 74 में से 70 छात्र शामिल हुए, चार छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र की परीक्षा में 13326 में से 12551 छात्रों ने परीक्षा दी।

वहीं, 775 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्र से परीक्षा देकर निकल रहे छात्रों के चेहरे पर खुशी नजर आई। छात्रों ने बताया कि पेपर बेहद अच्छा गया। छात्रों ने बताया कि अधिकतम प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार आए, इसलिए किसी तरह कि परेशानी नहीं हुई।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल


**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक भाग गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-50 निवासी अनुज राघव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका चचेरा भाई अंकित राघव 21 फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे स्कूटी से सेक्टर-104 स्थित जिम से घर लौट रहा था। जैसे ही वह सेक्टर-45 में एनआरआई रेजिडेंसी के सामने पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अंकित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक बिना रुके मौके से भाग गया।

# उत्तराखंड पब्लिक स्कूल पर 24 करोड़ बकाया

**■ प्राधिकरण करेगा सील, दो किस्तों में पैसे जमा करने थे पैसे; 1500 बच्चे पढ़ते हैं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-56 स्थित उत्तरखंड पब्लिक स्कूल का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। स्कूल प्रबंधन पर प्राधिकरण का करीब 24 करोड़ रुपए बकाया है। पैसा जमा नहीं करने पर स्कूल को सील कर दिया जाएगा। इस स्कूल में करीब 1500 बच्चे पढ़ते है। इससे पहले भी बकाया को लेकर प्राधिकरण ने अप्रैल 2023 में स्कूल को सील किया था।




उस समय स्कूल प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि दो किस्तों में पैसा जमा कर दिया जाएगा। जिसके बाद प्राधिकरण ने स्कूल की डिसील किया था। हालांकि अब सीबीएसई ने नौवीं कक्षा से 12वीं तक की मान्यता रद्द कर दी है। सिर्फ आठवीं तक की क्लास यहां चलेंगी।

टीचरों के आरोप भी गंभीर है। इसमें लीज रेंट के रूप में 2 करोड़ 16 लाख 60 हजार रुपए वहीं जमीन की किस्तों के रुप में 22 लाख 97 लाख 50 हजार रुपए बकाया है।

**सितंबर 2020 में आवंटन किया था रद्द:** प्राधिकरण ने बताया कि उत्तराखंड पब्लिक स्कूल को 1991 में 3549 वर्गमीटर जमीन कुल जमीन की कीमत के 20 फीसदी पर आवंटित की गई थी। उसके बाद से स्कूल प्रबंधन ने कभी कोई राशि नहीं दी। प्राधिकरण ने 3 सितंबर 2020 में भूमि आवंटन रद्द कर दिया था। लेकिन कोविड महामारी के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**कब कब दिए गए नोटिस:** प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर-56 के ई-1ए के भूखंड पर स्कूल का निर्माण किया गया है। भूखंड का आवंटन उत्तराखंड जन कल्याण परिषद के नाम से 1991 का है। 1992 में कब्जा लिया गया। इस दौरान 20 प्रतिशत पैसा जमा किया गया।

80 प्रतिशत के लिए किस्त बनाई गई। लेकिन एक बार भी पैसा जमा नहीं किया गया। बकाया के संबंध में प्रबंधन को 11 अगस्त को 2020 को अंतिम नोटिस जारी किया गया था।

पहले 14 मार्च 2023 और 6 अप्रैल 2023 को भी कब्जा वापस करने के लिए पत्र दिए गए। लेकिन कब्जा वापस नहीं किया गया। 21 अप्रैल 2023 को कब्जा वापस करने के लिए नोटिस जारी कर तीन दिन का समय दिया गया। जिसके बाद 24 अप्रैल 2023 को प्राधिकरण ने स्कूल को सील कर दिया गया था। ऐसे में पैसा जमा करने का आश्वासन दिया गया। एक बार फिर पैसा जमा नहीं किया गया।

**क्या कहते है अधिकारी:** नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से दो किस्तों में पैसा जमा करने के लिए कहा गया था। लेकिन जमा नहीं किया। पैसा जमा करे तो स्कूल को सील नहीं किया जाएगा। अन्यथा सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गरगइया गांव के पास बुधवार को ऐसा हादसा हुआ जिसने सभी के दिलों को झकझोर कर रख दिया। क्षेत्र के गांव गेला टांडा के रहने वाले 35 वर्षीय हरपाल अपने 60 वर्षीय पिता प्रेम. राज के साथ अपने मोबाइल की सिम बन्द कराने नगर आ रहे थे। हरपाल का मोबाइल गुम हो गया था।

आज बुधवार की दोपहर जैसे ही वह अपनी बाइक लेकर बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गरगइया गांव के पास पहुंचे कि बरेली की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, तत्काल ही उन्हें कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रेमराज के पुत्र हरपाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय प्रेमराज को बरेली रेफर कर दिया गया, जहां उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही मृतक हरपाल की पत्नी हरप्यारी अपने छोटे-छोटे दोनों बच्चों ललिता 3 वर्ष और संजय 2 वर्ष परिजनों को साथ लेकर अस्पताल आ पहुंची, और अपने पति को मृत देखकर दहाड़े मारकर रोने लगी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। बताया जाता है कि टक्कर मारने की वाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

देर शाम घायल प्रेमराज ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर किसी की आंख इस हादसे से नम नजर आ रही है।

# थाने के गेट पर डिलीवरी बॉय ने लगाई खुद को आग

- **बाइक न मिलने से था परेशान, पुलिस ने बचाई जान**
- **हालत खतरे से बाहर, मामले की जांच शुरू**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बारादरी थाना परिसर में मंगलवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक डिलीवरी बॉय ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई और गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय अक्षय कश्यप निवासी फतेहगंज पश्चिमी 23 फरवरी को गंगापुर क्षेत्र में डिलीवरी करने आया था। इसी दौरान विकास नामक युवक उसकी बाइक लेकर भागने लगा। भागते समय उसने माधोबाड़ी निवासी आकाश को टक्कर मार दी। घटना के बाद पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया।

बताया जा रहा है कि बाइक अक्षय के रोजगार का मुख्य साधन थी। मंगलवार को भी बाइक न मिलने से वह काफी परेशान था। आरोप है कि देर शाम जब उसे बाइक नहीं मिली तो आवेश में आकर उसने थाने के गेट पर ही खुद को आग लगा ली। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत आग बुझाकर उसकी जान बचाई और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में मानुष पारिक ने बताया कि अक्षय की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षय ने अपनी बाइक विकास नाम के युवक को दी थी, जिससे दुर्घटना हो गई थी, इसलिए वाहन को नियमानुसार थाने में खड़ा किया गया था।

पुलिस द्वारा बाइक छोड़ने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन युवक ने आवेश में आकर यह कदम उठा लिया। एसपी सिटी ने स्पष्ट किया कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। यदि किसी पुलिसकर्मी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दो बाइकों में हुई आमने सामने की भिड़ंत में चाचा भतीजे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** दो बाइकों में आमने सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार चाचा भतीजे सहित दो लोग घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सबार बाइक छोंड़कर फरार हो गया।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम के समय थाना मिलक जिला रामपुर के गांव गधइया निवासी राजकुमार अपने भतीजे अमन को बाइक पर बैठाकर सहोड़ा बाजार से घर बापस लौट रहे थे। शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर गांव बूंची के पास मलसाखेड़ा की तरफ मुड़ते समय मलसाखेड़ा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहा बाइक सवार ने राज. कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सबार राजकुमार व उसका भतीजा अमन गम्भीर घायल हो गए। जबकि दूसरा बाइक सबार बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस की सूचना पर पहुंचे घायलों के परिजनों ने दोनों को बरेली के निजि अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर फरार युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### सरकारी स्कूल के ताले काटकर हजारों का सामान चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चौकी क्षेत्र बंजरिया के गाँव नरसुआ (वहरपुरा) में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने ताले काटकर रसोई से गैस सिलेंडर, बर्तन आदि के साथ कीमती सामान चोरी कर लिया। बुधवार सुबह जब प्रधानाध्यापक अथर अहमद स्कूल पहुँचे तब स्कूल के मेन गेट व रसोई के ताले कटे पड़े थे। रसोई से सामान गायव था। प्रधानाध्यापक ने चोरी की सूचना तुरन्त चौकी पुलिस और ग्राम प्रधान को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घटना स्थल का मुआयना कर जल्द घटना के खुलासे की बात कही।

### पुराने विधायक पास निरस्त, अब कोड युक्त नए पास जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विधानसभा नवाबगंज से विधायक डॉ० एमपी आर्या ने बताया कि क्षेत्र में चल रही विधायक पास लगी अनाधिकृत गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी, शासन ने प्रत्येक विधायक को केवल दो पास जारी किए हैं।

राज्य सरकार ने विधानसभा से जुड़े पुराने सभी वाहन पास निरस्त कर दिए हैं। अब नई व्यवस्था के तहत बारकोड युक्त पास जारी किए गए हैं, ताकि पास का दुरुपयोग रोका जा सके और वाहनों की सही पहचान सुनिश्चित की जा सके। नई गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक विधायक को केवल दो अधिकृत वाहन पास ही जारी किए जाएंगे। इन पासों पर कोड अंकित रहेगा, जिससे सत्यापन किया जा सकेगा। आर्य ने बताया कि सरकार ने स्पष्ट कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि विधायक पास लगाकर चल रही अनाधिकृत गाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान फर्जी या निरस्त पास पाए जाने पर संबंधित वाहन के खिलाफ नियमों के तहत दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। नई व्यवस्था का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और पास प्रणाली में पारदर्शिता लाना बताया जा रहा है। यातायात निरीक्षक सचिन चौधरी ने बताया कि अनाधिकृत विधायक पास लगी गाड़ियों पर जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाइक समेत हजारों का सामान राख**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सैंजना की गोटिया में बीते दिन संदिग्ध परिस्थितियों में एक झोपड़ी में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर झोपड़ी में खड़ी मोटरसाइकिल, अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार सैंजना की गोटिया निवासी सरदार सिंह पुत्र सीताराम का पक्का मकान निर्माणाधीन है। मकान बन रहे होने के कारण वह परिवार सहित पास में अपने चाचा शंकरलाल के घर रह रहे थे। घरेलू उपयोग का सामान अस्थायी रूप से निर्माण स्थल के पास बनी झोपड़ी में रखा हुआ था। अचानक झोपड़ी से उठती आग की तेज लपटों को देखकर गांव में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बाल्टियों से पानी डालकर तथा मिट्टी फेंककर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।पीड़ित सरदार सिंह ने बताया कि अचानक लगी आग ने उनकी मेहनत की जमा-पूंजी छीन ली। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### महिला की मौत के मामले में यूनिसन हॉस्पिटल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था अस्पताल**

**बहेड़ी।** नगर के बाईपास स्थित यूनिसन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में अस्पताल को सीज करने के बाद अब डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच में डिप्टी सीएमओ को अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चलता हुआ मिला था।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में जांच की, जिसमें कई मानकों की अनदेखी और अनियमितताएं मिली थीं, और अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा था। इसके बाद डिप्टी सीएमओ ने पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया था। महिला की मौत के मामले में अस्पताल सील करने के बाद अब डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि ग्राम पिपरिया रंजीत निवासी 33 वर्षीय गीता पत्नी राजपाल को बच्चेदानी में गांठ की शिकायत थी। परिजन उन्हें ऑपरेशन के लिए नगर के बाईपास स्थित यूनिसन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई, और गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने सही तरीके से इलाज नहीं किया, और महिला की हालत गंभीर होने पर अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था, और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने अस्पताल में जाकर जमकर हंगामा किया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत करा दिया था। मामले के प्रकाश में आने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद सील कर दिया था, जिसके बाद अब डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### लालकुआं-बरेली पैसेंजर से कटकर महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहल्ला बाजार नगर पालिका के रेन बसेरे के पास बुधबार एक दर्दनाक हादसे में मोहल्ला शेरनगर निवासी फरीन (पत्नी अशफाक) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह लालकुआं से बरेली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 15062 की चपेट में आ गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

परिजनों के अनुसार फरीन पिछले दो-तीन वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी और उसका उपचार जारी था। वह अपनी दवाई लेने नूरी नगर स्थित अपने भाई के घर आ रही थी। बताया गया कि अंधेरा अधिक होने के कारण उसे आती हुई ट्रेन दिखाई नहीं दी, और वह हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों-दो बेटियां और एक बेटाख्रको छोड़ गई है। घटना के बाद मोहल्ले में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# काउंसलरों के प्रयास से सुलझा दहेज उत्पीड़न का मामला, साथ रहने पर बनी सहमति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दहेज मांगने और मारपीट के आरोपों के बीच चल रहा पारिवारिक विवाद आखिरकार महिला परामर्श केंद्र में सुलह के साथ समाप्त हो गया। बुधवार को हुई काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। इस मामले में काउं. सलरों के प्रयासों की अहम भूमिका रही।

क्षेत्र के धौरेरा गांव निवासी एक महिला ने पूर्व में पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि विवाह के कुछ समय बाद से उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग उससे एक लाख रुपये नगद और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण को महिला परामर्श केंद्र भेज दिया था। बुधवार को दोनों पक्षों को केंद्र पर बुलाया गया, जहां काउं. सलरों विमला शुक्ला, नत्थू लाल आर्य, कृष्ण गोपाल शर्मा, निशात बानो ने विस्तार से बातचीत कर मतभेद दूर करने का प्रयास किया। लंबी वार्ता के बाद पति ने भविष्य में दहेज की मांग या किसी प्रकार की प्रताड़ना न करने का आश्वासन दिया। वहीं पत्नी ने भी दांपत्य जीवन को पुन: शुरू करने पर सहमति जताई। महिला परामर्श केंद्र के अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों ने लिखित समझौता पत्र प्रस्तुत किया है। इसके साथ ही मामले का निस्तारण कर दिया गया।

# ग्रामीण ने तहसील में किया आत्मदाह का प्रयास

- **जमीन विवाद को लेकर था परेशान, जांच के आदेश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बहरोली गांव में गाटा संख्या 593 की कुछ हिस्से को लेकर हुरहुरी के आविद अली व बहरोली के रामप्रसाद आदि से कई दिनों से विवाद चल रहा है। रामप्रसाद ने गत दिनों उक्त भूमि में निर्माण शुरू कराया। आविद अली ने जमीन अपनी बताकर विरोध किया। दूसरे पक्ष ने आविद के पिता द्वारा 1998 में जमीन रहन पर देने की बात कही। इस मामले को लेकर आविद अली कुछ लोगों के साथ बुधवार को दोपहर बाद तहसील में पहुंचा।

तहसील परिसर में पहुंच कर वह आत्मदाह करने की धमकी देने लगा। शोर शराब सुनकर वहां कई लोग जमा हो गए। आविद अली ने केन से पेट्रोल अपने ऊपर डालने का प्रयास किया। कोर्ट की ओर जा रहे सपा नेता एवं अधिवक्ता नावेद खां की नजर ग्रामीण पर पड़ी। उन्होने दौड़ कर उसको पकड़ कर हाथों से पेट्रोल की केन छीन ली। अधिवक्ता ने अधिकारियों से समक्ष मामले को रखने पर जोर दिया।

सूचना मिलने पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहस. ीलदार अरविंद कुमार एवं चौकी प्रभारी पंकज कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ग्रामीण को तहसीलदार के चौंबर में ले गई। तहसीलदार ने ग्रामीण को समझाया। उन्होने जांच कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीण ने अपने कृत्य पर खेद व्यक्त कर न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा व्यक्त किया। अधिवक्ता नावेद खां ने बताया किसी ने पेट्रोल की केन आविद को दी। उसका इरादा भांप कर मैने उसका हाथ पकड़ कर केन छीन ली। थोड़ी देर में पुलिस आ गई। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया निजी भूमि को लेकर दो लोगों में विवाद है। तहस. ीलदार ने बताया मामला कोर्ट में लंबित है। मामले की जांच को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में संयुक्त राजस्व टीम गठित कर दी है। टीम स्थलीय व अभिलेखीय जांच कर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट का परीक्षण कर कार्रवाई की जायेगी।

**पुलिस सुरक्षा में भेजा घर**

प्रशासन ने टीम की जांच पूरी होने तक निर्माण पर रोक लगा दी है। प्रशासन के निर्देश पर पुलिस आविद अली को अपनी सुरक्षा में तहसील से हुरहुरी ले गई। चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया तहसीलदार के निर्देश पर ग्रामीण को उसके घर पहुंचा दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया तहसीलदार द्वारा बनाई टीम जांच कर दो दिन में आख्या प्रशासन को देगी।

**पिता ने रहन में दी थी जमीन**

आविद के पिता रूमाल शाह ने बहरोली में स्थित गाटा संख्या 593 रकबा 0.101 हेक्टेयर के एक/ तीन हिस्से को बहरोली के रामप्रसाद व श्यामवीर से ग्यारह हजार रुपया कर्ज लेकर रहन में रखी थी। रहननामा के अनुसार पैसा लेकर उसका कब्जा व दखल बहरोली के दोनों लोगों को दे दिया था। एक वर्ष में रकम अदा न करने पर बिना रोकटोक के काबिज व दाखिल रहने व कागजों में इंद्राज कराने की बात कही थी।

# गन्ना भुगतान को लेकर किसानों का तहसील में प्रदर्शन

- **होली से पहले बकाया न मिला तो आंदोलन की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान न मिलने से नाराज किसानों ने बुधवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व चौधरी अजीत सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी तराई क्षेत्र, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने किया।

किसानों ने आरोप लगाया कि बहेड़ी केसर शुगर मिल ने अब तक पिछले सत्र का गन्ना भुगतान नहीं किया है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसी के विरोध में किसान तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी बहेड़ी के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शन के बाद किसानों ने जिलाधिकारी बरेली को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार बहेड़ी भानू प्रताप को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि होली से पहले किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और मिल प्रबंधन की होगी।

किसानों का कहना है कि गन्ना उनकी मुख्य फसल है और भुगतान में देरी से उन्हें खाद, बीज और अन्य कृषि कार्यों के लिए आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की।

इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्वश्री सुरेंद्र सिंह, प्रमोद मौर्या, भगवान दास, मोहम्मद शान सहित कई किसान मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने एकजुट होकर अपने हक की आवाज बुलंद की।

# वसंत कालीन गन्ना बुवाई अभियान के तहत निकली वृहद जागरूकता रैली

- **80 गांवों में किसानों को किया जाएगा आधुनिक खेती के लिए प्रेरित**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** वसंत कालीन गन्ना बुवाई अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से गन्ना विकास परिषद बहेड़ी एवं बहेड़ी चीनी मिल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बहेड़ी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली क्षेत्र के लगभग 80 गांवों से होकर गुजरेगी। किसानों को समय से गन्ना बुवाई, उन्नत प्रजातियों के प्रयोग, संतुलित उर्वरक उपयोग और कीट नियंत्रण संबंधी जानकारी दी जाएगी। रैली में पांच प्रचार वाहन शामिल हैं, जिनके माध्यम से लाउडस्पीकर द्वारा योजनाओं और तकनीकी जानकारी का प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 45 मोटर साइकिलों का काफिला भी रैली के साथ चल रहा है, जिससे अभियान को व्यापक स्वरूप मिला। अधिकारियों ने बताया कि वसंतकालीन बुवाई गन्ना उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति से बुवाई करें तो उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि संभव है। रैली के माध्यम से किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान, बीज उपलब्धता और समय पर पर्ची निर्गमन की जानकारी भी दी जा रही है।

इस अवसर पर चीनी मिल एवं परिषद के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में वसंतकालीन गन्ना बुवाई कर क्षेत्र को उत्पादन में अग्रणी बनाने का आह्वान किया।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली की बड़ी पहल

- **अब बरेली में रक्त रोग और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण ओपीडी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख निजी चिकित्सीय संस्थान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने अपनी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए बरेली में रक्त रोग (ब्लड डिसऑर्डर) और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) के लिए विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। यह ओपीडी बरेली के प्रताप हास्पिटल में संचालित की जाएगी। इस सेवा का शुभारंभ हेमेटोलॉजी एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रदीप कुमार की उपस्थिति में किया गया। डॉ. प्रदीप कुमार प्रत्येक माह के चौथे बुधवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रताप हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे, और मरीजों को प्रारंभिक परामर्श तथा अनुवर्ती जांच की सुविधा प्रदान करेंगे।

डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि ल्यूकेमिया, लिंफोमा और मायलोमा जैसे रक्त कैंसर की समय पर पहचान अत्यंत आवश्यक है। लगातार थकान, बिना कारण बुखार, बार-बार संक्रमण, खून की कमी या असामान्य रक्त रिपोर्ट जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों में कैंसर के मामलों में यदि समय पर विशेषज्ञ केंद्र में सही उपचार मिले तो लगभग 70 प्रतिशत तक स्वस्थ होने की संभावना रहती है। इम्यूनोथेरेपी, सीएआर-टी सेल थेरेपी और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक उपचार पद्धतियों से अब परिणाम पहले की तुलना में बेहतर हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि कम हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट की कमी, थैलेसीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया, हीमोफीलिया और अन्य रक्तस्राव संबंधी विकार आम समस्याएं हैं। इसके अतिरिक्त तीव्र और दीर्घकालिक ल्यूकेमिया तथा लिंफोमा जैसे रोग भी तेजी से सामने आ रहे हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ परामर्श की उपलब्धता मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। इस पहल के माध्यम से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने यह स्पष्ट किया है कि उसका उद्देश्य महानगरों की उन्नत और विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाओं को क्षेत्रीय शहरों तक पहुंचाना है, ताकि मरीजों को लंबी दूरी तय करने और अतिरिक्त खर्च का बोझ न उठाना पड़े। यह कदम बरेली और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के रूप में देखा जा रहा है।

# अन्नपूर्णा भवन निर्माण व खाद्य योजनाओं की प्रगति पर डीएम की सख्ती

- **जमीन चयन में देरी पर नाराजगी, पेंडिंग फाइलें शीघ्र निस्तारण के निर्देश**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु स्थलों के चयन एवं खाद्य तथा रसद विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति को लेकर मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में की।

बैठक में डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थानों पर अब तक अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चयन नहीं हो सका है, वहां प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र चिन्हांकन की कार्रवाई पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करने तथा वहां के संपत्ति रजिस्टर का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए, ताकि उपलब्ध भूमि और संपत्तियों का सही आकलन कर योजनाओं को गति दी जा सके। समीक्षा के दौरान दुकानों के निलंबन से संबंधित फाइलों में उपजिलाधिकारी स्तर पर अधिक पेंडेंसी पाए जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक विलंब से विभागीय कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनाए जाने में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि अक्सर शिकायतें प्राप्त होती हैं कि पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए पात्रों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए।

,बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

# रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा

## लिंक एक्सप्रेस में जीआरपी को देख कर खाया जहर



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** रुद्रपुर में विवाहिता के साथ गैंगरेप का वांछित बीती शाम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशन के बीच नियमित जांच कर रही रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठे अभियुक्त ने घबराकर चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। रेलवे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम रेलवे पुलिस द्वारा नजीबाबाद-नगीना रेलवे स्टेशनों के बीच लिंक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच में नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन में यात्रा कर रहे उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी 23 वर्षीय अभय सक्सेना पुत्र रवेंद्र सक्सेना जो कि रुद्रपुर में 22 फरवरी की रात विवाहिता के साथ हुए गैंगरेप के मामले में वांछित है। रेलवे पुलिस को उत्तराखंड सिविल पुलिस समझ बैठा और घबराकर उसने चूहेमार दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होते ही रेलवे पुलिस ने उसे नगीना रेलवे स्टेशन पर उतार लिया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए। जहां पर चिकित्सा प्रभारी विशाल दिवाकर की मौजूदगी में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों व सहयोगी स्टाफ ने उसका उपचार शुरू कर दिया और युवक की स्थिति सामान्य होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जीआरपी नजीबाबाद द्वारा युवक को उत्तराखंड पुलिस को सुपुर्द करने के साथ साथ उसके परिजनों को भी सूचित कर दिया गया।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**नगीना।** मौहल्ला पंजाबियान निवासी मौ. काशिफ पुत्र मौ. रागिब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 20 फरवरी को उसकी बाइक संख्या UP20AR 9057 घर के बाहर खड़ी थी। रात में वह बाइक को घर में खड़ी करने के लिए घर के बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने बताया कि उसकी बाइक चोरी कर ली है, क्योंकि अज्ञात व्यक्ति सीसीटीवी कैमरे में बाइक ले जाते देखा जा रहा है। जिसकी वीडियो क्लिप काशिफ ने अपने पास होना बताया। उसने बताया कि बाइक में लगे बैग में ऑनलाइन राशन कार्ड के कागजात, राशन की दुकान की चाबी, पासबुक, सर्वयूपी ग्रामीण बैंक की एवं वाहन उपरोक्त से सम्बन्धित सभी कागजात, आरसी आदि भी रखी थी। उसने कहा कि मोटर साईकिल को शीघ्र से शीघ्र बरामद किया जाना अति आवश्यक है ताकि मुलजिम गाड़ी व गाड़ी में रखे कागजात व चाबी का दुरूपयोग न कर सके। थाना प्रभारी अवनीत मान ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बीटेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बी.टेक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ। जिसमें ईशिता त्यागी ने 88.22 प्रतिशत अंक पाकर कर प्रथम स्थान, नूर फात्मा ने 87.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व सिद्धि मुदगल ने 87.66 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा संस्था के अन्य अधिकतर विद्यार्थियों ने भी विशेष योग्यता से परीक्षा उत्तीर्ण की।

प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, कुंवर रुचि वीरा सांसद मुरादाबाद व श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन के लिए हृदय से सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शुभम कुमार, नाइला नईम, डॉ. नीतीश कुमार, हर्ष राजपूत, राशि, प्रगति गर्ग, अनमोल कुमार आदि को भी बधाई दी।

## एक नजर

### लापता ट्रैक्टर मैकेनिक का शव मिला



**नांगल सोती।** गांव शहजादपुर निवासी इरफान (45 वर्ष) की जीतपुर बस स्टैंड पर ट्रैक्टर मैकेनिक की दुकान थी। सोमवार को इरफान उत्तराखंड के रंजीतपुर में एक कार्यक्रम में गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बुधवार की दोपहर इरफान का शव गंगा नदी में मिला। परिजन गंगा नदी में डूबने से मौत होने आशंका जता रहे हैं। इरफान की पुत्री की अगले माह शादी थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी लेकिन उनकी मौत से खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि शव मिलने की सूचना नहीं मिली है।

### युवती को बहला कर ले गया युवक

**नगीना।** थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि 20 फरवरी को उसकी 21 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई थी। मां का कहना है कि जानकारी करने पर पता चला है कि मुरादाबाद के शरद पुत्र सतीश निवासी होली चौक लाइन पार उसकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। बेटी पर घर से जेवर और 20 हजार रुपए ले गई है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने बताया कि पुलिस मामले में गहनता से जांच कर रही है। जांच कर जल्द आरोपित को पकड़ कर लड़की को बरामद किया जाएगा।

### बुजुर्ग भैंस चोर का वीडियो वायरल



**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर निवासी एक दाढ़ी वाले बुजुर्ग को चोरी की भैंस के साथ कुछ ग्रामीणों ने देर रात पकड़ लिया। जहां ग्रामीणों ने उस बुजुर्ग चोर की वीडियो बनाकर वायरल कर दी। हालांकि यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है। उधर बुजुर्ग शातिर चोर हाथ जोड़कर अपने कारनामे की माफी मांग रहा है। परन्तु किसी गरीब की लाखों की भैंस चुराते वक्त उसे यह ख्याल नहीं आया। उक्त व्यक्ति का नाम उमरी पीर निवासी मुन्ना उर्फ बटवा बताया जा रहा है। उधर यह वीडियो कब की है यह कह पाना संभव नहीं है। कुछ ग्रामीण चुनावी रंजिश के चलते भी इसे वायरल करने की बात कह रहे है। लेकिन वीडियो से यह तो स्पष्ट है कि बुजुर्ग चोर ने भैंस तो चोरी की थी।

### श्रद्धापूर्वक मनाया होली का त्यौहार



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ सभा सुनारो वाले मंदिर में महिला कमेटी द्वारा रंगों का त्योहार होली श्रद्धा पूर्वक तथा उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर तथा डैक के गीतों पर जमकर नृत्य करके समा बांध दिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तथा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। उमा वर्मा द्वारा होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया गया की हिरण्यकुश के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु की पूजा किया करते थे, जो की हिरण्य कुश को पसंद नहीं था। इसीलिए उनके बार-बार मना करने पर भी उनके आदेश पर उन्होंने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद को करने का आदेश दिया। होली का प्रहलाद को मारने के उद्देश्य से अपनी गोद में लेकर होली में बैठ गई, जिससे प्रहलाद तो सकुशल बच गए लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई। इसीलिए होलिका दहन मनाया जाता है। होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का तथा ईश्वर के प्रति निष्ठा और विश्वास का प्रतीक है। इस दिन नई अनाज की गेहूं की बालियों को गन्ने के साथ भूनकर अग्नि को समर्पित किया जाता है तथा घरों में मिष्ठान बनाए जाते हैं सभी वर्णों के लोग मिलजुल कर प्रेम पूर्वक होली का त्यौहार मनाते हैं। कमलेश वर्मा, नमीता वर्मा, नीलम वर्मा, सुमन वर्मा, उमा वर्मा, रचना शर्मा तथा अन्य महिलाओं ने भी होली के मनमोहक भजनों का गायन किया। इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, स्वाति वर्मा, चाहत वर्मा, नीलम वर्मा, कमलेश् वर्मा, सुमन वर्मा, कंचन वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, तनु वर्मा, नमीता वर्मा, ममता वर्मा, शशि वर्मा, अनीता वर्मा, मंजू वर्मा, उमा वर्मा, पूनम वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, उर्मिला वर्मा, रचना शर्मा, सुरभि शर्मा, रेनू तोमर, मीनू आर्य, सीमा सिन्हा, सुधा विश्नोई, सोमवती, प्रेमवती, सरोज शर्मा तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रही। अंत में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एसबीडी में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम



**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधान के सन्दर्भ में 'राह वीर योजना' के बारे में छात्रओं को अवगत कराया गया एवं साथ ही छात्रओं को प्रोत्साहित किया गया कि कैसे वो सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान गोल्डन ऑवर में उसे समय से अस्पताल ले जाकर बचा सकते है। छात्रओं को 'राह वीर योजना' का प्रचार-प्रसार अपने पडोस एवं परिजनों में करने को कहा गया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब की नोडल अधिकारी असि. प्रो. कु. रितु देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में कु. काजल सिसौदिया का सहयोग रहा।

## एक नजर

### काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध



**धामपुर।** कन्या इन्टर कालेज में कैशलेस सुविधा से संबंधित शासनादेश जारी होने तक सांकेतिक विरोध हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में कार्य करते हुए विरोध प्रकट करते रहेंगे। कर्मचारियों में यशवीर सिंह, लाल सिंह, सुमित शर्मा, आर्यन राजपूत (लिपिक), दिनेश कुमार, राकेश कुमार, सुनिता, रूबी, ललित कुमार, सचिन कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि शामिल रहे।

### रमजान इबादत का महीना : कारी नईम अहमद

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ा निवासी कारी नईम अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत का महीना है। इस महीने में हर मुसलमान को नमाज व सदका करना चाहिए। तराबीह की नमाज जरूर पढ़े। रमजानुल मुबारक का रोजा इस्लाम के अरकान में से एक अहम अरकान है, जिसके बगैर आदमी अधूरा मुसलमान है। रमजान का रोजा हर मुसलमान आकिल बालिग, मर्द, औरते पर जिसमें रोजा रखने की ताकत हो फर्ज है। जब तक कोई ऊर्ज ना हो तो रोजा छोड़ना दुरुस्त नहीं और अगर रोजा के मन्नत नजर करे, तो रोजा फर्ज हो जाता है। कजा व कुफ्फारे के रोजे भी फर्ज है। इसके अलावा वह सब रोजे नफ्फिल है जिन्हें रखे तो सवाब न रखे तो कोई गुनाह नहीं है। रोजे की इब्तिदा आदम अलैहिस्सलाम के जमाने से ही हो गई थी। नबी करीम ने नबूवत मिलने के बाद तीन साल तक मक्का मौजजमा ही में लोगों को खुदाए पाक का हुक्म सुनाते व तब्लीग करते रहे फिर मक्का मुजमा से हिजरत फरमाने के बाद अब आप मदीने तशरीफ लाए तो वहां पर अहकामात आने शुरू हुए। उन्हीं में से एक हुक्म रोजे का भी था जो हर मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है।

### फ्री बल्ब देने के बहाने बैंक खाते कर रहे खाली

**हीमपुर दीपा।** पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह के नेतृत्व में पुलिस सोशल मीडिया व्हाट्सएप और फेसबुक ग्रुपों में मैसेज भेज कर लोगों को अवगत करा रही है कि कुछ लोग सस्ते फ्री एलईडी बल्ब देने के बहाने लोगों का आधार कार्ड और दस रुपए लेकर डिवाइस पर फिंगरप्रिंट लगवा रहे है। जिससे लोगों का बैंक खाता शून्य हो जा है। इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए कम समय में ज्यादा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस ने सोशल मीडिया ग्रुपों पर मैसेज छोड़ते हुए ऐसे किसी भी व्यक्ति के झांसे में न आने की अपील की है।

### भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम लालपुर में स्थित डंडे वाले बाबा के स्थान पर रामायण पाठ और हवन पूजन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। लालपुर निवासी शर्मा परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परिवार की सुख-शांति के लिए इस भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शर्मा परिवार ने बताया कि डंडे वाले बाबा के स्थान पर यह हवन और भंडारा हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य भगवान से परिवार और ग्राम की सुख-समृद्धि की कामना करना है। इस अवसर पर आयोजित पूजा में अमरीश शर्मा, अर्जुन शर्मा, बबलू शर्मा, अभिमन्यु शर्मा, रोहित शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पान मसाला के बढ़े दामों से हड़कंप




**स्योहारा।** नगर में इन दिनों गुटखा पान मसाला और सिगरेट के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। खासकर दिलबाग गुटखा समेत कई ब्रांडों के दामों में एकाएक बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। आम लोगों का कहना है कि बिना किसी आधिकारिक घोषणा के रेट बढ़ा दिए गए हैं, जिससे रोजमर्रा खर्च पर असर पड़ रहा है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि उन्हें माल महंगे दामों पर मिल रहा है। इसलिए मजबूरी में खुदरा मूल्य बढ़ाना पड़ रहा है। वहीं कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि कुछ थोक व्यापारी और जमाखोर कमी दिखाकर अधिक मुनाफा कमाने की कोशिश कर रहे हैं। बाजार में अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग दाम वसूले जाने की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। नगर के पान विक्रेताओं का कहना है कि कंपनियों की ओर से सप्लाई कम आने और ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इस बारे में कोई स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है। अचानक बढ़े दामों से छोटे दुकानदार भी असमंजस में हैं। क्योंकि ग्राहकों के साथ कहासुनी की स्थिति बन रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक वसूली पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि वाकई कंपनी स्तर पर रेट बढ़े हैं तो उसकी आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक की जाए, अन्यथा जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। फिलहाल नगर में बढ़े दामों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# मॉडर्न एरा में क्लास शो का आयोजन




## छात्र-छात्राओं ने दिखाया टैलेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के valley of flowers विंग में क्लास शो का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा बालवाटिका- 1 के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना था।

कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग किया। सबसे पहले विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। फिर कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर प्रिंसिपल ने अभिभावको के साथ दीप प्रज्वलन करके की। उसके बाद ग्रुप सांग, ग्रुप डांस आज है संडे, योगा, फैंसी ड्रेस- अवर हेल्पर्स, कविता बिजली बचाओ, कविता घड़ी, कहानी प्यासा कौवा, टग ऑफ वार, डांस इत्ती सी हँसी, नंबर एक्टिविटी, सोलो सॉन्ग अहा टमाटर, इंग्लिश पोयम ट्रैफिक लाइट, पोयम वाटर, सोलो डांस परीलोक से आई, स्केटिंग, कलर रिकॉग्निशन ट्रेन, बैंड टीम का प्रदर्शन इंग्लिश स्टोरी ग्रीडी फॉक्स, ग्रुप डांस फिर भी दिल है हिंदुस्तानी और ताइक्वांडो आदि जोरदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान पाएंगे और अपनी प्रतिभा के बल पर अपने माता पिता और अपने विद्यालय का ही नहीं अपितु अपने जिले और देश का नाम भी रोशन करेंगे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की और डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और उनसे अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे छोटे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का आकलन किया जा सके व वे उसी क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

समस्त कार्यक्रम विंग कोऑर्डिनेटर रेनू भगत की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में मीनाक्षी शर्मा, शालिनी तुली, रेनू सिंह, हबीबा खान, कविता गोस्वामी, प्रियंका, सुमिता, नीलम, सुचेता तोमर, गीता खन्ना, अंशिका, रानी ठाकुर, श्वेता शर्मा, पारुल, सोनम, निधि, महिमा, संजना, दीक्षा, फरहीन का पूर्ण सहयोग रहा।

## शुगर मिल में मेडिकल कैंप का आयोजन



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल में आज सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के सहयोग से एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 104 श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की गई, तथा उनकी बीमारियों के अनुसार निशुल्क दवाइयां सिद्ध अस्पताल, मुरादाबाद के डॉक्टर्स की टीम के द्वारा दिया गया। मेडिकल कैंप का उद्घाटन धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सिद्ध हॉस्पिटल, मुरादाबाद के वरिष्ठ डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. सुमित खत्री, डॉ. मौहम्मद इमरान और डॉ. नेहा चंद्रा उपस्थित थे। डॉक्टरों की टीम ने ब्लड प्रेशर, लिपिड प्रोफाइल, एक्स-रे, न्यूरो केसेज, हड्डी संबंधित तथा महिलाओं से संबंधित बीमारियों, ईसीजी जैसी जांचें कीं और नि:शुल्क दवाईयां प्रदान कीं। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी की टीम - सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पवार, राजेंद्र सिंह विजय कुमार, कविता रानी ने सहयोग किया। मेडिकल कैंप के दौरान धामपुर शुगर मिल के श्रमिकों, कर्मचारियों की ओर से विवेक सिंह यादव, अजय पांडेय, विनोद सिंह राणा, दिल्ली ऑफिस से आये श्याम सुंदर शर्मा, शरद गहलोत, संजय अग्रवाल, अंकित, विशेष शर्मा, आदि उपस्थित थे। मेडिकल कैंप का को-ऑर्डिनेशन विजय कुमार गुप्ता ने किया।

## एमबीए प्रथम सेमेस्टर में वंशिका चौहान प्रथम



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के एमबीए प्रथम सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा जारी किया गया।

परिणाम में संस्थान के विधार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। जिसमें छात्रा वंशिका चौहान पुत्री ओमपाल सिंह को 78.3 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा सृष्टि अग्रवाल पुत्री हितेन्द्र अग्रवाल 77. 3 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्रा खुशी पुत्री राकेश कुमार 76.3 प्रतिशत अंक एवं मिस्बा वली पुत्री अब्दुल वली 76.3 प्रतिशत अंक ने संयुक्त रूप से प्रतीय स्थान पर रहीं। संस्था की चेयरपर्सन डा० नीलम अग्रवाल ने बताया कि विधार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया, डा. एकता मलिक, कोर्डिनेटर नाजिश, निधि चौहान, डा. सगीर अहमद, राजेश कुमार, नमन कौशिक, मंशा अग्रवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनॉए दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का इंतकाल



## शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा तांता

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद की वालिदा का लम्बी बीमारी के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही उनके निवास स्थान पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी नमाज ए जनाजा बाद नमाज ए जोहर अदा की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला मियाजी मौखा निवासी वरिष्ठ बसपा नेता मरहूम अब्दुल समी की पत्नी व युवा बसपा नेता शेख मौहम्मद जैद, शान मौहम्मद एड., शेख मौहम्मद उवैश की वालिदा शमा मजहर (62 वर्ष) का लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उन्होंने कल शाम साढ़े छह बजे दिल्ली के अस्पताल में अन्तिम सांस ली। आज बाद नमाज ए जोहर नगर की जामा मस्जिद के जनाजा गाह में उनकी नमाज-ए-जनाजा मौलाना नईम ने अदा कराई।

उसके बाद उन्हें अब्दुल रज्जाक स्कूल के समीप कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी नमाज जनाजा में भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। शेख मौहम्मद जैद लगातार दिल्ली में ही रहकर अपनी वालिदा का इलाज करा रहे थे। शमा मजहर दीनदार नमाजी और मिलनसार महिला थीं। नगर की महिलाओं ने भारी संख्या में मरहूमा की अयादत के लिए पहुंचकर दुआ ए मगफिरत की।

मरहूमा की नमाज ए जनाजा में मुख्य रूप से जियाउर्रहमान बर्क सांसद संभल, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, शेख कमरूल इस्लाम पूर्व चेयरमैन शेरकोट, शेख इरशाद हुसैन, मौहम्मद अरशद पैगाम वाले, पूर्व चेयरमैन साहनपुर, मुमताज अंसारी, सनी एड. पुत्र पूर्व चेयरमैन स्योहारा, सलमान कुरैशी पूर्व सपा जिलाध्यक्ष, नईम अहमद एड., हरिश्चंद्र कर्णधार, अकबर अहमद डंपी झालू, जमील अहमद प्रधान मौहम्मदपुर मण्डावली, फैजान मेडीकल वाले, मुफ्ती रियाजुद्दीन, जहीर खान एड., इमरान असगर एड., शेख मौहम्मद फैज, सूफी अब्दुल कदीर, मौहम्मद यासर एड., इस्माइल तुर्क, सुरुश अनवर एड., रिजवान हसन सभासद, अहमद हसन कुरैशी आदि ने भारी संख्या में शिरकत की।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# पंखे से लटका मिला संविदा स्वास्थ्य कर्मी का शव

## गृहक्लेश के चलते सीएचसी में लगाई फांसी, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक संविदा कर्मी का शव बुधवार सुबह करीब नौ बजे सीएचसी परिसर स्थित सरकारी आवास में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य केंद्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय अंकुर चीमा पुत्र भगत सिंह निवासी गांव भेड़ा भरतपुर, थाना नौगावां सादात के रूप में हुई है। वह जोया सीएचसी की नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई (एसएनसीयू) में संविदा पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी गरिमा सिंह बलरामपुर जिले में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं। वर्ष 2022 में उनकी शादी हुई थी। उनके परिवार में



पत्नी के अलावा आठ माह का एक बेटा है। बताया गया कि बुधवार सुबह साथी कर्मचारी अंकुश और पुनीत ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अंकुर का शव कमरे में लगे पंखे से लटका हुआ था। घटना की सूचना तत्काल सीएचसी स्टाफ और पुलिस को दी गई। सहकर्मियों के अनुसार अंकुर 16 फरवरी को चार दिन की छुट्टी लेकर पत्नी से मिलने बलरामपुर गए थे। तीन दिन गैरहाजिर रहने के बाद वह मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे सीएचसी लौटे और नाइट ड्यूटी पर तैनात हो गए। बुधवार सुबह साढ़े सात बजे ड्यूटी समाप्त कर वह अपने आवास पर चले गए थे। इसके बाद यह घटना सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डिडौली इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# पुलिस ने कोर्ट परिसर में चलाया चैकिंग अभियान

## नौ दिन पहले मिली थी बम से उड़ाने की धमकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौ दिन पूर्व ई-मेल के माध्यम से कोर्ट परिसर को बम विस्फोट से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से अमरोहा पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। इसी कड़ी में बुधवार को भी कोर्ट परिसर में चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता लेकर चप्पा चप्पा खंगाला हालांकि इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

गौरतलब है कि बीती 16 फरवरी की सुबह जिला जज के आधिकारिक ई-मेल एड्रेस पर एक संदिग्ध मेल भेजा गया था। इसमें तमिलनाडु में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण लागू करने



का विरोध करते हुए कोर्ट परिसर को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। मेल भेजने वाले ने दोपहर में 12:15 बजे विस्फोट करने की चेतावनी दी थी। ई-मेल में दावा किया गया था कि न्यायालय परिसर में 12 आरडीएक्स आधारित आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाए गए हैं, जो दोपहर 12:15 बजे विस्फोट कर सकते हैं। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क हो गया था। कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी लेकिन तीन घंटे चले सर्च ऑपरेशन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। वहीं, इस धमकी के बाद से पुलिस द्वारा पूरी सतर्कता बरती जा रही है। लिहाजा, बुधवार को सीओ अवधभान सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने कोर्ट परिसर की गहन जांच की। डॉग स्क्वायड व बम निरोधक दस्ता साथ लेकर पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया और आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सीओ ने बताया कि सुरक्षा के उद्देश्य से चेकिंग अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

# सड़क हादसे में घायल युवक की 15 दिन बाद मौत

## ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** 15 दिन पहले सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई जबकि घायल साथी का अभी उपचार चल रहा है। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रजबपुर क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी गुरुवेंद्र सिंह के मुताबिक उनका भाई पुनीत कुमार बीती 10 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे बाइक से अपने साथी रविंद्र के साथ गजरौला जा रहा था। आरोप है कि रहमापुर के पास लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी थी, ट्रैक्टर गांव धनौरी माफी निवासी रावेंद्र सैनी चला रहा था। हादसे में पुनीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि रविंद्र गंभीर घायल हो गया था। रविंद्र का इलाज चौधरपुर स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजनों का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई।

## रोवर्स/रेंजर्स के त्रिदिवसीय शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रमाबाई आंबेडकर महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स इकाई के त्रि-दिवसीय शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने ध्वजारोहण व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। बुधवार को आयोजित शिविर में प्राचार्य ने शिविरार्थियों को अनुशासन में रहने एवं बताये गये नियमों को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया। डॉ.अजीता रानी, डॉ.मनमो. हन वर्मा, डॉ.श्वेता अग्रवाल और डॉ.रीनू गिल ने शिविरार्थियों से शिविर में सिखाए गए नैतिक मूल्यो को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। शिविर का संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ.नेहा अग्रवाल एवं रोवर्स प्रभारी डॉ.अनिल सिंह ने किया। प्रशिक्षक अमन ने शिविरार्थियों को प्रार्थना, झण्डा गीत, प्रतिज्ञा एवं इतिहास के साथ ही विभिन्न अवसर पर बजाई जाने वाली तालियों एवं आपदा स्थिति में अपने-दल को स्थिति से अवगत कराने हेतु प्रयोग किए जाने वाली सांकेतिक भाषा का भी ज्ञान दिया।

# संतों का अपमान करने से बाज आए भाजपा

## अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे की निष्पक्ष जांच हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांग्रेस ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ पोक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को डीएम को ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सही बात नहीं सुनना चाहती। जो इस पार्टी को सही सुझाव देता है उनकी बात को दबाती है। सरकार अपनी जिद पर अड़ी है तथा विरोधियों को षड़यंत्र के तहत झूंठे मामलो में फंसाया जा रहा है। ज्योतिमठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद तथा उनके शिष्यों को परेशान व प्रताड़ित किया जा रहा है। कुंभ के दौरान पुलिस द्वारा सरस्वती व उनके शिष्यों को स्नान करने से रोका गया तथा उनकी बेरहमी से पिटाई की गयी। अभी पिछले दिनों उनके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। जोकि झूंठा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सौंपा। जिसमें अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की



गयी है। ज्ञापन देने में प्रदेश सचिव सुखराज सिंह, शाहिद सिद्दीकी, फैज आलम राईनी, हरिओम, इंतजार, अली इमाम रिजवी, दीपक, मुमताज अली, शमीम अब्बासी, इकबाल अंसारी आदि मौजूद रहे।



हसनपुर। पेड़ से लटके मिले युवक के शव की जांच करती पुलिस व जमा भीड़।

# लापता मजदूर का पेड़ से लटका मिला शव

## काम पर जाने के लिए निकला था घर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात युवक की लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

कनेटा रोड पर दिल्ली निवासी हाजी शाहिद के बाग में आम के पेड़ पर दोपहर करीब 11:00 बजे मजदूरों ने अज्ञात युवक की लाश पेड़ पर लटकी देखी तो उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। आम के पेड़ पर चुनरी के सहारे करीब 10 फीट ऊंचाई पर आम के पेड़ पर अज्ञात युवक का शव फांसी के फंदे



पर लटका हुआ था। सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। कुछ देर घटना स्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई तथा अज्ञात युवक की शिनाख्त करने का प्रयास करने लगी। 2 घंटे के बाद युवक की जेब में रखे आधार कार्ड के आधार से युवक की लाश की शिनाख्त दिनेश पुत्र नेमपाल आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम बाईखेड़ा के रूप में हो गई। युवक की लाश के नीचे कड़ा पड़ा हुआ था। परिजनों को वारदात के बारे में जानकारी दे दी गई। युवक की लाश पेड़ पर लटकी मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दिनेश अपने पीछे दो बेटियां वह पत्नी रेनू को छोड़ गया है। 10 दिन पहले वह हरियाणा मजदूरी करने के लिए कहकर गया था। तब से ही दिनेश लापता था। फॉरेंसिक टीम ने मौके से नमूने उठाये है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दौड़ में कशिश व लम्बी कूद में नेहा प्रथम

## जेएस डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस डिग्री कालेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सौ व दो सौ मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कशिश जबकि लम्बी कूद में नेहा रानी ने प्रस्थल स्थान प्राप्त किया। कैलसा रोड स्थित परिसर में महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा महाविद्यालय प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि सत्र 2025-26 में महाविद्यालय की एथलेटिक्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चौंपियन ट्रॉफी अपने नाम की थी। क्रीड़ा सचिव डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि बालक एवं बालिका वर्ग में 12-12 प्रतियोगिताएं आयोजित की जा



रही हैं।बालिका वर्ग में कशिश चौधरी 100 व 200 मीटर, मदीहा खान लोधी (जैवलिन), नेहा रानी लंबी कूद और दिव्यांशी (1500 मीटर) विजेता रहीं। प्रतियोगिता के पहले दिन परिसर में उत्साह और खेल भावना का माहौल देखने को मिला। विजेता खिलाड़ियों को समापन समारोह में पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# किसी व्यापारी को परेशान होने की जरूरत नहीं

## सदर विधायक महबूब अली ने दिलाया भरोसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण नहीं कराया जायेगा।

गौरतलब है कि पूर्व मंत्री महबूब अली द्वारा सदन में गांधी मूर्ति चौराहे से लेकर अतरासी मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण की मांग की थी। जिसे लेकर पिछले दिनों व्यापारी विरोध में उतर आए थे। व्यापारियों का कहना था कि इस कार्य से उनके प्रतिष्ठानों को नुकसान हो सकता है। आज व्यापारी सदर विधायक महबूब अली के आवास पहुंचे तथा इस मामले को लेकर उनसे मुलाकात की। श्री अली ने कहा कि विकास कार्य जनहित में हैं, लेकिन किसी भी व्यापारी को बेवजह नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर ऐसा समाधान निकाला जाएगा,



जिससे सड़क चौड़ीकरण भी हो और व्यापारियों के हित भी सुरक्षित रहें। आश्वासन के बाद व्यापारियों ने अपना विरोध समाप्त कर सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में सवेश सैनी, शशिकांत गोयल, वीरसिंह यादव, आजम कुरैशी, सरताज आलम, मंसूर खान सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

















खेल विशेष

### वकार यूनुस ने हार के लिए पाकिस्तान की बैटिंग को जिम्मेदार ठहराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** पाक के पूर्व पेसर वकार यूनुस ने कहा है कि टी 20 वर्ल्ड कप सुपर आठ मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम से हार के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की जबरदस्त बॉलिंग के बावजूद पाकिस्तान सही टोटल से चूक गया और बीच के ओवरों में कंट्रोल खो दिया। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान को बोर्ड पर 15-20 रन और चाहिए थे। उन्होंने कहा कि पहली इनिंग में, पाकिस्तान ने काफी रन नहीं बनाए। इस पिच पर, उन्हें और 15-20 रन चाहिए थे। 175-180 का टोटल बराबर होता। फिर हैरी ब्रूक तीसरे नंबर पर आए और पूरा कंट्रोल ले लिया। यह बिना किसी मौके के बैटिंग थी, वह शानदार थे। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान से गेम छीन लिया।

### ऑस्ट्रेलिया 23 साल बाद बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया 23 साल के लंबे अंतराल के बाद अगस्त में बंगलादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 2003 के बाद यह पहली बार होगा जब बंगलादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगा। इस सीरीज के दोनों मैच मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे। डार्विन के मैदान पर 22 साल बाद टेस्ट मैच खेला जाएगा। यहां वर्ष 2004 में श्रीलंका ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच खेला था। इत्तेफाक से, डार्विन का पहला टेस्ट 2003 में बंगलादेश के साथ हुआ था। इस बीच, ग्रेट बैरियर रीप अपने पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। इस जगह पर सिर्फ तीन वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए है 1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक एकदिवसीय बारिश की वजह से रद्द हो गया था।

# भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला आज

## गत चैंपियन को सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए जिम्बाब्वे को हराना होगा



**चेन्नई, वार्ता।** खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरा गत चैम्पियन भारत 'करो या मरो' के मुकाबले में फंस गया है और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों के लिए उसे गुरुवार को जिम्बाब्वे को हराना होगा। सुपर 8 में बने रहने की लड़ाई नाम, आंकड़ों या टूर्नामेंट से पहले की हाइप से तय नहीं होती यह हिम्मत, मेहनत और दबाव में हर रन और हर विकेट के लिए लड़ने की इच्छा से तय होती है। गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में उमस भरी शाम को, भारत और जिम्बाब्वे दोनों यह जानते हुए मुकाबले में उतरेंगे कि एक और हार न सिर्फ उनके कैंपेन को नुकसान पहुंचाएगी, बल्कि उनके सेमीफाइनल के सपने भी खत्म कर देगी। यह स्टाइलिश दबदबे का मुकाबला नहीं है। यह लड़ने वालों का मुकाबला है। भारत पर उम्मीदों का बोझ है, लेकिन सिर्फ उम्मीद से स्कोरबोर्ड पर दबाव नहीं पड़ता। उनके बल्लेबाजों को अपनी ताकत दिखाने से पहले सब्र के साथ पारी बनानी होगी।

शुरुआती ओवरों में टॉप ऑर्डर को डिसिप्लिन दिखाना होगा, नई गेंद की चुनौती को समझना होगा और फिर कंट्रोल में अटैक करना होगा। बीच के ओवर जंग का मैदान बन जाते हैं जहां या तो मोमेंटम बचाना होता है या खोना होता है। बहुत कुछ सूर्यकुमार यादव के निडर स्ट्रोक प्ले पर निर्भर करेगा, जो एक ऐसे बैट्समैन हैं जो तेज और अहम शॉट सिलेक्शन से गेम की लय बदल सकते हैं। उनका साथ हार्दिक पंड्या की जबरदस्त फिनिशिंग काबिलियत देगी, जिनसे उम्मीद की जाएगी कि वे क्लासिक लेट-इनिंग्स रोल-एब्जॉर्ब प्रेशर निभाएंगे, फिर जब बॉलर थक जाएं और फील्ड फैल जाए तो स्ट्राइक करेंगे। भारत की बॉलिंग कंट्रोल और पेनेट्रेशन पर बनी है। जसप्रीत बुमराह का अनुभव और सटीकता पावरप्ले और डेथ ओवर्स दोनों में जरूरी होगी, जबकि वरुण चक्रवर्ती का स्पिन कंट्रोल पिच के धीमा होने पर अहम हो सकता है। चेपॉक में पारंपरिक रूप से उन बॉलर्स को इनाम मिलता है जो रॉ पेस के बजाय लेंथ, सब्र और टैक्टिकल इंटेलिजेंस बनाए रखते हैं। जिम्बाब्वे एक ऐसी टीम के जोश के साथ आएगा जो गेम के हर फेज में मुकाबला करने में यकीन रखती है। वे अपनी रेप्युटेशन बचाने के लिए नहीं खेल रहे हैं। वे एक रेप्युटेशन बनाने के लिए खेल रहे हैं। उनके कैप्टन सिकंदर रजा बैटिंग ऑर्डर को स्टेबल करने और स्मार्ट स्पिन और टाइट लाइन्स से बीच के ओवर्स को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी उठाते हैं। उनके पेस लीडर ब्लेसिंग मुजरबानी की को. शिश होगी कि वे जल्दी स्ट्राइक करें और पार्टनरशिप बनने से पहले इंडिया के टॉप ऑर्डर को हिला दें। चेपॉक की पिच ज्यादा देर तक आसान रन नहीं देगी। शुरुआत में स्ट्रोक प्ले मुमकिन होगा, लेकिन जब स्पिनर्स मुक. ाबले में आएंगे तो टिके रहने के लिए हिम्मत चाहिए होगी। पहले बैटिंग करने वाली टीमें आराम से 180-190 तक पहुंचना चाहेंगी, जबकि पीछा करने वाली टीमों को विकेट हाथ में रखने होंगे और बिना सोचे-समझे हिट करने के बजाय सोचे-समझे अटैक पर भरोसा करना होगा। इस तरह के मैचों में, स्किल सिर्फ आधी कहानी होती है। बाकी आधी कहानी टेम्परामेंट की होती है। जब वर्ल्ड कप के सपने हाथ से निकलते दिखें तो डटे रहने की काबिलियत। आज रात की लड़ाई इस बारे में कम है कि कौन सबसे ज्यादा शॉट खेलता है, बल्कि इस बारे में ज्यादा है कि चेन्नई की भारी शाम की हवा में मुकाबला कड़ा होने पर कौन हार नहीं मानता।

**भारतीय टीमः** सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ईशान किशन, शिवम दुबे, वाशिगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, मोहम्मद सिराज

**जिम्बाब्वे टीमः** सिकंदर रजा, ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, ब्रैड इवांस, क्लाइव मडांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमानी, वेलिगंटन मसकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिगा मुसेकिवा, ब्लेसिग मुजरबानी, डियोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, बेन करेन

## रिंकू की अनुपस्थिति में अभ्यास में सैमसन पर फोकस

● **भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं**

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह पारिवारिक आपात स्थिति के कारण घर लौट गए हैं और 26 फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुक़ाबले में उनके खेलने पर संदेह है। चेपॉक में मैच से दो दिन पहले दूधिया रोशनी में हुए अभ्यास सत्र में रिंकू मौजूद नहीं थे। रिंकू का टूर्नामेंट अब तक साधारण रहा है। ग्रुप चरण में 6, 1, 11' और 6' के स्कोर के बाद वह अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की हार में खाता भी नहीं खोल सके। अगर रिंकू गुरुवार के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं, तो संजू सैमसन अंतिम एकादश में वापस आ सकते हैं। यह शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों के वर्चस्व को तोड़ सकता है। हालांकि नंबर 3 पर कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक विकल्प बने हुए हैं। सैमसन ने मंगलवार को भारत के अभ्यास सत्र के दौरान सेंटर विकेट पर लंबी प्रैक्टिस की। बाद में उन्होंने मुख्य मैदान से सटे एमए चिदंबरम बी नेट्स में भी बल्लेबाजी की। करीब 6-30 बजे पहले नेट में कोच गौतम गंभीर की निगरानी में सैमसन और इशान किशन ने ते गें. दबाजों का सामना किया। जब भी मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह ने बैक ऑ लेंथ या शॉर्ट गेंद फेंकी, सैमसन जल्दी बैकफुट पर आकर उन्हें मजबूती से लॉन्ग-ऑन या मिडविकेट के ऊपर पुल कर रहे थे। वाइड लॉन्ग-ऑन के ऊपर एक जोरदार शॉट पर कैमरामैन को बचने के लिए भागना पड़ा। हालांकि जब अर्शदीप ने गुड लेंथ पर गेंदबाजी की, सैमसन बैकफुट पर ही खड़े रहे, बिना पैरों का इस्तेमाल किए ड्राइव के लिए गए और चूक गए। टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में जैकब डफी और मैट हेनरी ने इसी तरह की लेंथ पर उन्हें परेशान किया था, जब उन्हें कवर के ऊपर या सीधे शॉट खेलने की जगह नहीं मिली। बाद में सैमसन ने पीछे हटकर जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन वह तरीका भी सफल नहीं रहा। थोड़ी देर बाद दूसरे नेट में स्पिन के खिलाफ सैमसन ने लय हासिल कर ली। जब मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हल्की ओवरपिच गेंद डाली, सैमसन ने ऑफ साइड के ऊपर छक्का जड़ दिया। फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ कुछ समय कीपिग का अभ्यास करने के बाद, सैमसन साइड नेट्स में गए और सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे की निगरानी में फिर बल्लेबाजी की। अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा बन चुके।

## अभिषेक-वरुण रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

● **जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर नंबर-1 स्थान हासिल किया**





**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा टी-20 रैंकिंग में भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिन गें. दबाज वरुण चक्रवर्ती शीर्ष पर बने हुए हैं। आईसीसी की आज जारी रैंकिंग के अनुसार भारत और श्रीलंका की मेजबानी में चल रहे टी-20 विश्वकप में अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म के बावजूद टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महंगे प्रदर्शन के बावजूद स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में भी शीर्ष पर बने हुए है। इसके अलावा इशान आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है जबकि भारत के शिवम दुबे दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकटर रजा ने टी-20 विश्वकप में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फिर से नंबर वन स्थान हासिल कर लिया है। रजा ने जिम्बाब्वे को सुपर आठ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ 45 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 रन बनाए, जिससे वह ताजा रैंकिंग अपडेट में ऑल-राउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के अनुभवी मोहम्मद नबी तीन स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे नंबर पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने अपने करियर की सबसे अच्छी रेटिग हासिल की है।

### रिचर्ड पाइबस बने अफगानिस्तान के मुख्य कोच

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान ने इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पाइबस को सभी प्रारूपों के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है।

वह अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। पाइबस ने 1986 में केवल एक लिस्ट ए मैच खेला। हालांकि उन्होंने कई देशों की टीमों के साथ कोच के रूप में भूमिका निभाई है। वह 1999 से 2003 तक पाकिस्तान के कोच रहे, जिसमें 1999 एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल तक की यात्रा शामिल थी। 2013 में उनका बंगलादेश के प्रमुख कोच के रूप में एक छोटा कार्यकाल भी रहा। इसके बाद 2013 से 2019 तक उन्होंने वेस्टइंडीज टीम के साथ छह साल बिताए और क्रिकेट डायरेक्टर, हाई-परफॉर्मेंस विशेषज्ञ और अंत में प्रमुख कोच की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड काउंटी क्रिकेट में मिडलसेक्स के साथ भी काम किया और दक्षिण अफ्रीका की घरेलू लीग में टाइटंस टीम के भी कोच रहे।

## वू ने रूड को चौंकाया, ज्वेरेव आगे बढ़े



● **अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2 6-2 से जीत हासिल की**

**मेक्सिको, वार्ता।** क्वालिफायर वू यिबिग ने मंगलवार रात एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल में तीसरी सीड कैस्पर रूड को 7-6(2), 7-6(1) से हराकर अपने करियर की तीसरी टॉप 20 जीत हासिल की। चीनी स्टार, जिन्होंने पहले 2023 में टेलर फिट्ज और पिछले सितम्बर में दानिल मेदवेदेव को हराया था, दो टाई-ब्रेक में शानदार रहे क्योंकि उन्होंने एक एग्रेसिव गेम प्लान के साथ रूड को हरा दिया। वू ने जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि जब भी वह मुझ पर बहुत ज्यादा प्रेशर डाल रहे थे, मैं शांत रहा।बेशक कैस्पर टूर पर रैली खेलने वाले सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक हैं, और मुझे सच में सब्र रखना था और साथ ही एग्रेसिव भी रहना था। वू ने अपनी पहली सर्व का सिर्फ 62 परसेंट ही किया, और रूड के दूसरी सर्व पर अटैक करने का प्रेशर महसूस किया। लेकिन उनकी सर्विस सिर्फ एक बार टूटी, और दूसरे सेट के बीच में दोनों ने एक-दूसरे को ब्रेक दिया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 12 खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ, अकापुल्को में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने इवेंट में और रूड के साथ अपनी हेड2हेड सीरीज में 1-0 का सुधार किया। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ एक जबरदस्त ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में हार के बाद अपने पहले कॉम्पिटिटिव एक्शन में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी मंगलवार रात अकापुल्को में अपने कैंपेन की शानदार शुरुआत की। ज्वेरेव ने कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। टॉप सीडेड जर्मन खिलाड़ी ने एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं दिया, और पहले सर्व में और पहले सर्व में जीते गए पॉइंट्स पर 79 परसेंट अंक हासिल किए। अकापुल्को में अपनी 15वीं जीत के साथ, ज्वेरेव (15-5) 2014 में हार्ड कोर्ट पर स्विच होने के बाद से इस इवेंट में सबसे ज्यादा जीत के मामले में राफेल नडाल (15-2) की बराबरी पर आ गए।

### हैदराबाद महिला क्वालिफायर के लिए पूरी तरह तैयार

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप में बची हुई आखिरी जगहों के लिए रेस तेज हो गई है। बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए 8 विमेंस टीमें 8-14 मार्च तक हैदराबाद, तेलंगाना, में मुकाबला करेंगी। ए टीमें 16 टीमों वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करने की कोशिश में भिड़ेंगी। यह वर्ल्ड कप 15-30 अगस्त 2026 तक बेल्जियम के वावरे और नीदरलैंड्स के एम्सटलवीन में होगा। कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और एफआईएच हॉकी प्रो लीग पहले ही नौ क्वालिफायर तय कर चुकी हैं, इसलिए यह इवेंट इन आठ उभरते देशों के लिए हॉकी के इस बड़े इवेंट के लिए अपना टिकट बुक करने का आखिरी रास्ता है। टूर्नामेंट का फॉर्मेट फील्ड को चार टीमों के दो पूल में बांटता है, जिसमें हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। दोनों सेमीफाइनल और ब्रॉन्ज

## अमेलिया केर के शतक से जीता न्यूजीलैंड

● **कप्तान अमेलिया केर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने जिम्बाब्वे को 92 रनों से हराया**




**हैमिल्टन, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 101/ दो विकेट ) के हरफनमौल प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 92 रनों से शिकस्त दी। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की महिला टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र पांच रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। जिम्बाब्वे की दोनों बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाई। जिम्बाब्वे को ए पांचों रन अतिरिक्त के रूप में प्राप्त हुए। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो और बी बिजा की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने चिपो मुगेरी-तिरिपानो (19) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई कप्तान जे-नकोमो ने बी बिजा के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 17वें ओवर में अमेलिया केर ने जे-नकोमो (25) को आउट कर जिम्बाब्वे को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 110 रन ही बना सकी और 92 रनों से मुकाबला हार गई। बी बिजा ने 49 रनों की नाबाद पारी खेली। न्यूजीलैंड महिला टीम के लिए अमेलिया केर ने चार ओवरों में 14 रन देकर दो विकेट झटके। ब्री इलिग, जेस केर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए जॉर्जिया प्लिमर और इसाबेला गेज की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। छठे ओवर में न्याशा ग्वानजुरा ने जॉर्जिया प्लिमर को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। जॉर्जिया प्लिमर ने 20 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 32 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए निर्धारित 20 ओवरों में एक विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

### सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता उल्लंघन पर लगी फटकार



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सिदरा अमीन को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई है। सिदरा को आईसीसी आचार सहिता के लेवल 1 के आर्टिकल 2-2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो 'अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या वस्त्र, मैदान उपकरण या फिटिग का दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई। इसके अलावा, सिदरा के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनके लिए यह 24 महीने में दूसरी गलती थी, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई।यह घटना रविवार को ब्लोमफोंटेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की पारी के 24वें ओवर में हुई, जब आउट होने के बाद, सिदरा ने क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला जमीन पर

## द. अफ्रीका से हार भारत को जगाने वाली: शास्त्री



● **आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि हार की टाइमिंग टीम को जरूरी मैचों से पहले अप्रोच को फिर से देखने में मदद कर सकती है**

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 सुपर आठ स्टेज में दक्षिण अफ्रीका से भारत की 76 रन की हार डिफेंडिग चैंपियन के लिए वेक-अप कॉल साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें अपने कैंपेन को फिर से शुरू करने के लिए जरूरत थी। भारत की हार ने टूर्नामेंट के पिछले दो एडिशन में लगातार 12 जीत के शानदार सिलसिले को खत्म कर दिया।

आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि हार की टाइमिंग टीम को जरूरी मैचों से पहले अपने अप्रोच को फिर से देखने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि इतनी लंबी जीत के बाद एक दिन की छुट्टी तो होनी ही थी और यह झटका टीम मैनेजमेंट को टीम कंपोजिशन पर फिर से सोचने और कॉम्पिटिशन के अहम फेज में लापरवाही से बचने के लिए मजबूर कर सकता है। साउथ अफ्रीका ने डेविड मिलर और डेवाल्ड ब्रेविस के बीच मजबूत पार्टनरशिप की वजह से 20/3 से उबरकर 187/7 का स्कोर बनाया। जवाब में, अहमदाबाद की मुश्किल पिच पर भारत को संघर्ष करना पड़ा और टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। सिलेक्शन के फैसले भी जांच के दायरे में आए, खासकर वाइस-कैप्टन अक्षर पटेल से पहले वाशिगटन सुंदर को शामिल करने पर।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारत को मैच-अप पर ज्यादा जोर देने के बजाय अपनी बेस्ट ग्प उतारने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अक्षर पटेल और कुलद. ीप यादव पर विचार किया जाना चाहिए, और इस बात पर जोर दिया कि अच्छे गेंदबाज विरोधी टीम के बैटिंग कॉम्बिनेशन की परवाह किए बिना सफल हो सकते हैं। शास्त्री ने अक्षर पटेल को शामिल करने का भी समर्थन किया और भारत के बॉलिंग ऑप्शन को मजबूत करने के लिए एक अतिरिक्त स्पिनर खेलाने का समर्थन किया, खासकर स्पिन-फेंडली कंडीशन में। भारत का अगला मैच गुरुवार को चेन्नई में जिम्बाब्वे से होगा।

### 300 पैरा-एथलीट ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में लेंगे भाग

**नई दिल्ली, वार्ता।** आठ ऑयल एवं गैस सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) सहित ओएनजीसी के लगभग 300 पैरा-एथलीट 26 फरवरी 2026 से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होने वाले ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में भाग लेंगे। प्रतिभागी पीएसयू में बीपीसीएल, ईआईएल, गेल, एचपीसीएल, आईओसीएल, एमआरपीएल, ऑयल तथा ओएनजीसी शामिल हैं। प्रतिभागियों में विभिन्न संगठनों से पुरुष एवं महिला पैरा-एथलीट शामिल होंगे। इन खेलों में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी एवं व्हीलचेयर रेस जैसी विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। श्रवण एवं वाक दिव्यांगता, ऊपरी एवं निचले अंगों की दिव्यांगता, दृष्टिबाधिता (लो विजन एवं नो विजन) तथा व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं सहित विभिन्न दिव्यांगता श्रेणियों के खिलाड़ी इन खेलों में भाग लेंगे।

## अपराजित टीमों में होगी टक्कर

● **आज अहमदाबाद में विंडीज और दक्षिण अफ्रीका जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही है आमने-सामने**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दो ऐसी टीमों के बारे में कुछ बहुत ही दिलचस्प है जिन्होंने अभी तक हार का स्वाद नहीं चखा है, जब वे एक ही मैदान में उतरती हैं। यह माहौल को तेज करता है, मार्जिन को कम करता है और विचारों को साफ करने पर मजबूर करता है। गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका न सिर्फ जीत के रिकॉर्ड के साथ आ रही हैं, बल्कि उनकी पहचान भी इस बात से बनी है कि उन्होंने कैसे जीता है।

वेस्टइंडीज ने आजादी से खेला है। उनकी बैटिंग में कैरेबियाई क्रिकेट की अनोखी लय रही है - बड़ी, एक्सप्रेसिव और, कभी-कभी, जबरदस्त। जब शिमरोन हेटमायर ने पिछले मैच में 34 गेंदों में 85 रन बनाए, तो यह सिर्फ पावर के बारे में नहीं था। यह इरादे के बारे में था। यह शुरू में ही शर्तें तय करने और विरोधी टीम को रिएक्टिव क्रिकेट के लिए मजबूर करने के बारे में था। फिर भी जो चीज इस वेस्ट इंडीज टीम को खास तौर पर खतरनाक बनाती है, वह सिर्फ अंदाज नहीं है, बल्कि लेयरिंग है। शाई होप टॉप पर शांति देते हैं, रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच में रफ्तार लाते हैं, और अकील होसेन और गुडाकेश मोती की स्पिन जोड़ी जब खेल के बिगड़ने का खतरा होता है तो कंट्रोल देती है। उन्होंने बैलेंस बना लिया है, और टी20 क्रिकेट में, बैलेंस अक्सर शांत अंतर पैदा करता है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने थोड़ा अलग रास्ता अपनाया है। उनका कैंपेन स्ट्रक्चर और रोल की क्लैरिटी पर बना है। इसी वेन्यू पर इंडिया के खिलाफ, वे मेथडिकल थे। उन्होंने कंडीशन को समझा, प्रेशर झेला और फिर उसे लागू किया। उस गेम में डेविड मिलर की इनिंग्स पेसिग का एक सबक थी - यह जानना कि कब रुकना है और कब तेजी दिखानी है। बॉल के साथ, वे शायद एज बनाए रखते हैं। मार्को यानसन का एंगल और बाउंस, कगिसो रबाडा की इंटेंसिटी, और लुंगी एनगिडी के वेरिएशन उन्हें हर फेज में फ्लेक्सिबिलिटी देते हैं। वे शुरू में अटैक कर सकते हैं और फिर भी डेथ ओवर में कंट्रोल के साथ वापसी कर सकते हैं। यह अहमदाबाद जैसी सरफेस पर एक पावरफुल एसेट है, जहां चेज करने वाली टीमें अक्सर लाइट्स में ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करती हैं। इस मुकाबले को दिलचस्प बनाने वाली बात सिर्फ यह नहीं है कि दोनों टीमें हारी नहीं हैं। बल्कि यह है कि वे अलग-अलग तरीकों से हारी नहीं हैं। वेस्ट इंडीज ने मोमेंटम और अग्रेसन के साथ बढ़त बनाई है। साउथ अफ्रीका कैलकुलेशन और डिसिप्लिन के साथ आगे बढ़ा है। इतने लंबे टूर्नामेंट में, एक ऐसा पल आता है जब कहानी की परीक्षा होती है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कब रुकेंगे ट्रम्प

भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह अमेरिकी संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भाषण दिया। इस भाषण को स्टेट ऑफ द यूनियन स्पीच कहा जाता है। 1 घंटा 50 मिनट दिए अपने भाषण में ट्रम्प ने एक बार फिर भारत–पाक जंग रुकवाने का राग अलापा। जो लोग ट्रम्प के इस दावे को जानते हैं, उनके अनुसार ऐसा दावा वह सौ से अधिक बार कर चुके हैं। जहां तक बात भारत की है, भारत अभी भी यही कहता रहा है कि किसी तीसरे पक्ष का पाक के साथ संघर्ष विराम को लेकर कोई लेना–देना नहीं है, लेकिन ट्रम्प हैं जब कोई भी मौका हो यह दावा करने से नहीं चूकते कि उन्होंने दुनिया में कई जंगें रुकवाईं और विशेष रूप से वह भारत–पाक छिड़े संघर्ष का जिक्र करने से नहीं चूकते और अब तो वह खुलकर नाम लेकर यह भी कहते हैं कि उनकी इस पहल के चलते करीब 3.5 करोड़ लोग काल का ग्रास बनने से बच गए। उनकी नजर में यह युद्ध परमाणु युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया था और बहुत बड़ी तबाही ला सकता था। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी ट्रम्प की हां में हां मिलाते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन भारत दुविधा में है। सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प क्या दावा कर रहे हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि हम ट्रम्प के दावे को उस तरह नहीं नकार पा रहे हैं जिस तरह की भाषा ट्रम्प समझ सकते हैं। देश के अंदर तमाम विरोधी राजनीतिक दल पीएम मोदी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि वह ट्रम्प के इन दावों को कड़ी प्रतिक्रिया दें, लेकिन पीएम मोदी की तरफ से कभी ट्रम्प को लेकर कड़ा रुख देखने में नहीं आया। इससे संशय आज तक बना हुआ है कि आखिर वास्तविकता क्या है। पता नहीं यह स्थिति भारत की तरफ से कब साफ होगी, लेकिन इस तरह की बातों से देश की छवि जरूर प्रभावित होती है। यूं तो ट्रम्प अपने बड़बोलेपन के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उनकी बातों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया जा सकता, लेकिन साथ–साथ यह भी धारणा बनती है कि अमेरिका जैसे देश का शक्तिशाली राष्ट्रपति ऐसे ही हवा में अपनी बातों को नहीं कहेगा। इसलिए सच देश की जनता के सामने आना ही चाहिए, ताकि इस तरह की बातों पर विराम लग सके। भारत–पाक ही नहीं बल्कि वह तो सोमालिया, इजरायल, फलस्तीन, सीरिया जैसी जगहों पर भी जंग रुकवाने की बात करते हैं। वैसे देखा जाए तो जंग रुकवाना कोई बुरी बात नहीं है और यदि कोई भी इस तरह की बातों में अपना योगदान देता है, तो यह अच्छी ही बात है और इसमें किसी को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए, लेकिन बात तब बिगड़ जाती है जब किसी दावे के पीछे अपना अच्छा काम बताना मकसद न होकर राजनीतिक एजेंडा सामने रखना हो, जोकि डोनाल्ड ट्रम्प के कथन में देखा जाता है। ट्रम्प को भी समझना होगा कि इस तरह की बातों से द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव पड़ता है, जो न अमेरिका के हित में है और न ही भारत के।

## दीपक जैसे युवा साहस की राह दिखाते हैं



नफरत फैलाने वालों से डरने की बजाय सद्भाव का माहौल कायम रखते हुए साहस दिखाकर देशभक्ति का परिचय देना चाहिए, सद्भाव तथा मोहब्बत की विचारधारा असंख्य देशवा. सियों में है, लेकिन मन में भय होता है और दीपक जैसे युवा उन्हें साहस की राह दिखाते हैं, समाज में जो नफरत फैलाते हैं, उनसे डरना नहीं चाहिए, बल्कि साहस से खड़ा होने की जरूरत है, यही सबसे बड़ी देशभक्ति है, करोड़ों भारतीयों के दिलों में सद्भाव और मोहब्बत की विचारधारा है, मगर मन में भय भी है, मोहम्मद दीपक ने उन सभी को अपने साहस से राह दिखाई है, जो लोग नफरत फैलाकर समाज को डराने की कोशिश करते हैं, वो दरअसल कायर होते हैं, उनसे कभी भी डरो मत।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# भारत के विमानन क्षेत्र को सुरक्षित कैसे बनाया जाए



रजनीश कपूर



हाल ही में निजी चार्टर विमानन कंपनियों से जुड़ी विमान दुर्घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। महाराष्ट्र के बरा. मती में 28 जनवरी 2026 को एक निजी चार्टर कंपनी के लीअरजेट क्रैश में पांच लोगों की मौत, जिसमें उप–मुख्यमंत्री अजित पवार शामिल थे, ने निजी चार्टर क्षेत्र की कमियों को उजागर कर दिया है। इसी तरह कुछ दिन पहले झारखंड में एयर एम्बुलेंस क्रैश और अंडमान में हेलीकॉप्टर हादसे ने भी कई सवाल खड़े किए हैं कि आखिर नॉन–स्केडड्यूल्ड ऑपरेटर्स परमिट NSOP धारक कंपनियां सुरक्षा मानकों की अनदेखी क्यों कर रही हैं?

जहां एक ओर भारत में निजी चार्टर विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, वहीं इस क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं हो रहा। डीजीसीए की ऑडिट में पाया गया कि एक निजी चार्टर कंपनी में एयरवर्थिनेस, फ्लाइट ऑपरेशंस और मेंटेनेंस में गंभीर उल्लंघन थे, जिसके चलते चार विमान ग्राउंड कर दिए गए। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में 20 से अधिक दुर्घटनाएं NSOP ऑपरेटर्स से जुड़ी पाई गईं, जिनकी मुख्य वजहें स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स का पालन न करना, अपर्याप्त फ्लाइट प्लानिंग और ट्रेनिंग की कमी रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्राइवेट चार्टर कंपनियों द्वारा पुराने विमानों का रखरखाव न करना, फ्यूल लॉग्स में हेरफेर और अनधिकृत उड़ानें आम हैं। जाहिर सी बात है कि ऐसी खामियां व्यावसायिक दबाव के कारण ही होती हैं। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन ICAO संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो 193 देशों को आपसी सहयोग और साझा हवाई परिवहन के माध्यम से पारस्परिक लाभ प्राप्त करने में मदद करती है। भारत में भी निजी चार्टर कंपनियां ICAO और डीजीसीए दिशानिर्देशों पर आधारित हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि इनका पूर्ण अनुपालन नहीं होता। क्योंकि इस क्षेत्र में काफी विविधता है, कॉर्पोरेट ट्रैवल से लेकर पर्यटन तक। ऑपरेटर्स न्यूनतम अनुपालन पर ही टिके रहते हैं, जबकि इन कंपनियों से भी शेड्यूल्ड एयरलाइंस जैसे उच्च मानक अपेक्षित हैं। सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टमप्रक्रियागत है, न कि भविष्यवाणी करने वाला, परंतु देखा गया है कि डीजीसीए की कमजोर निगरानी के कारण निजी चार्टर ऑपरेटर्स स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स को बड़े आराम से नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर घने कोहरे या खराब मौसम में। जानकारों की मानें तो डीजीसीए में बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार सुरक्षा मानदंडों को कमजोर कर रहा है। हाल ही में कैप्टन अनिल गिल जैसे वरिष्ठ अधिकारी पर उड़ान प्रशिक्षण संगठनों FTOs से रिश्वत लेने के आरोप लगे, जिसमें विमान सस्ते में लेना और ऑडिट में छूट देना शामिल था। पुराने मामलों में भी जॉइंट डायरेक्टर जनरल के पदों पर तैनात अधिकारियों पर फ्लाइंग स्कूलों को अनियमित एक्सटेंशन देने के आरोप सिद्ध हुए। यह भ्रष्टाचार सुरक्षा उल्लंघनों को बढ़ावा देता है, क्योंकि ऑपरेटर्स रिश्वत देकर मानक टाल देते हैं। जिससे विमान यात्रा और यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है। विदेशों की तरह भारत में भी निजी चार्टर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनानी होगी। हाल ही के हादसों के बाद डीजीसीए ने कमर कसी और NSOP ऑपरेटर्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। जैसे कि वेबसाइट पर विमान, पायलट डिटेल्स और सेफ्टी रैंकिंग अनिवार्य करनाय कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डर/फ्लाइट डेटा का ऑडिट बढ़ानाय पायलटों को सुरक्षा आधार पर फ्लाइट कैंसल करने का पूर्ण अधिकार देना। पुराने विमानों पर सख्त जांच करना, मैनेजमेंट की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और लाइसेंस सस्पेंशन जैसे कदम उठाना। मानकीकृत नियमों को एयरलाइंस स्तर का बनाना, फ्लाइट डेटा मॉनिटरिंग अनिवार्य करना। यह 'कड़े' नियम यदि सख्ती से लागू किए जाएं तो शायद ही कोई निजी चार्टर कंपनी इस क्षेत्र में बनी रह पाएगी। यहां पर एक अहम सवाल यह भी उठता है कि क्या डीजीसीए के पास इन नियमों को लागू करवाने के लिए योग्य और अनुभवी विशेषज्ञ हैं? इसका उत्तर है 'नहीं'। कल्पना कीजिए कि यदि किसी विमान हादसे या विमान कंपनी द्वारा की जी अनियमितता की जांच डीजीसीए का कोई ऐसा अधिकारी करे जिसे प्रशासन चलाने का अनुभव तो हो परंतु एविएशन उद्योग का अनुभव न के बराबर हो। जो व्यक्ति किसी अन्य मंत्रालय से स्थानांतरण हो कर आया हो वो इस संवेदनशील क्षेत्र के बारे में क्या ही जानता होगा? नतीजतन योग्यता के ऊपर भ्रष्टाचार हावी हो जाएगा। इसलिए सरकार को इस बात पर विचार करना चाहिए कि डीजीसीए को स्वायत्त भर्ती अधिकार दिए जाएं। विशेषज्ञों के लिए बाजार–आधारित वेतन और ट्रेनिंग प्रदान की जाए। भ्रष्टाचार रोकने के लिए सीबीआई जैसी एजेंसियों से सतत जांच और व्हिसलब्लोअर की सुरक्षा सुनिश्चित करें।भारत का विमानन क्षेत्र दुनिया का सबसे तेज बढ़ने वाला क्षेत्र है, लेकिन अभी भी निजी चार्टर में सुरक्षा की लापरवाही घातक साबित हो रही है। सरकार, डीजीसीए और ऑपरेटर्स मिलकर सुधार करें तो ही यात्रियों का भरोसा बहाल हो सकेगा। भ्रष्टाचार मुक्त, विशेषज्ञों से लैस डीजीसीए और कड़े अनुपालन से नागरिक उड्डयन क्षेत्र सुरक्षित बनेगा। समय रहते कदम उठाएं, वरना और हादसे होंगे और पूरी दुनिया के आगे भारत शर्मसार होता रहेगा।

गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन डीजीसीए में 50 प्रतिशत से अधिक स्टाफ की कमी है। डीजीसीए में 1630 पदों पर केवल 829 ही भरे हैं। इनमें एयरवर्थिनेस विंग में 44 और एयर सेफ्टी विंग में 30 वैकेंसी हैं। इन सबका कारण स्पष्ट है, स्वायत्तता की कमी, जो निर्णय लेने में देरी करती है। वहीं संघ लोक सेवा आयोग व स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा भर्ती में देरी, आकर्षक वेतन का न होना और विशेषज्ञ पायलट/इंस्पेक्टर्स का न मिलना भी एक अहम कारण है। दूसरी ओर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ पर निर्भरता जवाबदेही को घटाती है, जिससे निगरानी कमजोर पड़ती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राजमाची किले में समाया है अपना अनूठा इतिहास

**राजमाची के आस–पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं।**



राजमाची, महाराष्ट्र के लोनावला क्षेत्र में स्थित एक प्रसिद्ध किला है। यह किला समुद्र तल से लगभग 2,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और यहां से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है। राजमाची किला न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यह साहसिकता प्रेमियों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

राजमाची का किला भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में बनाया गया था और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। किले के भीतर कई प्राचीन मंदिर और संरचनाएं हैं, जो उस समय की स्थापत्य कला को दर्शाती हैं। यहां की दीवारें और दरवाजे आज भी अपने ऐतिहासिक महत्व को जीवित रखते हैं।

**प्राकृतिक सौंदर्य**

राजमाची के आस–पास का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक है। यहां की हरियाली, पहाड़ियां और आसपास की नदियां इस स्थान को और भी खूबसूरत बनाती हैं। खासकर मानसून के दौरान, जब यहां की घाटियां हरियाली से भर जाती हैं, तो यह .श्य देखने लायक होता है। राजमाची से आपको आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों और वन्यजीवों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है।

**साहसिक गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**– राजमाची ट्रेकिंग के लिए एक लोकप्रिय स्थान है। यहां के ट्रेक मार्ग प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए हैं और यह अनुभवियों के लिए एक चुनौती प्रस्तुत करते हैं। ट्रेकिंग करते समय आप ठंडी हवा और हरे–भरे वातावरण का आनंद ले सकते हैं।

**कैंपिंग**– किले के पास कैंपिंग करने का अनुभव भी बहुत रोमांचक है। यहां आप रात में तारे देख सकते हैं और प्राकृतिक वातावरण में रात बिताने का मजा ले सकते हैं।

**बोटिंग**– राजमाची के नजदीक स्थित भोर घाटी में बोटिंग का आनंद भी लिया जा सकता है, जो एक अलग अनुभव प्रदान करता है।

**यात्रा का सबसे अच्छा समय**

राजमाची जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च के बीच है। इस दौरान मौसम ठंडा और च्समेंदज रहता है। मानसून में भी यहां का .श्य अद्भुत होता है, लेकिन ट्रैकिंग के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। राजमाची एक ऐसा स्थल है जो साहसिकता और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक महत्व, और रोमांचक गति. विधियां इसे एक अनोखा पर्यटन स्थल बनाती हैं। अगर आप प्रकृति के साथ–साथ इतिहास का आनंद लेना चाहते हैं, तो राजमाची आपकी यात्रा सूची में अवश्य होना चाहिए। यहां का अनुभव आपको हमेशा याद रहेगा। **...साभार प्रभा**

# नफरत के सौदागरों को शांतिप्रिय जनता का जवाब

निर्मल रानी



देश में धर्म व जाति के नाम पर नफरत परोसने का जो एक नियोजित षड्यंत्र रचा गया है और नाकारे नेताओं,सत्ता व मीडिया द्वारा देश को नफरत की आग में झोकने का जो दुष्प्रयास किया जा रहा है,ऐसा लगता है कि इन निखट्टुओं के साम्प्रदायिक एजेंडों को अब तक तमाशाई बनकर देखते रहने व इन पर चुप रहने वाली जनता अब इनकी नफरत का जवाब प्रेम,सद्भाव व भाईचारे से देने लगी है। पिछले कुछ ही दिनों में देश के अलग अलग राज्यों से ऐसे कई समाचार आए जिनसे यह पता चलता है कि देश के अमन पसंद लोग अब मूक दर्शक बनकर साम्प्रदायिक वैमनस्य को बढ़ता हुआ देखने के बजाए प्यार और मुहब्बत की मशाल जलाकर नफरत के स्याह अंधेरे को भागने की कोशिश करने लगे हैं। पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी। कंबल बांटते समय उन्होंने भीड़ में बैठी एक महिला से उसका नाम पूछा, जब गरीब बुजुर्ग महिला ने अपना नाम शकूरन बानो बताया तो यह नाम सुनकर जौनपुरिया ने बड़े ही नफरती अंदाज से कहा–हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दे और बाद में उन्होंने अपने सहयोगी को कहा इसे कंबल मत दे। साथ ही वे यह भी बोले, जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल लेने का हक नहीं। जौनपुरिया की इस अभद्र भाषा का वीडिओ वायरल होने के बाद इस इलाके में जौनपुरिया का विरोध होना शुरू हो गया। यह विरोध इस हद तक हुआ कि गांव के जिन हिन्दू परिवारों को कंबल मिला था उन्होंने भी मुस्लिम महिलाओं के साथ एकजुटता दिखाने हेतु अपने अपने कंबल वापस कर दिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो इसी गांव में मुस्लिम महिलाओं को कंबल बांटे और गांव वालों ने उस नफरती पूर्व सांसद का पुतला भी फूंका। नफरत का जवाब मोहब्बत से देने हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा 24 फरवरी को टोंक में सभी धर्मों की महिलाओं को समान रूप से कंबल बांटे जाने की भी खबर आई।

नफरत के बदले प्यार और मुहब्बत बांटने का ऐसा ही एक अन्य उदाहरण गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय में भी देखने को मिला। पवित्र रमजान माह के दौरान विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक लाल बारादरी परिसर में मौजूद पुरानी मस्जिद के गेट को विश्वविद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा कारण बता कर सील कर दिया और इस जगह भारी बैरिकेडिंग लगा दी। इसी मुगल कालीन मस्जिद में दशकों से लखनऊ विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्र नमाज अदा करते आ रहे हैं। प्रशासन ने इसे पुरानी इमारत बताकर व सुरक्षा के जोखिम का हवाला देकर इसे अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया। इसके बाद जब मुस्लिम छात्रों को नमाज अदा करने हेतु मस्जिद के अंदर जाने से रोका गया, तो उन्होंने मजबूरीवश मस्जिद के बाहर खुले स्थान पर ही नमाज अदा की। इस दौरान विश्वविद्यालय के हिंदू छात्रों द्वारा मानव श्रंखला बनाई गई। छात्रों ने एक दूसरे का हाथ पकड़कर गंगा–जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश की। हिंदू छात्र नमाज पढ़ रहे अपने मुस्लिम साथियों के चारों ओर सुरक्षा कवच बनकर इसलिए खड़े हो गए ताकि कोई नमाज में व्यवधान उत्पन्न न कर सके और नमाज शांति तरीके से पूरी हो सके। इतना ही नहीं बल्कि साम्प्रदायिक शक्तियों के विरुद्ध इन्हीं हिन्दू छात्रों ने प्रदर्शन किया तथा हिन्दू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया।

पिछले दिनों राजस्थान के टोंक जिले से ऐसी ही एक खबर आई। यहां निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव के एक मंदिर परिसर में गत 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के एक पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व सांसद जौनपुरिया लोगों को 28 फरवरी को अजमेर आने के लिए आमंत्रित कर रहे थे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर दौरे पर रहेंगे तथा एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के इसी दौरे को सफल बनाने के लिए राजस्थान सरकार, प्रशासन और भाजपा संगठन पूरी तरह जुटा हुआ है। इसी उद्देश्य से राज्य भर में तरह तरह के छोटे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। टोंक जिले के निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम भी इसी कड़ी का हिस्सा था परन्तु नफरती संगठन में राजनीति करने वाले पूर्व सांसद जौनपुरिया द्वारा इसी कार्यक्रम में नफरत की वह भाषा बोली गई जिसने इस इलाके में पूर्व सांसद की ही फजीहत करवा दी।

दरअसल साम्प्रदायिक शक्तियों को खदेड़ने की शुरुआत उत्तराखंड के कोटद्वार से गत 26 जनवरी को उस समय शुरू हुई जबकि बजरंग दल के सदस्यों ने वकील अहमद नाम के एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मुस्लिम की बाबा स्कूल ड्रेस नाम की दुकान के नाम को लेकर विवाद खड़ा किया। बजरंग दल के लोग दुकान का नाम बदलने की धमकी दे रहे थे। उनका कहना था कि श्बाबा स्कूल ड्रेसश का नाम स्थानीय हनुमान मंदिर सिद्धबली बाबा से मिलता–जुलता था। इसी विवाद के बीच दीपक कुमार कश्यप अपने दोस्त विजय रावत के साथ वहां जा पहुंचे। दीपक उत्तराखंड कोटद्वार में ही एक जिम ट्रेनर हैं। वे यहां अपना जिम चलाते हैं तथा युवक युवतियों को बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस की ट्रेनिंग देते हैं। दीपक ने ही उन्मादी भीड़ से बुजुर्ग मुस्लिम का बीच–बचाव करते हुए अपना नाम श्मोहम्मद दीपकश बताया और साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का संदेश दिया। हालांकि इसके बाद दीपक को मुकदमे से लेकर अपनी जिम की सदस्यता घटने तक के हालात का सामना करना पड़ा। उन्हें बजरंग दल समर्थकों से धमकियां मिलीं व उनके विरुद्ध विरोध प्रदर्शन भी हुए। परन्तु उनका यही कहना था कि ष्मैं हिंदू नहीं, मुसलमान नहीं, सिख नहीं, ईसाई नहींकृसबसे पहले इंसान हूं। मरने के बाद भगवान और इंसानियत को जवाब दूंगा। यहां तक कि पुलिस ने दीपक के विरुद्ध सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में प्राथमिकी भी दर्ज की परन्तु दीपक की हिम्मत व उनके बुलंद हौसले ने उन्हें पूरे देश व दुनिया में साम्प्रदायिक सद्भाव के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में शो. हरत दिला दी। राहुल गांधी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने मुहम्मद दीपक व उनके साथी विजय रावत से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। और इसी कोटद्वार की घटना के बाद देश में कई स्थानों से ऐसी खबरें सुनाई दे रही हैं जहां प्रेम व सद्भाव की बातें करने वालों के द्वारा नफरती चिंटुओं को खदेड़ा जा रहा है और शांतिप्रिय जनता द्वारा नफरत के सौदागरों के नफरती एजेंडे का जवाब प्रेम, सद्भाव व भाईचारे से दिया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गुवाहाटी। होली के त्योहार से पहले पानी की बंदूकें और अन्य सामान बेचता दुकानदार।

## अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की ने की पुष्टि

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अमेरिकी दूतों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रूस के साथ होने वाली एक और त्रिपक्षीय वार्ता से पहले होगी। जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

# भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

## कहा: चीन भारत के जरिये भेज रहा सस्ते प्रोडक्ट, लाओस व इंडोनेशिया पर भी लगा टैक्स



■ भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126 प्रतिशत की शुरुआती डयूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81 प्रतिशत से 143 प्रतिशत तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है।

जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थाई हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126 प्रतिशत डयूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब काम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर माडयूल आयात का 57 प्रतिशत हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डालर (करीब 7200 करोड़ रुपये) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। अमेरिकी सोलर मैन्युफैक्चरर्स का आरोप है कि चीनी कंपनियां अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए भारत, इंडोनेशिया और लाओस जैसे देशों के रास्ते अपना माल भेज रही हैं। पहले चीन ने वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड का इस्तेमाल किया था, लेकिन जब वहां सख्ती हुई तो उन्होंने भारत और अन्य एशियाई देशों में प्रोडक्शन शिफ्ट कर दिया। सिटीग्रुप इंक के एनालिस्ट विक्रम बागरी का कहना है कि इतनी ऊंचे टैरिफ लगने के बाद अमेरिकी बाजार अब भारतीय सोलर मैन्युफैक्चरर्स के लिए लगभग बंद हो जाएगा। अमेरिकी सोलर ग्रुप 'अलायंस फार अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड' ने वाणिज्य विभाग से सब्सिडी की जांच करने की अपील की थी। ग्रुप का कहना था कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग को बचाने के लिए यह जांच जरूरी है। उन्होंने अब टैरिफ के इस फैसले का स्वागत किया है। अलायंस के मुख्य वकील टिम ब्राइटबिल ने कहा कि आज का फैसला अमेरिकी सोलर मार्केट में निष्पक्ष काम्पिटिशन को फिर से बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने ये भीकहा कि अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स देश की क्षमता बढ़ाने और अच्छी नौकरियां पैदा करने के लिए अरबों डालर का निवेश कर रहे हैं। अगर गलत तरीके से आयात किए गए माल को मार्केट बिगाड़ने की अनुमति दी गई, तो यह निवेश कभी सफल नहीं हो पाएगा। अमेरिकी कामर्स डिपार्टमेंट सोलर सेल पर एंटी-डंपिंग डयूटी की भी जांच कर रहा है। आरोप है कि भारत, इंडोनेशिया और लाओस की कंपनियां अमेरिका में अपने माल को लागत से भी कम कीमत पर बेच रही हैं।

# ट्रम्प 100वीं बार बोले: भारत-पाक जंग रुकवाई

## दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी, भारत दावे को हमेशा खारिज करता रहा



■ कहा: गाजा सीजफायर बड़ी जीत, वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

अपने भाषण में ट्रम्प ने इजरायल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसम्बर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया। ट्रम्प का भाषण खत्म होने पर रिपब्लिकन सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाई। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेटिक सांसद अपनी जगहों पर बैठे रहे। ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। ट्रम्प ने गाजा में इजरायल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजरायली बंधक रिहा हो गए। ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है। ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही। ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया। ट्रम्प के भाषण के दौरान डेमोक्रेटिक सांसद अल ग्रीन हाउस चैंबर से बाहर कर दिए गए। ग्रीन ने एक पोस्टर उठा रखा था, जिस पर लिखा था- ब्लैक पीपल आर नाट एप्स! (काले लोग बंदर नहीं होते हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने जेफ्री एपस्टीन की पीड़ितों को राष्ट्रपति ट्रम्प के स्टेट ऑफ द यूनियन के भाषण में बुलाया। हालांकि, ट्रम्प ने एपस्टीन फाइल का एक बार भी जिक्र नहीं किया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने विरोध जताने वाले अलग तरह के कपड़े या बैज पहने। मर्सी कैप्टर ने 'फाइलें जारी करो' लिखा हुआ एक पिन पहना था, जो जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा है। सोमाली-अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर ने चिल्लाते हुए कहा कि ट्रम्प, आपने अमेरिकियों को मार डाला है! ट्रम्प ने इसपर पलटवार करते हुए कहा कि आपको खुद पर शर्म आनी चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प के सभी बच्चे उनके भाषण के दौरान गैलरी में मौजूद रहे। उनके साथ अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी दिखी।

## ईरान का पलटवार: ट्रम्प के दावों को किया खारिज

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल शक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाये गये थे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने वाशिंगटन के बयानों को 'एक के बाद एक बोला गया झूठ' करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिक्रिया देते हुए बघाई ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइलों और हालिया नागरिक अशांति में हताहतों की संख्या को लेकर अमेरिका जो कुछ भी कह रहा है, वह पूरी तरह मनगढ़ंत और 'बड़े झूठ' का दोहराव है। उन्होंने अमेरिका पर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। इससे पहले ट्रंप ने कांग्रेस (संसद) में दिए एक भाषण में दोहराया कि वह ईरान के मुद्दे पर 'सभी विकल्प' खुले रख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कूटनीति विफल रहती है, तो वह 'सीमित युद्ध' से भी पीछे नहीं हटेंगे। ट्रंप ने कहा कि हमारी नीति का मुख्य स्तंभ यह है कि हम ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## आवामी लीग के नेताओं की जमानत पर वकीलों ने की बदसलूकी

**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट एस.एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए। कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है।

## आतंकी संगठन जैश चैटजीपीटी क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

■ जैश-लश्कर ने मदरसों में एआई इस्तेमाल के विरुद्ध फतवा जारी किया
■ कहा: इस्लाम की उदारवादी व्याख्या पसंद नहीं, छात्र मौलवियों से ही सवाल पूछें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे।

जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है, जो कुरान अथवा हदीस के अनुरूप नहीं होती है। जबकि एआई टूल्स अपने डेटाबेस के इनपुट से सही व्याख्या कर छात्रों को बता रहा है। जैश और लश्कर ने अपने नए आदेश में छात्रों को कहा है कि वे मौलवियों से क्लास में धर्म से जुड़े सवाल व्यक्तिगत रूप से पूछें। मोबाइल पर एआई टूल्स का उपयोग नहीं किया जाए। पाक में एलीमेंटरी एजुकेशन काफी हद तक मदरसों पर आधारित हैं। देवबंदी सिलसिले से जुड़े जैश-लश्कर के ये मदरसे इससे जुड़ी मस्जिदों से मिलने वाले फंड से संचालित होते हैं। पाक में मदरसा बोर्ड और वक्फ बोर्ड भी है, पर इनकी असल कमान खुफिया एजेंसी आईएसआई के पास होती है। मदरसों में ब्रेनवाश कुछ छात्र आईएसआई के लिए भारत के खिलाफ आतंकी करतूतों के लिए रंगरूट साबित होते हैं। पीओके के मुज्जफराबाद और नीलम घाटी से जैश इन छात्रों को भारत में लान्च करती है। सऊदी अरब सहित खाड़ी के अन्य इस्लामी देशों में इस्लामी यूनिवर्सिटीज-कालेज में धार्मिक तालीम के लिए अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल किया जाता है। ये साफ्टवेयर इन देशों ने अपने स्तर पर विकसित किए हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमले में तबाह हुए जैश के बहावलपुर मुख्यालय के मदरसे में जनवरी में मरम्मत पूरी होने के बाद छात्र लौट आए हैं। यहां पर नियमित कक्षाएं शुरू हो गई हैं। पाक सरकार और आर्मी ने फंड जारी किया था। सूत्रों के अनुसार जैश का सरगना मौलाना मसूद अजहर इन दिनों रावलपिंडी के आईएसआई सेफ हाउस से निकलकर बहावलपुर मदरसे में रह रहा है।

## जापान की संसद मे एआई इंजीनियर की एंट्री



■ टी-शर्ट व पोनीटेल वाले नेता चर्चा के दौरान, कहते हैं राजनीति से सुस्ती दूर कर देंगे

**टोक्यो।** हाल के चुनावों में सबको चौंकाते हुए जापान की संसद (निचले सदन) में पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। पार्टी ने राजनीतिक दिग्गजों को पछाड़कर 30 लाख वोट भी अपने खाते में बटोरे हैं, जबकि सिर्फ 14 ही प्रत्याशी उतारे थे। एनो कहते हैं, एआई आग की तरह है, जो सभ्यता को पूरी तरह बदल देगा।

जहां पश्चिमी देश इस एआई को 'टर्मिनेटर' जैसा खतरनाक मानकर डरते हैं, वहीं जापान के लोग इसे 'डोरेमोन' जैसा मददगार और प्यारा दोस्त समझते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि टीम मिराई की जीत की वजह उनका 'प्रैक्टिकल' होना है। उनका तरीका 'न वामपंथी है, न दक्षिणपंथी'। जापान फोरसाइट के संस्थापक टोबियस हैरिस के अनुसार, वे सिर्फ समस्याओं को हल करने पर ध्यान देते हैं। उन्होंने लोकलुभावन वादों के बजाय जटिल मुद्दों को सुलझाने की बात की। 40 से 50 की उम्र के शहरी मतदाताओं ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। जीते उम्मीदवारों में टोक्यो और बर्कले जैसे बड़े संस्थानों के पढ़े एक्सपर्ट और आईबीएम- सोनी के पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। सिलिकान वैली में इंजीनियर रहे नवनिर्वाचित सांसद आओई फुरुकावा, कहते हैं,'कोडिंग और कानून बनाना एक जैसा है, क्योंकि दोनों के लिए तर्क और सटीक संरचना की जरूरत होती है।' टीम मिराई की कार्यशैली की झलक वादों में भी दिखी। इन्होंने चुनाव जीतने के हाई-टेक समाधानों पर जोर दिया। ड्राइवरलेस बसें लाना, राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता के लिए डिजिटल डेटाबेस बनाना, ताकि भ्रष्टाचार रुके। एआई के जरिए सरकारी खर्चों में कमी करके मध्यम वर्ग को पेंशन व स्वास्थ्य बीमा में राहत जैसे वादे किए। पार्टी ने प्रस्ताव समझाने के लिए चैटबाट भी शुरू किया। इसने 39 हजार सवालों के जवाब दिए और 6200 से ज्यादा सुझाव जुटाए। संसद तक तो इंजीनियर्स पहुंच गए, लेकिन असली जंग अब शुरू हुई है।

# नार्वे के पूर्व पीएम ने आत्महत्या की कोशिश की

■ यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है
■ जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है



**ओस्लो।** नार्वे के पूर्व प्रधानमंत्री थोरब्योर्न जगलैंड को कथित तौर पर आत्महत्या की कोशिश के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना पिछले हफ्ते हुई। कुछ खबरों में दावा किया गया कि नार्वेजियन एडिटर्स एसोसिएशन ने उनके वकील के साथ मिलकर इस मामले को सार्वजनिक न करने पर सहमति जताई थी। हालांकि कुछ मीडिया प्लेटफार्मस पर उनकी गंभीर हालत का हवाला देते हुए यह खबर सामने आई।

यह पूरा मामला यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर चल रही जांच से जुड़ा है। जगलैंड पर 'एग्रेवेटेड करप्शन' यानी गंभीर भ्रष्टाचार का भी आरोप है, जिसमें अधिकतम 10 साल की जेल हो सकती है। उनके वकील की फर्म एल्डेन ला फर्म ने सीएनएन को पुष्टि की कि उन पर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप तय हुआ है, लेकिन उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। नार्वे की आर्थिक अपराध जांच एजेंसी 'ओकोक्रिम' इस मामले की जांच कर रही है। एजेंसी के डायरेक्टर पाल लोनसेथ ने कहा कि उनके खिलाफ जांच की मजबूत वजह मिली है। जांच के तहत ओस्लो स्थित उनके घर और दो अन्य प्रापर्टी की तलाशी ली गई। एजेंसी ने यह भी कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उन्हें अपने पद के दौरान गिफ्ट, यात्राएं, कर्ज या अन्य फायदे मिले थे। तलाशी के बाद उन्हें औपचारिक रूप से संदिग्ध का दर्जा दे दिया गया है और अब उनसे पूछताछ की जाएगी। जगलैंड 1996-1997 के बीच नार्वे के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा वे विदेश मंत्री, नार्वेजियन नोबेल कमेटी के चेयरमैन (2009-2015) और यूरोप की मानवाधिकार संस्था काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव (2009-2019) भी रह चुके हैं। जगलैंड ने कहा है कि एपस्टीन से उनके संबंध 'गलत फैसला' या 'खराब समझ' का नतीजा थे, लेकिन उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और चाहते हैं कि सच्चाई पूरी तरह सामने आए। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से 30 जनवरी को जारी दस्तावेजों से पता चला कि जगलैंड और उनका परिवार कई बार एपस्टीन की पेरिस, न्यूयार्क और पाम बीच वाली प्रापर्टी पर गए थे। यह भी सामने आया कि एपस्टीन ने उनसे बड़े नेताओं, जैसे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कराने में मदद मांगी थी। साथ ही उसने कुछ अपने कारोबारी और वित्तीय प्लान आगे बढ़ाने के लिए भी मदद चाहता था। दस्तावेजों में जगलैंड को 'नोबेल बिग शाट' कहा गया। इसमें यह भी लिखा था कि दोनों के रिश्ते ऐसे थे जिनमें एक तरफ जगलैंड का रसूख और पहचान काम आ रही थी, तो दूसरी तरफ एपस्टीन उन्हें लग्जरी ट्रिप, तोहफे और दूसरी सुविधाएं दे रहा था। हालांकि जांच एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि जगलैंड का नाम एपस्टीन के यौन अपराधों से नहीं जुड़ा है। जांच सिर्फ इस बात पर हो रही है कि क्या उन्हें अपने पद का इस्तेमाल करके कोई गलत फायदा मिला। यह जांच उस समय से जुड़ी है जब जगलैंड 2009 से 2015 तक नार्वेजियन नोबेल कमेटी के अध्यक्ष थे और 2009 से 2019 तक काउंसिल ऑफ यूरोप के महासचिव रहे।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

## 5 लाख घरों की बिजली गुल, 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका



■ भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5600 से 5700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत था।

यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और आफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयार्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लान्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मारा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयार्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है। तूफान का असर सिर्फ सड़कों और हवाई सेवाओं तक सीमित नहीं रहा। न्यूयार्क और बोस्टन के बीच ट्रेन सेवा सोमवार रात तक सस्पेंड रही। थिएटर ब्राडवे के सभी शो रविवार शाम रद्द कर दिए गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि यह पिछले लगभग एक दशक का सबसे शक्तिशाली नारईस्टर तूफान है। कई इलाकों में प्रति घंटे 2 से 3 इंच तक बर्फ गिरने की चेतावनी दी गई है और हवा की रफ्तार कुछ जगह 110 मील प्रति घंटे तक पहुंच गई। नारईस्टर एक तरह का तेज तूफान होता है जो अमेरिका के पूर्वी तट पर आता है।

## ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर

**मिनास गेरैस।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू आपरेशन जारी है। राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने जुइज दे फोरा में 'स्टेट ऑफ कैलैमिटी' घोषित कर मानवीय सहायता और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार की पूरी मदद का भरोसा दिया है। सिर्फ जुइज दे फोरा में करीब 440 लोग बेघर हो गए हैं। प्रशासन ने अस्थाई शेल्टर बनाए हैं और राहत सामग्री के लिए अपील की है।

## शोधकर्ताओं ने मूंगफली के छिलकों से बनाया ग्राफीन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने मूंगफली के फेंके गए छिलकों को ग्राफीन में बदलने का एक तरीका विकसित किया है। ग्राफीन इलेक्ट्रॉनिक्स और ऊर्जा उपकरणों के लिए एक मूल्यवान घटक है। ऑस्ट्रेलिया के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इस विकास से सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स और उर्जा भंडारण के लिए नए रास्ते खुलेंगे। मूंगफली के छिलकों से बना ग्राफीन बैटरी, सौर पैनल, टच स्क्रीन, लचीले इलेक्ट्रॉनिक्स और सुपर-फास्ट ट्रांजिस्टर के लिए उपयोग किया जा सकेगा। शोध दल ने पाया कि लिग्निन की उपस्थिति के कारण मूंगफली के छिलकों को उच्च तापमान पर ग्राफीन में बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि लिग्निन पौधों में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला पॉलिमर है, जिसमें प्रचुर मात्रा में कार्बन पाया जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग जर्नल एडवांस में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस दो चरणों वाली विधि में छिलकों को लगभग 500 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया जाता है, फिर मिलीसेकंड के लिए लगभग 3000 डिग्री पर उन्हें गर्म किया जाता है, जो रसायनों के बिना कार्बन परमाणुओं को एक परत वाले में पुनर्गठित कर देता है।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108